


वर्ष : 12 | अंक : 203 | पटना, गुरुवार, 07 नवंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# महापर्व छठ : खरना के साथ 36 घंटे का उपवास शुरू, पहला अर्घ्य आज





पटना। लोक आस्था का चारदिवसीय छठ महापर्व के दूसरे दिन वर्तियों ने गंगा सहित विभिन्न जलाशयों में स्नान करने के बाद भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर महाव्रत का संकल्प लिया। साथ ही विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया। इसके बाद शाम को खरना का प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला व्रत का आरंभ हो गया। बताते चलें कि महापर्व के दूसरे दिन बुधवार को अहले सुबह से ही गंगा नदी सहित विभिन्न जलाशयों में स्नान के लिए वर्तियों व श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। करीब दोपहर दो बजे तक यह सिलसिला जारी रहा। इसके बाद घर पहुंचकर वर्ती खरना के प्रसाद बनाने में जुट गई। इस दिन मिट्टी के चूल्हे पर दूध, चावल व गुड़ की खीर बनाई जाती है। इसके लिए पीतल के बर्तन का प्रयोग किया जाता है। यह खीर बहुत ही शुद्धता और पवित्रता के साथ बनाई जाती है इसलिए मिट्टी के चूल्हे का प्रयोग किया जाता है। खीर के अलावा गुड़ की अन्य मिठाई, ठेकुआ और चावल के लड्डू आदि भी बनाए जाते हैं। इसके बाद शाम को वर्ती छठी मइया का ध्यान रखते हुए पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करते हैं। पान के पत्ते पर कसैली, सिंदूर, मौली, अक्षत आदि रखे जाते हैं। साथ ही केला, व प्रसाद भी उसके ऊपर रखे जाते हैं। घी के दिये जलाए जाते हैं। अलग-अलग देवी देवताओं, छठ मैय्या, सूर्यदेव का हिस्सा निकाला जाता है। पूरे दिन व्रत रखने के बाद वर्ती केले के पत्ते या पीतल के बर्तन में गुड़ के खीर व आटे की बनी रोटी का प्रसाद ग्रहण करते हैं। इसके बाद पूरा परिवार व्रती व्यक्ति से आशीर्वाद लेता है। साथ ही सुहागन महिलाएं व्रती महिलाओं से सिंदूर लगवाती हैं। फिर इसे परिवार के सभी लोगों के बीच इसे प्रसाद के रूप में बांट दिया जाता है। खरना के प्रसाद ग्रहण करने के साथ ही लगभग 36 घंटों का मुख्य व्रत आरंभ हो जाता है। जिसमें सुबह के अर्घ्य देने तक फिर अन्न जल कुछ भी ग्रहण नहीं करना होता है।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम :

छठ महापर्व के दौरान राजधानी में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बिहार पुलिस मुख्यालय के स्तर से पटना, औरंगाबाद समेत कई जिलों में अतिरिक्त पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसमें बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस बल और केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों को भी लगाया गया है। इसके अलावा प्रशिक्षु दारोगा और सिपाहियों की भी तैनाती की गई है। पुलिस मुख्यालय के स्टेट पुलिस कमांड सेंटर से केंद्रीयकृत मानीटरिंग की जा रही है।पुलिस मुख्यालय के अनुसार, छठ पर पूरे राज्य में 35 कंपनी बीसैप और तीन कंपनी केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके साथ एसपी से डीएसपी स्तर के कुल 20 अफसरों को पटना जिले में लगाया गया है। वहीं डीएसपी स्तर के चार पदाधिकारियों को औरंगाबाद जिले में प्रतिनियुक्त किया गया है।

## अस्ताचलगामी सूर्य को आज दिया जाएगा अर्घ्य

पर्व के तीसरे दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी सात नवंबर गुरुवार को धृति योग, रवियोग व जयद योग में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। मान्यता है कि अर्घ्य देने से मानसिक शांति, उन्नति व प्रगति होती है। आठ नवंबर शुक्रवार को कार्तिक शुक्ल सप्तमी उत्तराषाढ़ नक्षत्र के साथ आनंद योग, सर्वार्थ सिद्धि योग व रवियोग के सुयोग में व्रती गंगा घाट, तालाब, पार्क व घरों की छत पर बने कृत्रिम घाटों पर उदीयमान सूर्य को दूध तथा जल से अर्घ्य देकर व्रत का समापन करेंगे। इसके साथ ही 36 घंटे से जारी निर्जला उपवास का पारण हो जाएगा।

### महापर्व के विशेष मुहूर्त :

- ☞ अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने का समय- शाम 5 बजकर 5 मिनट तक
- ☞ उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने का समय- 6 बजकर 2 मिनट से पहले

## आवश्यक सूचना

लोक आस्था का चारदिवसीय छठ महापर्व के अवसर पर 7 नवंबर दिन गुरूवार को प्रातः किरण के कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतएव पाठकों को अखबार का अगला अंक 9 नवंबर दिन शनिवार को उपलब्ध होगा। आप सभी को सूर्योपासना का महापर्व छठ की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

## संक्षिप्त खबरें

### हरदोई : सड़क हादसे में 10 की मौत, पीएम ने जताया शोक

हरदोई। उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में बुधवार को एक ऑटो और डीसीएम के बीच भीषण सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में 10 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मामला बिलग्राम थाना क्षेत्र के कटरा बिल्हौर हाईवे का है। बताया जा रहा है कि बिलग्राम थाना क्षेत्र के रोशनपुर क्षेत्र में एक ऑटो और डीसीएम के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें छह महिलाओं, तीन बच्चे समेत 10 लोगों की मौत हो गई है। इसके अलावा कई लोग घायल हुए हैं, जिन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है। हरदोई के पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने बताया कि बुधवार सुबह 12:30 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि थाना बिलग्राम में एक हादसा हुआ, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इस हादसे में छह महिलाओं समेत 10 लोगों की जान गई है, जिसमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। चार लोगों का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा और उनकी हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के हरदोई में हुए सड़क हादसे पर दुख जताया है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने हादसे में जान गंवाने वाले परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने का भी ऐलान किया।प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ह्लप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के हरदोई में हुए हादसे में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख और घायलों को 50,000 रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

## शारदा सिन्हा का पार्थिव शरीर पहुंचा पटना, अंतिम दर्शन के लिए उमड़ी भीड़

# बिहार कोकिला को नम आंखों से दी जा रही अंतिम विदाई, सीएम नीतीश ने दी श्रद्धांजलि

प्रात : किरण



पटना। बिहार कोकिला शारदा सिन्हा का पार्थिव शव बुधवार को पटना पहुंचा। वहां से अंतिम दर्शन के लिए उनके पार्थिव शरीर को आवास पर ले जाया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पद्मश्री एवं पद्म भूषण से सम्मानित बिहार कोकिला स्व शारदा सिन्हा के राजेंद्र नगर स्थित आवास जाकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प-चक्र अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और सांत्वना दी। इस दौरान जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी तथा सांसद संजय कुमार झा मौजूद थे। इससे पहले पटना एयरपोर्ट पर डिप्टी सीएम के साथ ही बिहार के कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धाजंली दी। वहीं, शारदा सिन्हा के बेटे अंशुमन ने बताया कि उनकी माँ का अंतिम संस्कार 7 नवंबर को होगा।

### उनके निधन से संगीत के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति :

वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार कोकिला, पद्म श्री एवं पद्म भूषण से सम्मानित शारदा सिन्हा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि बिहार कोकिला शारदा सिन्हा मशहूर लोक गायिका थी। उन्होंने मैथिली, बज्जिका, भोजपुरी के अलावे हिन्दी गीत भी गाये थे। उन्होंने कई हिन्दी फिल्मों में भी अपनी मधुर आवाज दी थी। संगीत जगत में उनके योगदान के लिए भारत सरकार ने 1991 में पद्मश्री और 2018 में पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित किया था। स्व शारदा सिन्हा के छठ महापर्व पर सुरीली आवाज में गाए मधुर गाने बिहार और उत्तर प्रदेश समेत देश के सभी भागों में गूंजा करते हैं। उनके निधन से संगीत के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने स्व शारदा सिन्हा की आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों, प्रशंसकों एवं अनुयाइयों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### राजकीय सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार : नीतीश

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घोषणा की है कि बिहार कोकिला, पद्म श्री एवं पद्म भूषण से सम्मानित स्व शारदा सिन्हा का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ होगा। मुख्यमंत्री ने स्व शारदा सिन्हा के निधन की सूचना मिलते ही स्थानिक आयुक्त नई दिल्ली को स्व शारदा सिन्हा जी के परिवार के सदस्यों से समन्वय स्थापित कर उनका पार्थिव शरीर वायुयान से पटना भेजने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी पटना को निर्देश दिया है कि राजकीय सम्मान के साथ स्व शारदा सिन्हा के अंतिम संस्कार हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था ससमय सुनिश्चित करेंगे।

# कैबिनेट फैसला : पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केन्द्रीय कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। मेधावी बच्चों की पढ़ाई में कोई अड़चन न आए, इस मकसद से सरकार ने पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्र सरकार के फैसलों की जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पीएम विद्यालक्ष्मी योजना का लाभ एजुकेशन लोन में मिलेगा। उन्होंने बताया कि जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई के लिए बैंकों से 10 लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण सस्ती दरों पर लिया जा सकेगा। वैष्णव ने बताया कि मेधावी बच्चे बैंकों से लोन उच्च शिक्षण संस्थानों से पढ़ाई के लिए लोन ले सकेंगे। इस योजना के प्रभाव से अब पैसे की कमी के कारण बच्चों की उच्च शिक्षा में कोई अड़चन नहीं आएगी।

### बैंकों और वित्तीय संस्थानों से लोन लेना आसान बनेगा :

शिक्षा ऋण गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थान में प्रवेश लेने वाले छात्रों के पाठ्यक्रम से संबंधित ट्यूशन फीस और अन्य खर्चों की पूरी राशि को कवर करेगा। वैष्णव ने बताया कि बैंकों और वित्तीय संस्थानों से समर्थन-मुक्त, गारंटर-मुक्त ऋण लिया जा सकेगा।

### पीएम विद्यालक्ष्मी योजना :

वैष्णव ने बताया कि ऐसे परिवार जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 8 लाख रुपये है। इन परिवारों के छात्रों की पढ़ाई के लिए पीएम विद्यालक्ष्मी योजना के तहत 10 लाख रुपये तक के ऋण पर 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान मिलेगा। 7.5 लाख रुपये तक के ऋण पर भारत सरकार 75 प्रतिशत क्रेडिट गारंटी देगी। उन्होंने कहा कि मिशन मोड तंत्र शिक्षा के विस्तार को सुगम बनाएगा। एफसीआई को 10,700 करोड़ रुपये की नई इक्विटी पूंजी देने का फैसला

वैष्णव ने बताया कि खाद्यान्न की खरीद में एफसीआई की बहुत बड़ी भूमिका होती है। भारतीय खाद्य निगम को मजबूत करने का निर्णय भी लिया गया। कैबिनेट ने एफसीआई को 10,700 करोड़ रुपये की नई इक्विटी पूंजी देने का निर्णय लिया है।

# अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की ऐतिहासिक जीत

## रिपब्लिकन पार्टी के ट्रंप ने डेमोक्रेटिक पार्टी के हैरिस को हराया



### ट्रंप दूसरी बार चूने गये अमेरिकी राष्ट्रपति

प्रात : किरण

वॉशिंगटन/एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। ट्रंप ने अपनी प्रतिद्वन्द्वी कमला हैरिस को पछाड़ते हुए जीत के लिए जरूरी 270 इलेक्टोरल वोट के आंकड़े को पार कर लिया है। ट्रंप 2016 में चुनाव जीते थे और 2020 में हार के बाद अब 2024 जीते हैं। ऐसा 132 साल बाद हुआ जब अमेरिका में कोई व्यक्ति दूसरी बार प्रेसीडेंट बना है लेकिन उसने चुनाव लगातार नहीं जीता है। इससे पहले ग्रोवर क्लीवलैंड 1884 में और फिर 1892 में राष्ट्रपति बने थे। ग्रोवर के बाद अब ट्रंप दो गैर-लगातार कार्यकाल वाले राष्ट्रपति होंगे।

### कस्बाई इलाकों में कमजोर पड़े डेमोक्रेट्स :

ग्रामीण इलाकों में ट्रंप ने शानदार प्रदर्शन किया। ऐसे में इस फासले को पाटने के लिए मार्जिन डेमोक्रेटिक कमला हैरिस को शहरी केंद्रों के साथ-साथ आसपास के उपनगरों में भी बड़ी बढ़त हासिल करनी थी। 2016 से ही ये उपनगरीय इलाकों में डेमोक्रेट्स को बढ़त मिलती रही है लेकिन अपेक्षित भारी बढ़त हैरिस को इन इलाकों में नहीं मिल पाई। कई इलाकों में तो हैरिस का अंतर जो बाइडन से भी कम रहा। हैरिस की हार और ट्रंप की जीत का तीसरा कारण विशेष रूप से लैटिन मतदाताओं के बीच डेमोक्रेटिक पार्टी समर्थन कम होना रहा है। ट्रंप को गैर-श्वेत मतदाताओं का भी समर्थन मिला है। खासतौर से बड़ी लैटिन आबादी वाले स्थानों से कुछ नाटकीय बदलाव दिखे हैं। इसका बड़ा उदाहरण मियामी-डेड काउंटी मे देखने को मिला है। एक बड़ी क्यूबा अमेरिकी आबादी वाला ये इलाका डेमोक्रेट का गढ़ था। यहां पर ट्रंप ने दोहरे अंकों में जीत हासिल की है।

### यह पल अमेरिका को उबारने में मददगार होगा : ट्रंप

वेस्ट पाम बीच। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन खेमे को अभूतपूर्व जनादेश देने के लिए उनका आभार जताया और कहा कि यह पल देश को उबरने में मदद करेगा। ट्रंप ने कहा, अमेरिका ने हमें अभूतपूर्व और शक्तिशाली जनादेश दिया है। हमारे पास सीनेट का नियंत्रण वापस आ गया है। वाह, कितनी अच्छी बात है। उन्होंने कहा, इस पल से देश को उबारने में मदद मिलेगी। ट्रंप ने कहा, मोंटाना, नेवादा, टेक्सास, ओहायो, मिशिगन, विस्कॉन्सिन, पेंसिल्वेनिया में सीनेट की दौड़ में एमएजीए (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) अभियान ने जीत हासिल की है जिससे बहुत मदद मिली है। उन्होंने कहा, सीनेट में सीट की संख्या वाकई अविश्वसनीय है। ट्रंप ने कहा, मैं आखिरी सांस तक आपके लिए लड़ूंगा और अमेरिका को एक मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध राष्ट्र बनाने तक चैन से नहीं बैठूंगा।

### पीएम मोदी ने ट्रंप को दी जीत की बधाई

राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत तय होने के बाद भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप को बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि मेरे दोस्त डोनाल्ड ट्रंप को ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई। जैसा कि आप अपने पिछले कार्यकाल की सफलताओं को आगे बढ़ा रहे हैं, मैं भारत-अमेरिका संबंधों और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए हमारे सहयोग की आशा करता हूं। आइए हम सब मिलकर अपने लोगों की बेहतरी के लिए काम करें और वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा दें।


बिहार सरकार

संदेश

मुख्य मंत्री
बिहार

छठ पर्व लोक आस्था एवं जन–संस्कृति का एक महापर्व है। भगवान सूर्य की उपासना का यह अनुष्ठान सुख–समृद्धि एवं मनोवांछित फल प्राप्ति के लिए अपार श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाता है।

सभी बिहारवासियों से मेरी अपील है कि वे इस पावन पर्व को साम्प्रदायिक एवं सामाजिक सद्भाव के साथ मनाएँ।

मेरी शुभकामना है कि यह त्योहार बिहारवासियों के लिए सुख, शांति, समृद्धि और परस्पर सौहार्द का नया सवेरा लेकर आए।

(नीतीश कुमार)

PR No.- 011415 (Home)D. 2024-25





सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

संदेश

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

सूर्योपासना और लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर मैं समस्त बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनायें देता हूँ।

छठ पूजा सादगी और पवित्रता का त्योहार है, जो हमें प्रकृति से जोड़ता है। पूरी श्रद्धा, भक्ति और निष्ठा के साथ मनाया जानेवाला यह पर्व हमें संस्कृति और संस्कारों को संजोए रखने तथा आत्म शुद्धि, मन की निर्मलता और शारीरिक, मानसिक व लोक व्यवहार में अनुशासन बनाये रखने की प्रेरणा देता है।

मेरी कामना है कि भगवान सूर्य देव हमारे जीवन में नयी ऊर्जा का संचार करें तथा बिहारवासियों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आये।

(राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर)

PR No.- 011428 (Governor Secretariat) D. 2024-25

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेन से कटकर अज्ञात अधेड़ की हुई मौत

मसौढ़ी !तारेगना जीआरपी थाना क्षेत्र के पुनपुन स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर बुधवार को ट्रेन से कटकर एक 35 वर्षीय अज्ञात अधेड़ की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। घटना की सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे ।वहीं मामले की छानबीन कर आसपास के लोगों को उक्त अधेड़ की पहचान करने के लिए कहा। लेकिन, ग्रामीण शव की पहचान नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल में भेज दिया। यहां पोस्टमार्टम करने के बाद शव की पहचान के लिए 72 घंटा के लिए सुरक्षित रख दिया। ग्रामीणों में चर्चा है कि अज्ञात अधेड़ के ट्रेन से गिरने के कारण मौत हुई है।

### भूमि विवाद में कई राउंड फायरिंग

मसौढ़ी !मसौढ़ी थाना क्षेत्र के दिघवा गांव में जमीनी विवाद में दो पक्षों में हुई गोली बारी जिसमें कई राउंड फायरिंग हुई ।घटना में किसी की हताहत होने की सूचना नहीं है ।इधर पुलिस ने मौके से छह खोखा बरामद किया है ।इस मामले सीडीपीओ नभ बैभव ने बताया कि पूर्व से दोनों पक्षों में जमीनी विवाद चल रहा था, जिसमें एक पक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद व राजनंद प्रसाद द्वारा रामबाबू प्रसाद के खेत पर जाकर फायरिंग की जिसमें किसी को हताहत होने की सूचना नहीं है ।वही इस घटना में शामिल ब्रह्मदेव प्रसाद व एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### भूमि विवाद में कई राउंड फायरिंग

मसौढ़ी !मसौढ़ी थाना क्षेत्र के दिघवा गांव में जमीनी विवाद में दो पक्षों में हुई गोली बारी जिसमें कई राउंड फायरिंग हुई ।घटना में किसी की हताहत होने की सूचना नहीं है ।इधर पुलिस ने मौके से छह खोखा बरामद किया है ।इस मामले में सीडीपीओ नभ बैभव ने बताया कि पूर्व से दोनों पक्षों में जमीनी विवाद चल रहा था। जिसमें एक पक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद व राजनंद प्रसाद द्वारा रामबाबू प्रसाद के खेत पर जाकर फायरिंग की, जिसमें किसी की हताहत होने की सूचना नहीं है। वहीं इस घटना में शामिल ब्रह्मदेव प्रसाद व एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### चलती ट्रेन से गिरने के कारण युवक की मौत

दानापुर खगौल। रेल थाना क्षेत्र के अंतर्गत 25 वर्षीय युवक की सदिसोपुर स्टेशन पॉल संख्या-556/10 के बीच में मृतक की पहचान दीघा बास कोठी गेट नंबर 96 थाना दीघा पटना का रहने वाला स्वर्गीय अकबर अली के पुत्र मोहम्मद बहाब उम्र 25 वर्ष के रूप में किया गया है बताया जा रहा है मृतक किसी चलती ट्रेन से गिरने के कारण सर में गंभीर रूप से चोट लगने के कारण मृत्यु हुई है जीआरपी प्रभारी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौप दिया गया है।

### छठ व्रतियों ने किया खरना, पहला अर्घ्य आज

पाली । महापर्व छठ व्रत के दूसरे दिन बुधवार को व्रतियों ने पूरे दिन उपवास रहने के बाद शाम में खरना किया। गुरूवार को व्रत धारण करने वाले महिला-पुरुष विभिन्न घाटों पर अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य देंगे। नहाय-खाय के बाद व्रतियों ने संध्या काल में सोन नदी के घाट पर पहुंचकर पवित्र जलधारा में स्नान किया और भगवान भास्कर सूर्य को नमन कर पूजा अर्चना किया । आम की लकड़ी से मिट्टी के चूल्हे पर बना प्रसाद ग्रहण करें खरना किया ।जिसके साथ है 36 घंटे का निर्जला उपवास प्रारंभ हो गया गुरुवार को व्रती नंगे पांव सर पर दऊरा लेकर सोन घाट पहुंचेंगे और अस्तगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित करेंगे शुक्रवार को उदयीमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य अर्पित करने के पश्चात छठ पर्व पूरा किया जाएगा।

# महाप्रबंधक ने स्टेशनों का निरीक्षण कर छठ पर्व पर की गयी तैयारियों का लिया जायजा

## विभिन्न स्टेशनों पर यात्री सुविधा के लिए बनाए गए होल्डिंग एरिया का निरीक्षण कर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का किया मुआयना

प्रात :किरण संवाददाता



हाजीपुर। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने सोनपुर, समस्तीपुर एवं दानापुर मंडल के प्रमुख स्टेशनों का निरीक्षण कर छठ महापर्व को लेकर यात्री सुविधा/सुरक्षा के मद्देनजर की गयी तैयारियों का जायजा लिया । महाप्रबंधक ने छठ पर्व में यात्रियों की सुविधा हेतु पटना जंक्शन, सहरसा, दरभंगा आदि स्टेशनों पर बनाए गए होल्डिंग एरिया का निरीक्षण किया तथा उपलब्ध यात्री सुविधाओं का जायजा लिया । निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने छठ पर्व पर भीड़ प्रबंधन, यात्री सुविधा/सुरक्षा सहित सभी प्रकार की तैयारियों की समीक्षा की तथा ट्रेनों एवं स्टेशनों पर आवश्यक सुविधाओं की निरंतरता को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया । इसी क्रम में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा पटना-मोकामा रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया । इस दौरान उन्होंने इस रेल मार्ग में पड़नेवाले स्टेशनों, रेल पुलों, रेलवे ट्रैक, ओचई, सिगनलिंग सिस्टम सहित यात्री सुविधा एवं संरक्षा से जुड़े पहलुओं का गहन मुआयना किया । निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने संरक्षा पर विशेष बल देते हुए इसके प्रति हमेशा चौकसी बरतने का निर्देश दिया ।महाप्रबंधक ने अधिकारियों के साथ बाढ़ स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पुनर्विकास कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया ।विदित हो कि पुनर्विकसित स्टेशन भवन आकर्षक डिजाइन के साथ उन्नत एवं अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त होगा । महाप्रबंधक द्वारा दरभंगा, खगड़िया एवं बेगूसराय स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया, प्लेटफार्म, एफओबी सहित यात्री सुविधा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का भी गहन निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री जयंत कुमार चौधरी, सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री विवेक भूषण सूद तथा समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री विनय श्रीवास्तव सहित मुख्यालय एवं मंडलों के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे ।

# व्रतियों ने किया खरना,36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू, पहला अर्घ्य आज





प्रात :किरण संवाददाता

मसौढ़ी !लोकआस्था के महापर्व छठ के दूसरे दिन बुधवार को छठव्रतियों ने दिनभर उपवास रखने के पश्चात संध्या पहर तालाबों,जलाशयों नदियों में स्नान करने के बाद चावल,दाल, खीर,रोटी, पीठा आदि का बहुत ही स्वच्छता के साथ आम के जलावन से मिट्टी या पीतल के बर्तनों में प्रसाद बनाया ।शाम में शांत वातावरण में खरना का धार्मिक अनुष्ठान पूरा कर प्रसाद ग्रहण किया ।व्रतियों के प्रसाद खाने के बाद श्रद्धालुओं के प्रसाद खाने का दौर शुरू हुआ,जो देर रात तक चलता रहा ।इसके साथ ही तकरीबन 36 घंटे का व्रतियों का निर्जला उपवास शुरू हो गया ।व्रती अब उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद प्रसाद ग्रहण कर उपवास तोड़ेंगी ।वहीं गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा ।इसके लिए व्रती तालाब, नदी, में स्नान कर शाम में अस्ताचलगामी भगवान भुवन भास्कर को पहला अर्घ्य देंगी ।फिर शुक्रवार को सुबह में जल में उतरकर भगवान की आराधना करेंगे ।साथ ही उदीयमान भगवान भुवन भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर घाट में ही प्रसाद ग्रहण कर व्रत का समापन करेंगी ।छठ व्रतियों के लिए सभी छठ घाटों को तैयार कर लिया गया है ।शहरी व ग्रामीण इलाके के नदी घाट व तालाबों पर छठ घाटों पर की जा रही तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है ।मणिचक छठ घाट बैरिकेडिंग लगाया गया है ।लगाया गया है ।वहीं, छठ व्रतियों की सुविधा को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है ।इसी प्रकार मसौढ़ी प्रखंड के विभिन्न गांवों में भी छठ घाटों पर अर्घ्य दिये जाने की लोग तैयारी में जुटे रहे। छठव्रतियों की सुविधा के ख्याल से नगर क्षेत्र के सभी घाटों पर कपड़ा बदलने को चेंजिंग रूम बनाया गया हैं ।शहर के मणिचक वं रामजानकी मन्दिर में सबसे ज्यादा उमड़ने वाली भीड़ के मद्देनजर कई अस्थायी चेंजिंग रूम बनाए गए हैं। छठ पूजा सामग्री की जमकर हुई खरीदारी छठ पूजा को लेकर सभी बाजारों में पूजा सामग्री की खरीदारी को लेकर भीड़ लगी रही ।फल की दुकानों पर सबसे ज्यादा भीड़ देखी गई। सेब, संतरा, केला, नारियल, ईख सहित अन्य फल सामग्रियों की भारी डिमांड को लेकर बाजार में सड़क किनारे सैकड़ों की संख्या में दुकानें सजी हुई थी ।वहीं, लोगों ने खरना का प्रसाद बनाने को लेकर मिट्टी और पीतल के बर्तनों की भी खरीददरी की। इसके साथ ही अर्घ्य देने को लेकर सूप और देउरा की भी खरीददारी की गई। छठ घाटों पर पडने वाले अर्घ्य को लेकर लोगों ने शहर के प्रमुख सड़कों के साथ ही गलियों की साफ -सफाई करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। नगर के सड़क में युवकों ने झाड़ू लेकर सड़कों की सफाई की ।इसके साथ ही सड़कों को पाइप लगाकर पानी के जरिए धोकर सड़क को पूरी तरह से साफ करने में जुटे रहे ।ऐसा ही नजारा अन्य इलाकों में भी देखा गया। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में हर गांव में युवाओं की टोली सड़क और गांव की गलियों के साथ ही छठ घाटों की ओर जाने वाले सड़क की सफाई में जुटे रहे। जबकि कई स्थानों पर युवाओं की टोली छठ घाटों के इंतजाम को दुरुस्त करने में जुटे रहे ।छठ पूजा को लेकर बड़ी संख्या में दूसरे प्रदेशों में काम करने वाले लोग अपने घर लौट रहे हैं। ट्रेन और बसों में लोगों को भारी भीड़ देखी गई। प्रदेश से लोग अपने परिवार के संग छठ त्योहार को धूमधाम से मनाने को पहुंच रहे।

# खरना पर व्रती से टीका लेने, पैर छूने व प्रसाद पाने की होड़

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

छठ के दूसरे दिन खरना का प्रसाद पाने के लिए लोगों में ऐसी होड़ मची की एक-दूसरे के घर जाने के लिए वाहनों का जाम हर तरफ दिखा लोगों में व्रती के पैर छूने, उनसे टीका लगवाने और प्रसाद पाने की एक अजीब लालसा देखी गई। इसके पूर्व पूर्वाह्न से ही व्रतियों के कदम गंगा घाट की ओर बढ़ चले थे। जिन लोगों ने बैंड बाजा या फिर डंका कर रखा था, वह उसके साथ गंगा घाट पहुंचीं। गंगा नदी में डुबकी लगा स्नान की। सूर्य भगवान को जल अर्पण किया। गंगा किनारे रहे शिव मंदिरों में भी पूजा-अर्चना करने के साथ ही घर लौटीं। अपराह्न चार बजे से ही छठ व्रती मिट्टी और टीन के बने चूल्हे पर गोइठा, हुमाद, कपूर और आम की लकड़ी की मदद से खीर और रोटी बनाया। इसके बाद फूल, पान, माला आदि से छठी मैया की आराधना की। दीया जलाए गए। इसके बाद नैवेद्य अर्पित कर कुछ देर तक आराधना की गई। इसके बाद लगाए गए भोग को व्रतियों ने प्रसाद रूप में ग्रहण किया। व्रती मंगलवार की मध्य रात्रि से ही उपवास में थीं। बुधवार की मध्य रात्रि से भी व्रती उपवास में चली गईं। अब गुरुवार को पूरे दिन उपवास में रहेंगी। गुरुवार को डूबते सूर्य को, जबकि शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रती प्रसाद पाकर और शरबत पीकर अपना व्रत समाप्त करेंगी। श्रद्धालुओं के द्वारा एक-दूसरे के घर जाकर प्रसाद पाने की ऐसी जल्दबाजी रही कि अशोक राजपथ से लेकर मीना बाजार, दादर मंडी, नवाब बहादुर रोड, सुदर्शन पथ, सदर गली, गुरु गोविंद सिंह पथ, मोर्चा रोड आदि में वाहनों के जाम का नजारा देखा गया।

# सूर्योपासना का महापर्व के चार दिवसीय अनुष्ठान के दूसरे दिन पूरे श्रद्धा व पवित्रता के साथ व्रतियों ने खरना किया

प्रात :किरण संवाददाता



दानापुर। नगर के अंतर्गत सूर्योपासना का महापर्व के चार दिवसीय अनुष्ठान के दूसरे दिन पूरे श्रद्धा व पवित्रता के साथ व्रतियों ने खरना किया। खरना के साथ ही व्रतियो ने 36 घंटे का निर्जला उपवास प्रारंभ किया। गुरूवार को व्रती अस्तचलगामी सूर्य को अर्घ्य देगे व शुक्रवार को उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारण करेगें। खरना को लेकर नगर के कचहरी घाट, पीपापुल घाट, गुरूद्वारा घाट, नारियल घाट, नासरीगंज घाट व शाहपुर घाट समेत विभिन्न गंगा घाट पर सबेरे से ही व्रती व श्रद्धालुओ की भीड़ लगी रही। लोग प्रसाद बनाने को लेकर गंगा जल ले जाते दिखे। उधर इस महापर्व को लेकर प्रशासन व विभिन्न पूजा समिति व स्वयंसेवी संगठन इलाके की सफाई रोशनी व गंगा घाट जाने वाले मार्ग को दुरूस्त करने में जुट गये। नगर के बीबीगंज से लेकर नयाटोला तक विभिन्न पूजा समिति ने विधुत की आकर्षक सजावट से इलाका को जगमग कर दिया है। पूरा नगर विधुत की रोशनी से चकाचौंध हो उठा। व्रतियो ने बताया कि गंगा के जल से खरना का प्रसाद बनता है इसी से लोग गंगा जल ले जाते है। इस महाव्रत में पवित्रता के साथ स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है। आज जबतक चंद्रमा रहता है। तब तक व्रतधारी प्रसाद ग्रहण कर पानी पीते है। चंद्रमा को डूबते ही 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जाता है। आस्था के महापर्व पर लोगो में गजब की श्रद्धा उत्साह दिखती है। नगर विभिन्न इलाको में व्रतियो के सेवा भाव से जिसे जो मिल रहा उससे मदद कर पुण्य कमाने में जुटे है। कई संगठन द्वारा फल सूप प्रसाद सूप आदि वितरण किया गया। सुलतानपुर पुलिस चौकी के पास प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं सभी इलाको में व्रतियो के बीच पूजन सामाग्री के साथ अन्य सामान वितरण किये गये। लोग घाट पर जाने वाले मुख्य मार्ग की साफ सफाई व रोशनी की व्यवस्था के साज सज्जा में जुटे है।

# कुख्यात अपराधी दानिश उर्फ शालू फ्रैक्कर गिरफ्तार, पांच हुआ फरार

## 4 पिस्तौल, 28 कारतूस व 5 मैगजीन बरामद, अपराधी चांद मियां गैंग का सक्रिय अपराधी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



खाजेकला थाना की पुलिस को बड़ी उपलब्धि छठ पर्व के दौरान हासिल हुई है। दरअसल आसूचना इकाई के द्वारा सूचना मिली कि मो बिलाल के संकीर्णवा गली स्थित घर पर कुछ अपराधी जुटे हुए हैं। यह सब किसी अआपराधिक घटना को अंजाम दे सकते हैं। इसके बाद पुलिस महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सिटी एसपी पूर्वी के द्वारा डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार की निगरानी में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। पुलिस की टीम जब संकीर्णवा गली स्थित मो बिलाल के घर पहुंची, तो पुलिस को देखते ही सभी भागने लगे। इस दौरान कुख्यात अपराधी मो दानिश उर्फ शालू उर्फ फ्रैक्कर को पुलिस ने दबोच लिया। हालांकि इस दौरान बिहार एसटीएफ की विशेष टीम भी साथ थी। उसके पास से चार पिस्तौल, 28 कारतूस और पांच मैगजीन बरामद हुआ है। डीएसपी डॉ गौरव कुमार एवं थानाध्यक्ष प्रभात रंजन सक्सेना ने बताया कि मोहम्मद दानिश अपराधी चांद मियां गिरोह का सक्रिय अपराधी है। इस पर हत्या और आर्म्स एक्ट के तहत अनेक मामले पटना के थानों में दर्ज हैं। हालांकि इस दौरान पांच अपराधी भागने में सफल रहे हैं। उन सबों की पहचान कर ली गई है और गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है। आसूचना इकाई द्वारा सूचना मिलने के बाद पुलिस पूरी तैयारी के साथ छापेमारी करने गई थी। हालांकि संकीर्णवा गली स्थित मो बिलाल के घर पर छापेमारी की। इसी थाना क्षेत्र के सदर गली के लाला टोली का रहने वाला मो हैदर के पुत्र मो दानिश की गिरफ्तारी के बाद उस पर खाजेकलां थाना में कांड संख्या 474/24 दर्ज किया गया है। दानिश पर खाजेकलां थाना में कांड संख्या 35/23 और 223/22 भी दर्ज है, जिसमें हत्या, आर्म्स एक्ट और एससीएसटी एक्ट और अन्य विभिन्न धाराओं में है। पुलिस के अनुसार छापामारी के दौरान भागने वाले अपराधियों में मोहम्मद नस्सु, मोहम्मद बिलाल, शहजादा उर्फ नाटू, कैफी और शाहिद शामिल है। इन सबों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत है। छापामारी टीम की निगरानी डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार ने किया, जबकि टीम में खाजेकलां थाना के थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक प्रभात रंजन सक्सेना, आसूचना इकाई के प्रभारी संतोष कुमार वर्मा, अपर थानाध्यक्ष सह एसआई शुभेंद्र कुमार, एसआई विकास कुमार सिंह, सोनी कुमारी और सिपाही में सरोज कुमार, कुतुबुद्दीन अंसारी, ओमप्रकाश व राजा बाबू शामिल थे।

## डंका वालों ने नृत्य कर व्रतियों को रिझाया



पटना सिटी (प्राकि)। महापर्व छठ के अवसर पर छठ पड़ती गंगा नदी के विभिन्न घाट को गए। इस दौरान डंका वाला भी मोर पंख लगाए हुए कृतियों के साथ पहुंचे थे वहां मिले अन्य डंका वालों ने एक जूता दिखाई और सभी डंका बजाते हुए नाचते घूमते हुए भारतीयों को रिझाने का काम किया हालांकि अधिकांश डंका वाला लखीसराय मोकामा, जमुई, खुसरूपुर, बड़हिया मननपुर से आए डंका बजाने वालों का कहना था कि उन्हें पूरे साल भर काम नहीं मिलता इस त्यौहार में दो से तीन हजार में खा-पीकर तीन दिनों तक व्रती के घर पर रह कर डंका बजाना पड़ता है। इसके बाद पारिश्रमिक के अलावा जो कुछ भी मिल पाता है, उसे लेकर प्रसाद और बख्शीश मिल पाता है, उसे लेकर घर लौटते हैं।

# भाजपा नेता रवि भूषण उर्फ बेला यादव व नगर अध्यक्ष सुजीत कुमार ने किया छठ घाट का निरीक्षण

प्रात :किरण संवाददाता



दानापुर खगौल। नगर के अंतर्गत बुधवार को भाजपा नेता रवि भूषण उर्फ बेला यादव व नगर अध्यक्ष सुजीत कुमार ने लख घाट एवं बड़ी खगौल चक्रदाहा स्थित छठ घाट व साफ सफाई, बैरिकेटिंग, समुचित रौशनी की व्यवस्था आदि कार्यो का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया ।नगर अध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि नहर में जमे गंदे पानी,खर पतवार एवं गाद को निकाला जा रहा है। इसके बाद नहर में दो जगहों पर अस्थाई बांध बांधकर पंपसेट द्वारा बदलपुरा स्थित जलमीनार से पानी चार फीट तक नहर में भरा जाएगा। इसके साथ ही घाट पर रौशनी एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था रहेगी। वहीं उन्होंने बताया की चेंजिंग रूम एवं निरीक्षण केन्द्र बनाने का कार्य नगर परिषद की ओर से किया जाना है । भाजपा नेता रवि भूषण उर्फ बेला यादव खगौल नगर वासियों से अपील किया कि यह सभी पावन कार्य आमजनों के सहयोग से ही बेहतर हो सकेगा, इसके लिए सभी से सहयोग अपेक्षित है, सभी लोग इस महान पर्व को स्वच्छ तरीके से सौहार्दपूर्ण मनाएं। उन्होंने कहा कि मेरे तरफ से दानापुर अनुमंडल में सभी जगह प्रसाद का वितरण किया जा रहा है ।लंख घाट व चक्रधाहा घाट पर साफ साफ सफाई की व्यवस्था सफाई निरीक्षक मुकेश कुमार मंडल के द्वारा की गई है घाट पर सभी उपस्थित सभी लोग नगर परिषद के कार्य से काफी खुश दिखे ।मौके पर नगर परिषद की टीम के साथ नगर परिषद के पूर्व नगर उपाध्यक्ष सुनील कुमार, वार्ड पार्षद प्रशांत कुमार सिंह उर्फ डब्लू, समाजसेवी अजय कुमार यादव, सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिन्स, परमेश्वर ठाकुर, मुकेश कुमार चंद्रवंशी सहित छठ के सभी कार्य में लग रहे ।

# हर कोई छठ मैया की आराधना करें, इसी कारण पूजा सामग्री का वितरण : सीता



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

छठ भारतीयों के बीच बुधवार को भी पूजन सामग्री वितरण का दौर जारी रहा पटना नगर निगम के महापौर श्रीमती सीता साहू के मीना बाजार स्थित बड़ी पटन देवी मार्ग स्थित आवास पर पूजन सामग्री का वितरण किया गया इस दौरान महापौर सीता साहू उप महापौर रश्मि चंद्रवंशी, वार्ड पार्षद श्वेता कुमारी और समाजसेवी शिशिर कुमार के द्वारा किया गया। इस दौरान श्रीमती साहू ने कहा कि कोई भी भारती व्रत करने से नहीं चुके इसी कारण से हर किसी के द्वारा पूजन सामग्री का वितरण किया जाता है। दौरान शक्ति पीठ स्थल श्री बड़ी पटन देवी के महंत विजय शंकर गिरी वार्ड पार्षद विनोद कुमार तरुण राय किरण मेहता ने भी वितरण में सहयोग किया। दिनकर सेवा समिति, गायघाट द्वारा व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया गया। बतौर अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा थे। समिति अध्यक्ष एवं संयोजक डॉ अजय प्रकाश ने बताया कि चार दिवसीय अनुष्ठान में समिति के सैकड़ो पदाधिकारी सेवा में उपस्थित रहेंगे । रोशनी एवं सूचना प्रसारण की बेहतर व्यवस्था समिति द्वारा की गई है। संचालन राजेश पांडेय एवं सह संयोजक दिलीप गुप्ता ने किय। कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त, शशिकांत गुप्ता, अमित कुमार, विनय कुमार, राजेंद्र यादव, मुकेश कुमार मंटू , सीताराम महतो, देवराज बल्लभ, सर्व प्रकाश, राम जी, विकास मौड़ीवाल, छोटू साव, अमित पांडेय आदि शामिल थे। मारवाड़ी सेवा समिति द्वारा शहीद भगत सिंह चौक के नजदीक व्रतियों के बीच 31 प्रकार की पूजा सामग्री का वितरण किया गया। समारोह का उद्घाटन पूर्व मंत्री व जदयू के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी नितिन कुमार रिंकू, किशोर सराफ, शशि शेखर रस्तोगी, पवन खेमका, प्रभात भरतिया, सुनील बंका, रमेश टेकरीवाल, रोहित बंका, नीरज कमलिया, राजेश कानोडिया उपस्थित थे। अध्यक्षता संजीव देवड़ा, स्वागत राजकुमार गोयनका व सुभाष पोद्दार ने किया। इस अवसर पर पप्पू कमलिया, पप्पू मोदी, राजेश देवड़ा, अनूप पोद्दार, अशोक बंका, पप्पू जालान ने सहयोग किया। रोटरी पटना सिटी सम्राट के द्वारा व्रतियों के बीच पूजन सामग्री वितरित किया गया। महारानी स्थान, सिमली में प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन संजय सिंहा के नेतृत्व में वार्ड पार्षद अंजलि राय उपस्थित रहीं। अभिषेक राज के नेतृत्व में कबूतरी गली, गायघाट में और कथक तल में वितरित किया गया। चेयरमैन मधुबाला पाल, अध्यक्ष देवराज बल्लभ आदि ने भी सेवा दी।

# नेत्रदानी परिवार को पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने किया सम्मान



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

कचौड़ी गली निवासी 62 वषीर्या श्रीमती पुष्पा देवी महेशका के निधन के बाद दधीचि देहदान समिति की पहल से परिवार ने नेत्रदान कराया था। बुधवार को दधीचि देहदान समिति के अध्यक्ष सह पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, पद्मश्री बिमल कुमार जैन एवं समिति के सदस्यों द्वारा धार्मिक, परोपकारी परिवार को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। उनके पति भोला शंकर महेशका, पुत्र प्रकाश महेशका तथा परिवारजनों के सहयोग से नेत्रदान की पहल की गई थी। स्मृतिशेष पुष्पा जी की आखों से कम से कम दो नेत्रहीनों को दृष्टि मिल सकेगी। महासचिव पद्मश्री बिमल जैन ने परिजनों को कहा कि मृत्यु सुनिश्चित है, परन्तु इसके बाद भी अमर होने का श्रेष्ठ तरीका है नेत्रदान। पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने उपस्थित परिवार के सदस्यों एवं शोकसभा में आए लोगों का आह्वान किया कि महर्षि दधीचि की इस अंगदान की परंपरा को पुनर्जीवित करें तथा पीड़ित मानवता की सेवा में अपना योगदान दें। इस दौरान समिति के सदस्यगण, कोषाध्यक्ष प्रदीप चौरसिया, अरुण सत्यमूर्ति, गुरु रहमान, संजीव कुमार यादव, गोविंद कानोडिया व सतीश खेमानी ने पुष्पाजंलि अर्पित कर विनयांजलि अर्पित की।

# बिहार कोकिला शारदा की कूक छठ मइया में समाहित : डॉ नाहर



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

स्वर सिरमौर्य, सरस्वती पुत्री, जनमानस की आवाज शारदा सिन्हा भक्ति और श्रृंगार रस की मौलिक पार्श्व गायिका थीं। लगभग तीन दशक पूर्व शारदा जी की आवाज में जगदंबा घर में दियरा बार अईनी हो बिहार की धरती पर गूंजी, तो हर घर आंगन आवाज रूपी दीये की लौ से जगमगा उठी। इसके बाद यह लौ अनवरत प्रज्वलित रहा। इनका गायन बेगम अख्तर की शैली के इर्द-गिर्द रहा। छठ मइया के गीत गाकर वह उनकी होकर रह गईं। यही कारण है कि शारदा जी की कोयल रूपी कूक छठ मइया में समाहित हो गई। यह बात मानस पथ स्थित स्वरांजलि सभागार में आयोजित शोकसभा में डॉ राजकुमार नाहर ने कही। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत तौर पर हमारा उनके साथ अच्छा सम्मानीय संबंध रहा। उनके जाने से वे खासा मर्माहत हैं। शिक्षाविद व कलाकार डॉ ध्रुव कुमार ने अंतःवेदना प्रकट करते हुए कहा कि उन्होंने जो समाज को गायकी के माध्यम से दिया है, वह चाह कर भी सबके दिलों से मिटाया नहीं जा सकता। संवेदना प्रकट करने वालों में कलाकार संघ के अध्यक्ष आलोक चोपड़ा, संगीतकार पं ओम प्रकाश चौबे, पप्पू गुप्ता, गायक आलोक चौबे, समर्थ नाहर, जिम्मी गुप्ता, संजय प्रियदर्शी, राजा पुद्धु, जितेंद्र मोहन, सुनीता रानी, रीना मेहता, सीमा तृप्ति आदि शामिल हैं। संयोजक अनिल रश्मि ने सभी कलाकारों के समर्थन से पटना के हृदय स्थल पर संगीत विदुषी शारदा सिन्हा की प्रतिमा लगाने की मांग राज्य सरकार से की। मेयर सीता साहू, डिप्टी मेयर रेशमी चंद्रवंशी, वार्ड पार्षद श्वेता कुमारी, विनोद कुमार, इंद्रदीप चंद्रवंशी, तरुणा राय, प्रभात जायसवाल, शिशिर कुमार आदि ने भी स्वर कोकिला शारदा सिन्हा के निधन को बिहार के लिए अपूरणीय क्षति बताई।

# विभिन्न गंगा घाटों पर बच्चे व युवा पानी में मचा रहे उधम, बेरिकेडिंग को खतरा



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

शहर के विभिन्न गंगा घाटों पर नगर निगम और प्रशासन की ओर से घाटों पर छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं के लिए खासा इंतजाम किया गया है। मगर टेढ़ी घाट, महाराज घाट से लेकर कुछ अन्य घाटों पर बच्चे और किशोर पानी में छलांग लगा कर और उधम मचाते देखे गए। इससे वहां स्नान कर रहीं व्रतियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि उक्त घाटों पर पुलिस पदाधिकारी और मजिस्ट्रेट भी मौजूद थे, मगर उन सबों के द्वारा रोकने या बाहर निकालने का प्रयास नहीं किया गया। नतीजतन गाड़े गए और घेरे गए बांस को नुकसान हो रहा था। पुलिस पदाधिकारी का कहना था कि वह बार-बार उन सबों को डांट कर पानी से बाहर निकाल रहे हैं, मगर फिर भी बच्चे और किशोर उधम मचाने को चले जाते हैं। ऐसे में वे क्या कर सकते हैं। डांटने पर उनके साथ रहे महिला गार्जियन आपत्ति जताने लगती हैं। विदित हो कि सोमवार की महावीर घाट पर ऐसे ही लोगों के द्वारा पानी में उधम मचाने के कारण गाड़ा गया बांस-बल्ला कुछ दूरी में टूट गया था। इस पर नगर आयुक्त अनिमेष पराशर ने भी नाराजगी जताते हुए कहा था कि यह व्यवस्था छठ व्रती और श्रद्धालुओं के लिए है, न कि लोगों के एडवेंचर के लिए।

## संक्षिप्त खबरें

### दो लोग तालाब में डूबे, एक की हालत गंभीर, दोनो रेफर

मधुबनी बाबू बरही थाना क्षेत्र से दो लोगो की तालाब में डूबने की मामला प्रकाश में आया है दोनो को इलाज हेतु मधुबनी रेफर कर दिया गया है। मामला खड़गबनी गांव की है। गौरतलब है कि मंगलवार शाम में गांव के पास की तालाब में दो-तीन लोग नहाने के लिए गया था। नहाने के क्रम में पैर पिछलने से गहरे पानी में चले गए। एक दूसरे को बचाने के क्रम में दोनो लोग गहरे पानी में चले गए। तालाब के किनार पर बैठे लोगो ने दोनो को डूबते हुए देखा। जब तक लोगो के द्वारा पानी से बाहर निकाला गया तब तक एक का हालत नाजुक हो गया था। हालांकि दोनो युवको आननफानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाबूबरही लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु मधुबनी रेफर कर दिया गया है। दोनो लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले बताया जा रहा है। दोनो युवक खड़गबनी गांव में रहकर नाच पार्टी में काम करते थे।

### छठ व्रतियों के बीच अगरबत्ती और जलावन किया गया वितरण

विभूतिपुर, समस्तीपुर। प्रखंड अंतर्गत मुस्तफापुर पंचायत में छठ व्रत के अवसर पर समाजसेवी सह जदयू के प्रखंड कार्यकारिणी सदस्य रामनरेश झा के सौजन्य से पिछड़े वर्ग के 100 परिवारों के बीच अगरबत्ती और जलावन वितरण किया गया। मौके पर उमेश झा, संजीत कुमार महतो, राजीव रंजन झा, शिवाजी प्रसाद, मदन कुमार झा, सचिन कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### अखबार हॉकर ने डीएसपी से लगाई मदद की गुहार

विभूतिपुर, समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के साखमोहन वार्ड 4 गंगौली निवासी सियाराम साह के पुत्र प्रहलाद कुमार(अखबार हॉकर) ने रोसड़ा डीएसपी को लिखित आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई है। बताया कि मेरे पड़ोसी कुंदन कुमार 30 सितंबर की सुबह पेड़ उखाड़ कर फेंक दिया। तभी उसका भाई चंदन कुमार लोहे के रोड लेकर आया और मारते हुए जब से पच्चास हजार रुपए निकाल लिया। इसके बाद दीपक साह, कृष्ण गोपाल साह, चंदन साह के नाना मदन साह, बिट्टू साह सभी मिलकर मारपीट करने लगा। 4 अक्टूबर को विभूतिपुर थाना में आवेदन देकर आत्मदाह करने लगा तो थाना प्रभारी द्वारा हाजत में बंद कर दिया गया एवं गंदा-गंदा गाली देते हुए मारपीट किया गया।

### पिकअप पलटा, बाल-बाल बचा चालक

कल्याणपुर, समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के कल्याणपुर समस्तीपुर दरभंगा मुख्य पथ के परतापुर भट्टी के नजदीक चोकर से लदी एक पलट गई। जिसमें पिकअप चालक बाल बाल बच गए। पिकअप दरभंगा से समस्तीपुर जा रही थी। जाने के ही क्रम में अचानक पिकअप पलट गया और चालक फरार हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस पिकअप को जप्त करते हुए अग्रसर कार्रवाई शुरू कर दी है। इस संबंध में अपर थाना अध्यक्ष दीपक कुमार झा ने बताया कि चोकर पिकअप पर लढी हुई थी। चालक के संतुलन खोने से सड़क के किनारे गड्ढे में गिरने की घटना से कोई हताहत नहीं हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि चोकर से लदी पिकअप काफी तेज रफ्तार में थी। जिसके कारण पिकअप पलटी।

### बीडीओ ने किया छठ घाट का निरीक्षण

कल्याणपुर, समस्तीपुर। छठ महापर्व को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी देवेंद्र कुमार ने बुधवार को क्षेत्र के कल्याणपुर, जितवारिया, लदौरा आदि जगहों के कई छठ घाट का निरीक्षण किया। छठ घाट के निरीक्षण के दौरान उन्होंने छठ घाटों की साफ सफाई का निरीक्षण करते हुए बैरिकेडिंग एवं छठ घाट पर रोशनी की व्यवस्था करने का सुझाव दिया। ताकि छठवर्ती को छठ घाट पर जाने के दौरान परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। मौके पर पूर्व मुखिया रामबाबू राय मुखिया गंगा देवी, पैक्स अध्यक्ष रजनीश राय आदि लोग मौजूद थे

### घर के विवाद पर एक व्यक्ति के साथ हुई मारपीट

जमुई [ झाझा ] अलकजरा गांव में घर के विवाद को लेकर मंगलवार की शाम एक व्यक्ति के साथ उसके पिता, भाई के द्वारा मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। घायल व्यक्ति की पहचान रविन्द्र कुमार के रूप में हुई। घायल को लोगों की मदद से इलाज हेतु झाझा रेफरल अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज किया गया। घायल ने बताया कि मेरा भाई और मेरा पिता मुझको घर मे रहने नही देता है।

# भतीजे ने ही चाचा की हत्या, मधुबनी पुलिस ने किया खुलासा, आरोपी युवक गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता




मधुबनी के नव करही गांव के अभय झा हत्या मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। ये जानकारी बेनीपट्टी डीएसपी निशिकांत भारती ने दिया है। पुलिस ने कांड का खुलासा कर युवक आकाश कुमार झा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने युवक का खून से सना कपड़ा भी बरामद कर लिया है। वही घटनास्थल से पुलिस ने शव के साथ ही रखा हत्या में प्रयुक्त लोहे का चाकू बरामद किया था। घटना किसी जान पहचान के व्यक्ति के द्वारा ही किया गया है। चूंकि हत्या के बाद हत्या में प्रयुक्त हथियार वही रखा हुआ था जो मृतक का था। वही मृतक के घर में कुछ भी समान बिखड़ा हुआ नही था। जिससे संभावना प्रबल हो रही थी। दरअसल आकाश और मृतक अभय झा रिश्ते में चाचा भतीजा थे और शराब पीने के चक्कर मे दोनो करीब तीन चार माह से लंगोटिया दोस्त की तरह रहते थे। मृतक के घर आकाश का अक्सर आना जाना होता था।उधर घटना का खुलासा करते हुए बेनीपट्टी डीएसपी निशिकांत भारती ने बताया कि आकाश से हुई पूछताछ के बाद घटना पूरी तरह से साफ हो गया। दरअसल मृतक घटना के शाम आकाश के साथ शराब का सेवन किया था। घर आते आते मृतक का नशा कुछ कम हो गया तो वो आकाश से फिर से शराब पीने के लिए चलने को कहा जिस पर आकाश ने इनकार कर दिया। यही इनकार आखिरकार अभय झा के हत्या का कारण बन गया।आकाश के इनकार करने से मृतक आक्रोशित हो उठा और आकाश पर चाकू से वार करने लगा। इसी से आक्रोशित होकर आकाश ने मृतक पर उसी हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर जख्मी कर फरार हो गया। आकाश मृतक के घर से बाहर निकलते समय गेट को बाहर से बंद कर दिया। देखिए इस हत्याकांड में प्रयुक्त चाकू खून से सना कपड़ा बरामद हो गया है। अब पुलिस एफ एस एल से रिपोर्ट लेने की प्रक्रिया में जुटेगी।

## पुलिस ने दूसरे बदमाश को हथियार के साथ पकड़ा

प्रात: किरण, संवाददाता

मधुबनी झंझारपुर डीएसपी पवन कुमार के नेतृत्व में मधेपुर भेजा और लखनौर थाने की पुलिस सोमवार रात बीरपुर गांव निवासी वांछित अपराधी नकुल यादव उर्फ आशुतोष यादव को पकड़ने उनके घर पर छापेमारी किया। छापेमारी के दौरान नकुल यादव तो पुलिस को नही मिला लेकिन पुलिस ने उनके चाचा रामचंद्र यादव के पुत्र 19 वर्षीय सुशील कुमार यादव को वहां से पकड़ लिया। पकड़ाए युवक के पास से आर्म्स की बरामदगी दिखाई है। इस घटना की प्राथमिकी मधेपुर थानाध्यक्ष प्रकाश चन्द्र राजू ने स्वयं के बयान पर कुछ इस तरह दर्ज की है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि ग्रामीणो के बीच दहशत फैलाने एवं किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से अपराधी प्रवृत्ति के कुछ बदमाश खुलेआम देशी कट्टा लहराते हुए सोमवार देर शाम बीरपुर गांव में घूम रहे थे। वरीय अधिकारियो द्वारा इसकी सूचना मिलने पर झंझारपुर डीएसपी पवन कुमार के नेतृत्व में तीन थानो की पुलिस बीरपुर गांव में छापेमारी करने पहुंचा। इस दौरान गांव में लगे विद्युत ट्रांसफार्मर के निकट तीन बदमाशो को देखा गया। पुलिस द्वारा पीछा करने पर दो युवक भागने में सफल रहा जबकि पुलिस ने एक को पकड़ लिया। पकड़ाए युवक की पहचान थाना क्षेत्र के बीरपुर गांव निवासी रामचंद्र यादव के वर्षीय पुत्र सुशील कुमार यादव के रूप में की हुआ है उनके कमर से एक देशी कट्टा और पेंट की जेब से एक जिंदा कारतूस पुलिस ने बरामद किया है। पकड़ाए बदमाश ने भागने वालो की पहचान बीरपुर गांव निवासी रामाशीष यादव के पुत्र नकुल यादव उर्फ आशुतोष यादव तथा भीठ भगवानपुर गांव निवासी गणेश कामत के पुत्र घुरण कामत के रूप में पुलिस को बताया। प्राथमिकी में सुशील कुमार यादव नकुल यादव और घुरण कामत के विरुद्ध आर्म्स एक्ट सहित अन्य सुसंगत धाराएं लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि कई अपराधिक मामलो में वांछित अपराधी नकुल यादव उर्फ आशुतोष यादव को गिरफ्तार करने के लिए झंझारपुर डीएसपी पवन कुमार द्वारा सोमवार को ही एक टास्क फोर्स गठित किया गया था।

## बाढ़ पीड़ित व्रतियों के बीच भाजपा नेता पप्पू सिंह ने छठ सामग्री का किया वितरण



प्रात: किरण, संवाददाता

बिरौल(दरभंगा)। किरतपुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रह रहे विस्थापित लोगों के लिए छठ पर्व के अवसर पर सहयोग का एक विशेष पहल सामने आया है। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने बाढ़ पीड़ित छठ व्रतियों के बीच छठ सामग्री का वितरण किया। श्री सिंह ने कोशी तटबंध पर बसे इन बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचकर उन्हें साड़ी, नारियल, सुप, डगरा, ईख, सेब, सहित छठ पूजा के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई। इस सेवा के माध्यम से उन्होंने बाढ़ पीड़ित व्रतियों के प्रति अपनी संवेदनशीलता और सहानुभूति व्यक्त की। इस अवसर पर संजय सिंह ने कहा कि छठ पर्व केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रति एकता, सहयोग और संवेदनशीलता का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में हम अपने लोगों के साथ खड़े हैं और उनके इस पवित्र अनुष्ठान में किसी प्रकार की कमी न हो, इसके लिए हमने प्रयास किया है। उनके इस सहयोग से व्रतियों को पूजा की तैयारी में विशेष सहायता मिली, जिससे वे निर्बाध रूप से अपनी परंपराओं का निर्वाह कर पाएंगे।बाढ़ के कारण विस्थापित हुए परिवारों के लिए छठ की तैयारी करना बेहद कठिन हो गया था। कोशी तटबंध पर अस्थायी रूप से बसे इन परिवारों के पास पूजा की आवश्यक सामग्री जुटाना एक बड़ी चुनौती थी। स्थानीय लोगों ने भी इस प्रयास की सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया।

इस प्रकार श्री सिंह और उनकी टीम का यह कदम उन बाढ़ पीड़ित परिवारों के लिए एक बड़ा सहारा साबित हुआ, जो अपनी धार्मिक आस्थाओं को संजोए रखते हुए विपरीत परिस्थितियों में भी छठ पर्व का पालन कर रहे हैं।मौके पर दरभंगा विवाग कार्यवाह सनोज नायक,पिंकू सिंह, कुंदन सिंह,सागर सिंह,दीपक सिंह, राजीव सिंह समेत मौजूद।

## लूटपाट व रंगदारी मांगने तथा अपहरण की प्रयास करने का प्राथमिकी दर्ज, एक गिरफ्तार

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता



थाना क्षेत्र के महम्मदपुर सकड़ा वार्ड 09 निवासी रामबाबू सहनी की पत्नी रेखा देवी ने घर में लूटपाट करने, रंगदारी मांगने एवं अपहरण की प्रयास करने का प्राथमिकी दर्ज कराया है। जिसमें रामबली यादव के पुत्र छोटे लाल यादव एवं हरे राम यादव के पुत्र राजा यादव को नामजद किया है। दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि 18 अक्टूबर को छोटे लाल यादव अपने मोबाइल से मेरे पुत्र के मोबाइल पर फोन कर बोला तुम्हारा दादा एफसीआई से रिटायर्ड कर आया है दो लाख रुपया रंगदारी देना होगा। पुनः 2 नवंबर को संध्या मैं घर में थी तभी छोटे लाल यादव हाथ में पिस्तौल लेकर आया। उसके साथ राजा यादव भी मेरे घर में घुसा। गाली देते हुए छोटे लाल यादव गलत नीयत से मुझे छूने लगा और धमकाने लगा। जिस पर मैं चिल्लाई तो मेरी पुत्री आई। इसके बाद मेरा हाथ छोड़कर मेरी पुत्री का हाथ पकड़ लिया और राजा यादव पेटी का ताला तोड़कर 40 हजार रुपए नगद एवं एक लाख 60 हजार रुपए का सोना चांदी का जेवर ले लिया। और मेरे पुत्री को जबरदस्ती उठाकर मोटरसाइकिल पर बैठाने लगा। शोर मचाने पर आसपास के लोग जुटे। तब वे मेरे पुत्री को छोड़कर भाग गया। वहीं मामले को गंभीरता से लेते हुए विभूतिपुर पुलिस ने मामले की प्राथमिकी दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त छोटे लाल यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## सांसद ने किया सूर्य महोत्सव का उद्घाटन, कहा पूजा हमारी संस्कृति का हिस्सा



प्रात: किरण, संवाददाता

दरभंगा।सूर्य भगवान दुनियां में एक मात्र प्रत्यक्ष देवता हैं जिनकी महिमा का वर्णन करना संभव नहीं है। भारतीय संस्कृति अपने आप में एक उदाहरण है जहां डूबते सूर्य की पूजा की जाती है। दरभंगा के सांसद सह लोकसभा में भाजपा के सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने ग्रामीण विधानसभा के धोई पंचायत में आज चार दिवसीय छठ महोत्सव का उद्घाटन करते हुए उपरोक्त बातें कही। सांसद डा ठाकुर ने इस अवसर पर 501 कन्याओं द्वारा निकाली गई कलश शोभा यात्रा में भी भाग लिया। सांसद डा ठाकुर ने छठ पर्व को लोक आस्था तथा प्राकृतिक परंपरा का अद्भुत संगम बताते हुए कहा कि यह पर्व अपने आप में एक उदाहरण है जिसमे घर परिवार की लोक व्यवहार में आने वाली हर वस्तुओं का ही प्रसाद बनाया जाता है। सांसद डा ठाकुर ने छठ पूजा को भारतीय संस्कृति का प्रमुख हिस्सा बताते हुए कहा कि कृषि, लोक व्यवहार, परंपरा तथा आस्था के साथ इस पर्व को मनाकर श्रद्धालु अपने परिजनो के साथ जगत कल्याण की कामना करते है। सांसद डा ठाकुर ने छठ पर्व को एक एक सिख बताते हुए कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति का यह पर्व दुनिया में एक उदाहरण है जहाँ डूबते और उगते दोनों रूप में भगवान सूर्य की पूजा की जाती है जिससे यह स्पष्ट होता है कि जिसका अस्त होता है उसका उदय होना भी तय होता है। पूजा कमिटी के अध्यक्ष सत्यनारायण मंडल की अध्यक्षता में आयोजित हुई महोत्सव में भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक अमर, रामबाबू मंडल, सुशील मंडल, धीरेंद्र मिश्र, आयुष यादव, आदि शामिल थे।

## जांच रिपोर्ट में क्लीन चिट मिलने के 20 दिनों के बाद फिर से सदर अस्पताल के डीएस बने डॉ गिरीश कुमार



समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

सिविल सर्जन के द्वारा गठित की गई जांच टीम के द्वारा क्लीन चिट मिलने के बाद सिविल सर्जन डॉ एसके चौधरी ने छह नवंबर को जांच रिपोर्ट के आधार व डीएम के निर्देश पर सदर अस्पताल के डीएस डॉ नागमणि राज को तत्काल प्रभाव से हटाते हुए डॉ गिरीश कुमार को एक बार फिर से सदर अस्पताल का डीएस बनाया है। उन्होंने डॉ नागमणि राज को अविलंब उपाधीक्षक से संबंधित अपना संपूर्ण प्रभार डॉ गिरीश कुमार को सौंपने का आदेश दिया है। वहीं डॉ गिरीश कुमार को डॉ नागमणि राज से प्रभार ग्रहण कर अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने का निर्देश दिया है। इस खबर की सूचना के बाद सदर अस्पताल के डॉक्टरों व कर्मियों में हर्ष का माहौल व्याप्त है। बता दें कि बीते जुलाई महीने में सांसद शांभवी चौधरी ने सदर अस्पताल निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान सदर अस्पताल में नजर आई कमियों के संबंध में उन्होंने जिले के 20 सूत्री की बैठक में जिले के प्रभारी मंत्री से इसकी शिकायत की थी। जिसके बाद सिविल सर्जन ने डॉ गिरीश कुमार को बगैर शो कॉज व जांच के ही किए ही ऊपर से आए प्रेशर के बाद डीएस पद से हटाते हुए डॉ नागमणि राज को डीएस बना दिया था। वहीं इस घटना के 3 महीने के बाद गठित जांच टीम ने तत्कालीन डीएस डॉक्टर गिरीश कुमार को अपनी जांच रिपोर्ट में क्लीन चिट दे दी थी। इसके बाद डॉ गिरीश कुमार के फिर से सदर अस्पताल के डीएस की बनने की संभावना बढ़ गई थी।

## प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में बिहार विकास की नित्य नहीं गाथा लिख रही है : प्रो विनय चौधरी

प्रात: किरण, संवाददाता



बेनीपुर (दरभंगा)।विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी ने कहा कि बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सफल निर्देशन में पिछले दो दशक से न्याय के साथ विकास की यात्रा अनवरत जारी है और आगे भी जारी रहेगी ।जिसमें सभी जाति वर्ग एवं धर्म के लोगों का समान भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।वे बुधवार को आस्था का महापर्व छठ से पूर्व विधानसभा क्षेत्र के बहेरी प्रखंड अंतर्गत सिरसिया,नर्सर एवं कटवासा गांव के विभिन्न तालाबों में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत अपने एच्छिक कोष से नवनिर्मित छठ घाट का लोकार्पण करते हुए उक्त बातें कही।इस दौरान विधायक श्री चौधरी ने कहा कि बिहार के विकास में सभी वर्गों का समान भागीदारी सुनिश्चित की गई है।जिसमें कहीं कब्रिस्तान की घेराबंदी की जा रही है तो कहीं मंदिर की घेराबंदी,कहीं सामुदायिक भवन का निर्माण किया जा रहा है तो आवश्यकतानुसार जल निकासी के लिए नाला का निर्माण किया जा रहा है।उन्होंने इस अवसर पर क्षेत्र वासियों को छठ महापर्व की शुभकामना देते हुए कहा कि यह पर्व आस्थाओं का महापर्व है ।जिसमें सादगी ,सच्चाई और पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाहित है।इस दौरान उन्होंने बिहार के विकास के साथ-साथ क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की चर्चा करते हुए कहा कि आज बेनीपुर विधानसभा क्षेत्र सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पेयजल, सहित किसानों की सभी समस्याओं का निदान के साथ विकास की गति तेज की गई है ।जिसमें सबों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।जिसमें खासकर सड़क,शिक्षाऔर स्वास्थ्य में तो अमूलचूल परिवर्तन किए गए हैं जो विकास के पैमाने का आधारभूत संरचना है।विधायक प्रो चौधरी ने बिहार विकास की चर्चा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में बिहार विकास की नित्य नहीं गाथा लिख रही है।इस अवसर पर जदयू के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष शंभूनाथ झा,युवा जदयू जिलाध्यक्ष राम शंकर सिंह,गजेंद्र प्रसाद सिंह, रामविलास सिंह,पूर्व मुखिया अजीत कुमार सिंह एवं राम शंकर मंडल,कैलाश कुमार,दानी प्रसाद सिंह, संतोष साह,अमिताभ कुमार,इंद्र कुमार देव, सुभाष कुमार, दयानंद कुमार,राजकुमार सिंह,मनोज कुमार सिंह, राजनारायण मंडल, रामचतुर यादव, विक्रम कुमार सिंह, प्रभु मंडल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## छठ घाट की तैयारी पूरी, व्रती आज देगी अस्तगामी सूर्य को अर्घ्य

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

प्रखंड अंतर्गत छठ महापर्व को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। साफ सफाई के साथ साथ छठ घाटों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।इस बार नदियों में कम खलिहानों में अधिक छठ घाट बनाकर सजाया गया है। वैसे तो प्रखंड क्षेत्र से गुजरने वाली बूढ़ी गंडक नदी, बैंती नदी के अलावा दैंता पोखर, भात पोखर, शनिवार हाट पोखर, तुलसी झा पोखर सहित अन्य तालाबों में भी साफ सफाई कर छठ घाट बनाकर सजाया गया है। वहीं अधिकांश लोग अपने अपने खलिहानों को साफ सफाई कर छठ घाट बनाने में जुटे हैं। वहीं बूढ़ी गंडक नदी के सिंघिया घाट व नरहन में भगवान भास्कर की प्रतिमा स्थापित की गई है। चार दिनों के महा अनुष्ठान छठ पूजा की शुरूआत मंगलवार को नहाय खाय के साथ शुरू हुई। बुधवार को छठ व्रतियों ने खरना किया व खरना का प्रसाद वितरण किया गया। आज गुरूवार को को अस्ताचलगामी सूर्य का अर्घ्य दी जाएगी तथा शुक्रवार को उदीयमान सूर्य के अर्घ्य के बाद व्रती पारण करेंगी।पारण के साथ ही इस महापर्व छठ का समापन होगा।

## सड़क जाम करने के विरोध में 05 नामजद एवं 50 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

थाना क्षेत्र के खोकसाहा चौक पर अवैध रूप से सड़क जाम कर आवागमन बाधित करने के विरुद्ध में 05 नामजद बिहारी महतो, कृष्ण कुमार, सोनू पंडित, महेश महतो, मनोज कुमार एवं अन्य 50 अज्ञात के विरुद्ध थानाध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताया गया कि सूचना मिली कि बन्हैती निवासी विनोद कुमार सिंह के पुत्र मृतक मंटून कुमार का शव के पोस्टमार्टम बाद उनके परिजनों व अन्य के द्वारा शव के साथ खोकसाहा चौक पर सड़क जाम किए हुए हैं। वहां पहुंच कर देखा तो नामजद व अज्ञात व्यक्ति द्वारा बांस बल्ला लगाकर एवं वाहन को बीच सड़क पर खड़ा कर आवागमन बाधित किए हुए हैं। लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया लेकिन लोगों द्वारा हम लोगों के साथ हाथापाई की गई एवं प्रशासन के विरुद्ध नारा लगाते हुए सड़क को अवरोध किये रहे। काफी समझाने बुझाने के बाद सभी लोग शव को लेकर सड़क से हटे।तब जाकर यातायात शुरू हुआ।

## समाज सेवी लल्लू बरनवाल के द्वारा जेसीबी वाहन से कराई जा रही छठ घाटों की सफाई



प्रात: किरण, संवाददाता

सोनो जमुई : जमुई जिला अंतर्गत आदर्श ग्राम पंचायत राज दहियारी के बटिया बाजार निवासी समाज सेवी लल्लू प्रसाद बरनवाल के द्वारा पिछले 15 वर्षों पुर्व से लगातार दहियारी पंचायत स्थित विभिन्न छठ घाटों की सफाई अपने निजी कोष से जेसीबी वाहन द्वारा कराई जा रही है । जिसमे खासकर गोंती नदी में उमड़ने वाली बड़ी संख्या में छठ व्रतियों ओर आम श्रदालुओं के लिए छठ घाटों की सफाई एवं घाटों की ओर जाने वाली मार्ग को जेसीबी वाहन द्वारा दुरुस्त कराने का काम तेज गति से कराया जा रहा हे जो अंतिम चरण पर हे । श्री लल्लू प्रसाद बरनवाल ने बताया कि छठ मैया की महिमा अपरंपार हे जो भी श्रधालु भक्त सच्चे मन से छठ मैया की पुजा अराधना करते हैं छठ मैया उनकी मनोकामना अवश्य ही पुरी करते हैं । मौके पर उपस्थित समाज सेवी बिनोद बरनवाल ने लल्लू प्रसाद बरनवाल के द्वारा कराये जा रहे इस कार्य की सराहना करते हुए बताया कि नैम निष्ठा के इस पावन पर्व को लोग शांति ओर सौहार्द पुर्ण वातावरण में मनाते हैं । समाज सेवी सह बाबा झुमराज मंदीर के उपाध्यक्ष श्री आशीष बरनवाल ने हिन्दुओं का इस महान पर्व छठ महापर्व के शुभ अवसर पर पिछले 15 वर्षों पुर्व से छठ घाटों की सफाई करा रहे श्री लल्लू प्रसाद बरनवाल की सराहना करते हुए कहा कि लल्लू प्रसाद बरनवाल की तरह अन्य लोगों को भी इस कार्य मे बढ़ चढकर हिस्सा लेना चाहिए । सफाई के दौरान समाज सेवी लल्लू प्रसाद बरनवाल के साथ बिनोद बरनवाल , रंजित बरनवाल , प्रमोद बरनवाल , आशीष कुमार बरनवाल , विकास कुमार बरनवाल , रंजीत बरनवाल , पवन बरनवाल , सौनु बरनवाल , प्रिंस कुमार , रोहित बरनवाल , तुलसी रजक , प्रमोद बरनवाल , गुड्डू बरनवाल , टिंकु कुमार बरनवाल , कुंदन बरनवाल एवं सिमु कुमार आदि शामिल थे ।

## लोक आस्था का महापर्व छठपुजा में अर्घ्य के साथ भागीरथ मांगेगी बरनार नदी



प्रात: किरण, संवाददाता

सोनो जमुई : अपनी अमृत धारा बरसाने वाली जीवन दायिनी बरनार नदी आज मरणासन्न स्थित मे हे , ओर वह जीवन धारा मांग रही है । इसके लिए इस छठ महापर्व के दौरान बरनार नदी छठ माता का गीत टुटती बिखेरती सांसो से गायेगी ओर भगवान भास्कर सुर्य को अर्घ्य देगी । क्योंकि लोगों की जुल्म से बरनार नदी की धारा मरणासन्न स्थित में हो चुकी है । बरसात के मौसम में यह नदी जहाँ बौराती हे वहीं शैष बचे महीनों में सुखे गड्ढों मे प्यासी पड़ी रहती है । लिहाजा गिनती के लिए ही अब इसकी सांसे बची रह गई है । प्रकृति के इस महान पर्व छठ पूजा के गीतों के बीच बरनार नदी का दर्द कराह बनकर बाहर आ रहा है । साथ ही अतिक्रमण ओर भारी तायदाद मे बालु निकाले जाने से यह नदी पुरी तरह आहत हो गई है । इस नदी के खजाने से बालु के साथ साथ पानी भी गायब हो चुकी है । ओरों के प्यास दुर करने वाली बरनार नदी से भारी मात्रा में उठाये गए बालु से बनी गड्ढों के कारण गरमियों के दिनों में ये खुद प्यास से कराह उठती हे ।

## चौकीदार के बयान पर सर्वमंगला काली पूजा समिति खोकसाहा के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

थाना में कार्यरत चौकीदार मदन पासवान के बयान पर सर्वमंगला काली पूजा समिति खोकसाहा के अध्यक्ष/सचिव/कोषाध्यक्ष एवं सदस्य के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी के माध्यम से चौकीदार ने बताया कि खोकसाहा संस्कृत विद्यालय परिसर में आयोजित काली पूजा विधि व्यवस्था के ल ड्यूटी में मैं तैनात था। अचानक 7:30 बजे संध्या सर्व मंगला काली पूजा समिति खोकसाहा के संचालकों द्वारा बिना अनुमति के रावण दहन का कार्यक्रम किया गया। जहां व्यवस्था सही नहीं रहने के कारण रावण के अवशेष को लूटने के लिए लोग दौड़ने लगे। लोगों के बीच अफरा-तफरी के क्रम में बन्हैती निवासी विनोद कुमार सिंह के 14 वर्षीय पुत्र मंटून कुमार के शरीर पर अचानक लोहे का पाइप गिर गया और उनकी मृत्यु उक्त स्थल पर ही हो गया। जिसमें मेला संचालक की बहुत बड़ी लापरवाही है।

सम्पादकीय


# लोक आस्थाका पर्व छठ

हमारे देशमें सूयोर्पासनाके लिए प्रसिद्ध पर्व है छठ । मूलतः सूर्य षष्ठी व्रत होनेके कारण इसे छठ कहा गया है । यह पर्व वर्षमें दो बार मनाया जाता है । पहली बार चैत्रमें और दूसरी बार कार्तिकमें । चैत्र शुक्लपक्ष षष्ठीपर मनाए जानेवाले छठ पर्वको चैती छठ व कार्तिक शुक्लपक्ष षष्ठीपर मनाए जानेवाले पर्वको कार्तिकी छठ कहा जाता है । पारिवारिक सुख-स्मृद्धि तथा मनोवांछित फलप्राप्तिके लिए यह पर्व मनाया जाता है । इस पर्वको स्त्री और पुरुष समानरूपसे मनाते हैं । छठ व्रतके संबंधमें अनेक कथाएं प्रचलित हैं; उनमेंसे एक कथाके अनुसार जब पांडव अपना सारा राजपाट जुएमें हार गए, तब द्रौपदीने छठ व्रत रखा । तब उसकी मनोकामनाएं पूरी हुईं तथा पांडवोंको राजपाट वापस मिल गया । लोकपरंपराके अनुसार सूर्य देव और छठी मइयाका संबंध भाई-बहनका है । लोक मातृका षष्ठीकी पहली पूजा सूर्यने ही की थी । छठ पर्वकी परंपरामें बहुत ही गहरा विज्ञान छिपा हुआ है, षष्ठी तिथि (छठ) एक विशेष खगौलीय अवसर है । उस समय सूर्यकी पराबैगनी किरणें (४'३१ ५ङ्ग्री३ १८२) पृथ्वीकी सतहपर सामान्यसे अधिक मात्रामें एकत्र हो जाती हैं । उसके संभावित कुप्रभावोंसे मानवकी यथासंभव रक्षा करनेका सामर्थ्य इस परंपरामें है । पर्वपालनसे सूर्य (तारा) प्रकाश (पराबैगनी किरण) के हानिकारक प्रभावसे जीवोंकी रक्षा संभव है । पृथ्वीके जीवोंको इससे बहुत लाभ मिल सकता है । सूर्यके प्रकाशके साथ उसकी पराबैगनी किरण भी चंद्रमा और पृथ्वीपर आती हैं । सूर्यका प्रकाश जब पृथ्वीपर पहुंचता है, तो पहले उसे वायुमंडल मिलता है । वायुमंडलमें प्रवेश करनेपर उसे आयन मंडल मिलता है । पराबैगनी किरणोंका उपयोग कर वायुमंडल अपने ऑक्सीजन तत्त्वको संश्लेषित कर उसे उसके एलोट्रोप ओजोनमें बदल देता है । इस क्रियाद्वारा सूर्यकी पराबैगनी किरणोंका अधिकांश भाग पृथ्वीके वायुमंडलमें ही अवशोषित हो जाता है । पृथ्वीकी सतहपर केवल उसका नगण्य भाग ही पहुंच पाता है । सामान्य अवस्थामें पृथ्वीकी सतहपर पहुंचनेवाली पराबैगनी किरणकी मात्रा मनुष्यों या जीवोंके सहन करनेकी सीमामें होती है । अतः सामान्य अवस्थामें मनुष्योंपर उसका कोई विशेष हानिकारक प्रभाव नहीं पडता, बल्कि उस धूपद्वारा हानिकारक कीटाणु मर जाते हैं, जिससे मनुष्य या जीवनको लाभ ही होता है । छठ जैसी खगौलीय स्थिति (चंद्रमा और पृथ्वीके भ्रमण तलोंकी सम रेखाके दोनों छोरोंपर) सूर्यकी पराबैगनी किरणें कुछ चंद्र सतहसे परावर्तित तथा कुछ गोलीय अपवर्तित होती हुई, पृथ्वीपर पुनः सामान्यसे अधिक मात्रामें पहुंच जाती हैं । वायुमंडलके स्तरोंसे आवर्तित होती हुई, सूर्यास्त तथा सूर्योदयको यह और भी सघन हो जाती है । ज्योतिषीय गणनाके अनुसार यह घटना कार्तिक तथा चैत्र मासकी अमावस्याके छः दिन उपरांत आती है । ज्योतिषीय गणनापर आधारित होनेके कारण इसका नाम और कुछ नहीं, बल्कि छठ पर्व ही रखा गया है । २. छठ पूजा कथा इतिहास त्रेतायुग में भगवान राम जब माता सीता से स्वयंवर करके घर लौटे थे और उनका राज्याभिषेक किया गया, उसके पश्चात उन्होंने पूरे विधान के साथ कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को पूरे परिवार के साथ यह पूजा की थी; तभी से इस पूजा का महत्त्व है । द्वापरयुग में जब पांडव ने अपना सर्वस्व गंवा दिया था, तब द्रौपदी ने इस व्रत का पालन किया । वर्षों तक इसे नियमित करने पर पांडवों को उनका सर्वस्व वापस मिला था । इसकी पौराणिक कथा कुछ इस प्रकार है । बहुत समय पहले एक राजा-रानी हुआ करते थे । उनकी कोई संतान नहीं थी । राजा इससे बहुत दुःखी थे । महर्षि कश्यप उनके राज्य में आए । राजा ने उनकी सेवा की । महर्षि ने आशीर्वाद दिया जिसके प्रभाव से रानी गर्भवती हो गई; परंतु उनकी संतान मृत पैदा हुई जिसके कारण राजा-रानी अत्यंत दुःखी थे और दोनों ने आत्महत्या का निर्णय लिया ।

# महाराष्ट्र की राजनीति के केंद्र बिंदु बने उद्धव ठाकरे

**यह सही है कि उद्धव की पार्टी एक छोटी पार्टी है लेकिन फिर भी वे वर्तमान में महाराष्ट्र की राजनीति के केंद्रबिंदु हैं, किसी भी प्रेस कॉन्फ्रेंस में देख लीजिए, यदि सारी पार्टियों के नेता एक मंच पर बैठे हों तो सबसे ज्यादा सवाल उद्धव से ही पूछे जाते हैं और कैमरा भी उन पर ही होता है जबकि वे न तो मुख्यमंत्री हैं न प्रधानमंत्री लेकिन उनका जनता से सीधा जुड़ाव है इसलिए उनको मीडिया कवरेज मिलता है। उनकी बात रोमांच पैदा करती है इसलिए उनको कवरेज मिलता है और उनको कवरेज हमेशा मिलता रहेगा उनके पिताजी की तरह क्योंकि वे उन्हीं के नक्शे कदम पर चल रहे हैं। बाला साहेब सत्ता की राजनीति में यकीन नहीं करते थे, इसलिए अब यह बात महत्वपूर्ण नहीं होगी कि उद्धव सेना सत्ता हासिल करेगी या मेकर बनेगी और न ही उद्धव का अब यह टारगेट होगा क्योंकि उनको विपक्ष में बैठने की आदत है।**





मुकेश कबीर
लेखक

आज महाराष्ट्र की राजनीति का सबसे चर्चित नाम है उद्धव ठाकरे। खासकर पिछले पांच साल से जैसी राजनीति महाराष्ट्र में चल रही है उसके कारण उद्धव ठाकरे आज महाराष्ट्र में वही हैसियत रखने लगे हैं जो एक वक्त देश की राजनीति में चंद्रशेखर रखते थे। भारत के इस पूर्व प्रधानमंत्री के बारे में कहा जाता था कि ह्लदेश में यदि प्रधानमंत्री पद का सीधा चुनाव हो तो चंद्रशेखर ही जीतेंगेह्व यह उनके चार महीने के प्रधानमंत्रित्व काल की वजह से जनता में बनी उनकी छवि का नतीजा था। आज ऐसी ही छवि महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की बन चुकी है। यही कारण है कि जितने भी सर्वे अभी तक आए हैं उनमें सीएम के रूप में लोगों की पहली पसंद उद्धव ही हैं। उद्धव की लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण तो यही है कि वे बाला साहेब ठाकरे के बेटे हैं। उनके प्रति लोगों की सिम्पैथी भी है और उनके ढ़ाई साल के शासन काल से भी लोग संतुष्ट थे। हालांकि पालघर की घटना ने उनके शासन पर एक बड़ा दाग लगाया लेकिन इसमें उद्धव सीधे तौर से शामिल हैं ऐसा आरोप लगाने से विपक्ष भी पूरी तरह से बचता रहा। आमतौर पर उद्धव की जो छवि बनाई गई है उसके अनुसार उनको एक अच्छा राजनीतिज्ञ नहीं माना गया है लेकिन यह ज्यादातर दिल्ली और उत्तर भारत की धारणा है जो उद्धव को न तो नजदीक से जानते हैं और न ही निष्पक्ष बात करते हैं। वे उद्धव को उत्तर भारत का विरोधी बताते हुए उन्हें हिंदू विरोधी भी बताने की कोशिश करते हैं। यही कारण है कि महाराष्ट्र की राजनीति और मराठी जानमानस की सही तस्वीर पूरी तरह देश के सामने आ ही नहीं पाती और फिर बीजेपी के लोग भी उद्धव की जो छवि पेश करते हैं, उसमें पूरी तरह खुद को पाक साफ और उद्धव को गलत बताते हैं साथ ही उद्धव को एक अयोग्य नेता करार देते हैं। इसी गलतफहमी में बीजेपी ने लोकसभा में महाराष्ट्र गंवा दिया वरना आज बीजेपी को स्पष्ट बहुमत मिल चुका होता। बीजेपी उद्धव को एक अयोग्य नेता बताती रही लेकिन इसी अयोग्य नेता के कारण महाराष्ट्र में बीजेपी को बाइस सीटों का नुकसान उठाना पड़ा और उद्धव के कारण ही महाराष्ट्र में कांग्रेस भी पुनर्जीवित हो गई। उद्धव ठाकरे असल में वो नहीं है जो उत्तरभारत का मीडिया दिखाता है या अलगाव के बाद बीजेपी जैसा उनको बताने लगी है बल्कि उद्धव एक सुलझे हुए नेता हैं। उद्धव भी अपने पिता की तरह स्ट्रेटफॉरवर्ड हैं। उनकी कथनी और करनी में ज्यादा फर्क नहीं होता जबकि आजकल की राजनीति में कहा कुछ जाता है और किया कुछ जाता है। अब नेतागण चुनाव के वक्त कुछ और बात करते हैं और शपथ लेने के बाद कुछ और बोलते हैं। ऐसे माहौल में सीधी बात करने वाले लोग मिसफिट होते हैं यही उद्धव के साथ हो रहा है जबकि उनके सामने एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस की कथनी और करनी में फर्क स्पष्ट दिखाई देता है। शिंदे हिंदुत्व के नाम पर सरकार भी बनाते हैं और मजार पर चादर भी चढ़ाते हैं। ईमानदारी की बात भी करते हुए खुद को एक ऑटो वाला भी बताते हैं लेकिन चुनावी हलफनामे में करोड़ों की संपत्ति भी दिखाते हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ तीखे शब्द बोलने वाले शिंदे जी की संपत्ति पिछले पांच साल में तीन गुना कैसे बढ़ गई? लेकिन आज की राजनीति है ही ऐसी कि कहा कुछ जाए और किया कुछ और जाए इसीलिए ज्यादातर नेता मीडिया के सामने बहुत सज्जन और मीठे नजर आते हैं जबकि उनकी कार्यशैली एकदम विपरीत होती है। उद्धव ठाकरे मीडिया में भी खुलकर बोलते हैं और काम भी खुलकर करते हैं, यही ट्रेनिंग उनको बाला साहेब से मिली है। एक बार पत्रकार राजदीप सरदेसाई ने कहा भी था कि शिंदे की चाल को उद्धव इसलिए नहीं समझ पाए क्योंकि उद्धव की ट्रेनिंग बाला साहेब ठाकरे के अंडर में हुई है, यदि उद्धव ने शरद पंवार जी से राजनीति सीखी होती तो शिंदे को पहली बार में ही समझ जाते, शिंदे को दूसरी बार बगावत का मौका ही नहीं देते। ह्लबाला साहेब के स्कूल में डबल स्टेंडर्ड का काम नहीं था न धोखे का और न ही बात छुपाने का। जो भी बात मन में है वो सामने बोलो यही नियम था बाला साहेब की पार्टी में। जब उद्धव को शिवसेना का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया था तब बाला साहेब ने राज ठाकरे से पूछा था कि उद्धव के अध्यक्ष बनने से तुम्हें कोई दिक्कत है क्या या तुम खुद अध्यक्ष बनना चाहते हो?जो भी बात हो साफ साफ बोलो तब राज ठाकरे ने भी उद्धव का विरोध नहीं किया था लेकिन बाद में बगावत कर बैठे। बाला साहेब का भरोसा उद्धव पर ज्यादा था, इसलिए नहीं कि उनको पुत्रमोह था बल्कि इसलिए कि वे राज और उद्धव दोनों की क्षमताओं को जानते थे। शिवसेना में आपसी विवाद होने पर बाला साहेब ने कहा भी था कि ह्लमैं धृतराष्ट्र नहीं हूं बल्कि वही कर रहा हूं जो सही है, वर्तमान समय में उद्धव ही बेहतर हैह्व और बाला साहेब का निर्णय गलत नहीं था। राज एक बेहतरीन वक्ता हैं बिल्कुल बाला साहेब की दूसरी कॉपी लेकिन मैनेजमेंट के मामले में उद्धव बहुत आगे हैं। उद्धव ज्यादा बोलते नहीं हैं लेकिन चुप रहकर अपना काम करते रहते हैं, मेहनती भी ज्यादा हैं, राजनीति में ऐसा ही नेता बेहतर साबित होता है जिसका मैनेजमेंट बेहतर हो सिर्फ भाषण नहीं। उद्धव ठाकरे अब तो भाषण भी अच्छा देते हैं, इस बार के विधान सभा चुनाव में उनके भाषण बहुत पसंद किए गए थे जो सोशल मीडिया में भी बहुत पॉपुलर हुए और मैनेजमेंट भी उनका ऐसा है कि अपने छोटे बड़े सभी कार्यकताओं से पर्सनली बात करते हैं। यदि कहीं कोई कार्यकर्ता किसी कारण नाराज है तो उससे फोन पर चर्चा करके मसला जरूर सुलझाते हैं। यही कारण है कि बाला साहब के जाने के बारह साल बाद भी उद्धव ठाकरे प्रासंगिक बने हुए हैं जबकि बड़े बड़े नेता उद्धव का साथ छोड़कर चले गए। उनकी पार्टी भी तोड़ी गई, चुनाव चिन्ह भी छीन लिया लेकिन इसके बाद भी नए चुनाव चिन्ह के साथ उद्धव ने लोकसभा में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। उद्धव ने न केवल खुद ने नौ सीट जीती बल्कि अपने सहयोगी कांग्रेस और एनसीपी को भी मजबूती से वापस खड़ा कर दिया। अभी भी महाराष्ट्र में उद्धव को रैलियों में जो जन समर्थन मिल रहा है वह आश्चर्यचकित करने वाला है। अभी तक उद्धव को जनता का नेता नहीं माना जाता था उन्हें पैराशूट नेता बताते हुए उनके ऊपर आरोप लगाया जाता था कि वे घर से बाहर नहीं निकलते लेकिन पिछले ढाई साल में उद्धव ने घर से बाहर निकलकर ही नई पार्टी खड़ी की और ऐसी जगह भी सभाएं की जहां से उन्हें पहले जान से मारने की धमकियां मिलती थीं।

# पानी में घुलनशील उर्वरकः पर्यावरण के अनुकूल और फसल उत्पादकता में सुधार की कुंजी

**किसानों को पानी में घुलनशील उर्वरकों के लाभों और उचित आवेदन के तरीकों के बारे में शिक्षित करने की आवश्यकता है। मिट्टी के परीक्षण और पोषक तत्वों की मानचित्रण जैसी सटीक खेती तकनीकों को पानी में घुलनशील उर्वरकों के उपयोग के साथ एकीकृत किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करता है कि पोषक तत्व प्रबंधन विशिष्ट क्षेत्र की स्थितियों के अनुरूप है, अपव्यय को कम करता है और फसल प्रतिक्रियाओं में सुधार करता है। चल रहे शोध को नए जल-घुलनशील उर्वरकों के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जो विभिन्न फसलों और पर्यावरणीय परिस्थितियों को पूरा करते हैं।**





डॉ.सत्यवान सौरभ
लेखक

पानी में घुलनशील उर्वरक-उर्वरक का उपयोग दक्षता बढ़ाने, मिट्टी के स्वास्थ्य को बहाल करने और मक्का जैसी चारा फसलों में उच्च पैदावार को बनाए रखने के लिए एक प्रमुख कृषि-अवरोध के रूप में उभरा है। पारंपरिक उर्वरक अक्सर असमान पोषक तत्व वितरण, खराब फसल प्रतिक्रिया और पर्यावरणीय नुकसान का कारण बनते हैं। इसके विपरीत, पानी में घुलनशील उर्वरक एक संतुलित पोषक आपूर्ति प्रदान करते हैं, मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार करते हैं और फोरेज में नाइट्रेट संचय जैसे मुद्दों को रोकते हैं, जो पशुधन को नुकसान पहुँचा सकते हैं। चारा उत्पादन में उर्वरक आवेदन महत्त्वपूर्ण है, लेकिन यह चुनौतियों के साथ आता है। मक्का के चारे में बायोमास और कच्चे प्रोटीन को बढ़ाते हुए, नाइट्रोजन-भारी उर्वरकों के परिणामस्वरूप नाइट्रेट संचय हो सकता है, जो पशुधन को नुकसान पहुँचा सकता है। प्रभावी उर्वरक उपयोग संतुलित पोषक तत्वों की आपूर्ति, फसल प्रतिक्रिया में सुधार और पर्यावरणीय प्रभावों को कम करता है। अंधाधुंध उर्वरक आवेदन के कारण फसल की पैदावार खराब हो सकती है, मिट्टी के स्वास्थ्य का क्षरण और प्रदूषण हो सकता है। क्षेत्र परीक्षण पोषक तत्वों की आपूर्ति, पोषक तत्वों का उपयोग दक्षता और फसल प्रतिक्रियाओं में पर्याप्त परिवर्तनशीलता को प्रकट करते हैं। क्षेत्रों में इस तरह की विसंगतियाँ समग्र चारा उत्पादकता को प्रभावित करती हैं। इन अक्षमताओं का मुकाबला करने के लिए, विशिष्ट क्षेत्र विशेषताओं के अनुरूप सटीक पोषक तत्व और फसल प्रबंधन आवश्यक है। मिट्टी और उर्वरक वितरण के प्रबंधन के लिए ज्ञान-गहन दृष्टिकोण चारा उत्पादन में परिणामों में काफी सुधार कर सकते हैं। पानी में घुलनशील उर्वरक पौधों के लिए बेहतर पोषक तत्वों की पेशकश करके एक आशाजनक समाधान प्रदान करते हैं। ये उर्वरक पूरी तरह से पानी में घुलनशील होते हैं और एक कम नमक सूचकांक होता है, जिससे उन्हें पर्ण स्प्रे के रूप में या सिंचाई के माध्यम से आवेदन करना आसान हो जाता है। विभिन्न एनपीके योगों (जैसे, 19-19-19) में उपलब्ध, पानी में घुलनशील उर्वरकों में सल्फर और जस्ता जैसे द्वितीयक पोषक तत्व भी होते हैं। वे यह सुनिश्चित करते हैं कि पोषक तत्व पर्यावरणीय कारकों जैसे लीचिंग, कटाव या वाष्पीकरण से प्रभावित बिना फसलों के लिए उपलब्ध रहें। पानी में घुलनशील उर्वरक पोषक तत्वों की अपव्यय को रोककर पोषक तत्वों के उपयोग दक्षता में सुधार करते हैं। उदाहरण के लिए, अनुशंसित उर्वरक खुराक के लगभग 25-30% को पानी में घुलनशील उर्वरकों के माध्यम से बचाया जा सकता है, किसानों के लिए इनपुट लागत को कम करते हुए, इनपुट लागत को कम करते हुए। ये उर्वरक मिट्टी में नमक संचय में योगदान नहीं करते हैं, लंबी अवधि में मिट्टी के स्वास्थ्य को बनाए रखते हैं। पानी में घुलनशील उर्वरकों का उपयोग विभिन्न प्रकार के क्षेत्र की स्थितियों में किया जा सकता है और एक कुशल, संतुलित पोषक आपूर्ति प्रदान करता है, जिससे उच्च चारा पैदावार और चारा की पोषण गुणवत्ता में सुधार होता है। जबकि पानी में घुलनशील उर्वरक कई लाभ प्रदान करते हैं, पोषक तत्व अधिभार का खतरा होता है यदि वे ओवरएप्ड या अनुचित रूप से पतला होते हैं, जिसके परिणामस्वरूप फाइटोटॉक्सिक चोट (पौधे की क्षति) हो सकती है। यह सही खुराक और अनुप्रयोग तकनीकों को सुनिश्चित करने के लिए सावधानीपूर्वक निगरानी और प्रबंधन की आवश्यकता को रेखांकित करता है। कृषी विगण केंद्र, बरनाला द्वारा किए गए फील्ड ट्रायल ने मक्का चारा उत्पादन में पानी में घुलनशील उर्वरकों (एनपीके 19-19-19) की प्रभावशीलता का आकलन किया। अध्ययन ने तीन उर्वरक प्रबंधन प्रथाओं की तुलना कीः किसान का अभ्यास, उर्वरक की खुराक (आरडीएफ) और पानी में घुलनशील उर्वरकों पर फोलियर अनुप्रयोग। परीक्षणों से पता चला कि 75% आरडीएफ के साथ संयुक्त, 1% एकाग्रता में पानी में घुलनशील उर्वरकों के पर्ण आवेदन, मक्का के पौधे की वृद्धि (ताजा और शुष्क वजन) और हरे रंग की चारा की उपज में काफी वृद्धि हुई है। पारंपरिक प्रथाओं की तुलना में चारे की पोषण गुणवत्ता में भी सुधार हुआ। पानी में घुलनशील उर्वरक लीचिंग को कम करते हैं, प्रमुख पोषक तत्वों (एन, पी, के) और नाइट्रोजन वाष्पशीलकरण के अपवाह हानि को कम करते हैं, जो कम उत्पादन लागत में अनुवाद करता है और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करता है। कम पोषक तत्व अपव्यय और बेहतर दक्षता के परिणामस्वरूप किसानों के लिए कम वित्तीय बोझ में, विशेष रूप से उर्वरक लागत के मामले में। इजराइल, जो अपने जल-कुशल कृषि प्रथाओं के लिए जाना जाता है, ने उर्वरक के उपयोग को उर्वरक के उपयोग का उपयोग किया है, जो उर्वरक आवेदन के साथ सिंचाई को एकीकृत करता है। पानी में घुलनशील उर्वरकों को सिंचाई के पानी में भंग कर दिया जाता है और ड्रिप सिंचाई प्रणालियों के माध्यम से सीधे रूट जोन तक पहुँचाया जाता है। ऑस्ट्रेलियाई किसान एक संतुलित पोषक तत्व प्रोफाइल प्राप्त करने के लिए जैविक और धीमी गति से रिलीज उर्वरकों के साथ पानी में घुलनशील उर्वरकों के उपयोग को जोड़ते हैं। जापान नियंत्रित-रिलीज पानी में घुलनशील उर्वरकों को विकसित करने में सबसे आगे रहा है, जो पोषक तत्वों को धीरे-धीरे लंबी अवधि में जारी करने की अनुमति देते हैं। यूरोप में, विशेष रूप से नीदरलैंड जैसे देशों में, स्थायी कृषि प्रमाणन योजनाएँ पर्यावरण के अनुकूल खेती प्रथाओं के साथ संयोजन में पानी में घुलनशील उर्वरकों के उपयोग को प्रोत्साहित करती हैं।

# सड़क निर्माण में संधारणीयता

श्री धमार्नंद सारंगी

देश के दीर्घकालिक सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए सड़कों का ऐसा बुनियादी ढांचा बनाना आवश्यक है जो मजबूत हो और परिवर्तन को वहन करने में सक्षम हो। सड़कों का बुनियादी ढांचा सुरक्षा, विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति में दक्षता और उपयोगकताओं की सुविधाओं के साथ-साथ तेज आवागमन की सुविधा प्रदान करने के लिए आवश्यक है और इसे लंबे समय तक टिकाऊ भी होना चाहिए। परंपरागत रूप से, सड़क निर्माण का काम प्राकृतिक संसाधनों जैसे पत्थर, उपजाऊ मिट्टी, रेत आदि की कमी, पेड़ों की कटाई, ग्रीन-हाउस गैसों के उत्सर्जन इत्यादि से जुड़ा हुआ है। सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इन समस्याओं को सुलझाना आवश्यक है। उदाहरणस्वरूप, एक लेन-किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए लगभग 20,000 टन अच्छी गुणवत्ता वाले पत्थरों की आवश्यकता होती है। इसके अलावा, यह भी अनुमान लगाया गया है कि प्रत्येक लेन-किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण से प्रति वर्ष 24-30 टन कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) उत्सर्जन 1 होता है। हरित भविष्य और शून्य उत्सर्जन के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अंतर्गत, भारत ने 2070 तक 'नेट जीरो' हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। इसलिए, प्राकृतिक संसाधनों के सीमित भंडार को संरक्षित करने के साथ-साथ ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए, माननीय प्रधान मंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और माननीय मंत्री, सड़क परिवहन और राजमार्ग के साम नेतृत्व में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने निम्नलिखित सिद्धांतों के आधार पर राजमार्गों की अपनी योजना, डिजाइन, निर्माण और रखरखाव की रणनीति बनाई हैः नई सामग्रियों, प्रक्रियाओं और प्रौद्योगिकी का उपयोग करके सामग्री की बचत, तेज गति से और टिकाऊ निर्माण के अनुकूल डिजाइन तैयार करना, इत्यादि।

1 टेरी की रिपोर्ट

* प्राकृतिक संसाधनों की खपत कम करना
* स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्रियों पर ध्यान केंद्रित करना
* पर्यावरण के अनुकूल वैकल्पिक सामग्री का उपयोग
* अपशिष्ट पदार्थों में कमी लाना, उनका पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण
* जल, मिट्टी, वनस्पतियों और जीवों आदि का संरक्षण।
* हरित निर्माण पद्धतियों को अपनाना
* ऊर्जा का संरक्षण

प्रक्रियाओं के उपयोग में कुछ ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की गई हैं, जिनका विवरण संक्षेप में इस

प्रकार बताया जा सकता हैः

* लंबे पुलों के लिए अति-उच्च प्रदर्शन वाले फाइबर प्रबलित कंक्रीट (यूएचपीएफआरसी) का उपयोग(यूएचपीएफआरसी के साथ 65 पुलों का निर्माण हुआ/चल रहा है)।
* प्रसंस्कृत स्टील स्लैग- (2.6 मिलियन मीट्रिक टन प्रयुक्त)
* बांस क्रैश बैरियर (8.5 किमी)
* उखाड़े हुए पेड़ों को दोबारा लगाना (70,000)
* मृदा स्थिरीकरण, प्रीकास्ट कंक्रीट तत्व, उच्च प्रदर्शन वाले बिटुमिनस मिक्स, विभिन्न प्रकार के जियोसिंथेटिक्स, कॉयर/जूट जैसे प्राकृतिक मैट, मौजूदा बिटुमिनस फुटपाथों का पुनर्चक्रण, पूर्ण गहराई वाले क्षेत्रों की पुनर्रचना, सुरंग निर्माण/भूस्खलन सामग्री का पुनः उपयोग, निर्माण और विध्वंस की अपशिष्ट सामग्री का उपयोग, जैव-बिटुमेन, प्रबलित कंक्रीट के लिए स्टील बार के प्रतिस्थापन में फाइबर प्रबलित पॉलिमर रीबार आदि सामग्री/प्रौद्योगिकी का उपयोग विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं में अलग-अलग पैमाने पर किया जा रहा है। आमतौर पर, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा विकसित 135 किलोमीटर लंबे ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे को ग्रीन हाईवे परियोजना के लिए आदर्श माना जा सकता है क्योंकि यह कई तरीकों से कार्बन फुटप्रिंट यानी जहरीली ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन को कम करता है।

# जानलेवा होता सड़क जाम

निर्मल रानी

रोड टैक्स अदा किये बिना यदि आप सड़क पर अपना वाहन चलाते हुये पकड़े गये तो आपका चालान/जुमार्ना होना निश्चित है। और अब तो जगह जगह सड़कों पर लगे टोल वसूली बैरियर्स पर हर लेन में मोटे अक्षरों में लिख दिया गया है कि ह्यटोल दिये बिना भागने वाले से दस गुना टोल वसूली की जायेगीह्ण। इसी तरह इन्शुरेन्स के बिना या कार सीट बेल्ट लगाये बगैर या दुपहिया वाहन से हैलमेट लगाए बिना आप चलते हैं तो भी चालान को दावत दे रहे हैं। गोया आपके वाहन में कोई भी कागज की कमी है फिर तो आपका सड़क पर निकलना चालान/जुमार्ना भरने को दावत देना है। यहाँ तक कि यदि किसी मजबूरीवश कोई वाहन स्वामी समय पर टैक्स नहीं दे सका तो सरकार उससे जुमार्ने के साथ टैक्स वसूल करती है? परन्तु सवाल यह है कि टोल व मार्ग टैक्स व कमेटी टैक्स आदि के नाम पर धन वसूली करने वाली सरकार इस वसूली के बदले में जनता को क्या देती है? जब हम सड़क पर वाहन चलाते हैं तो हमें पता चलता है कि सड़कों पर कहीं गड्ढे हैं तो कहीं टोल पर लंबी लाइनें। सड़कों पर कई कई घंटों के लंबे जाम हैं तो उसी जाम में धुल, धुएं और प्रदूषण भरी घुटन। क्या इसी दुर्व्यवस्था के बदले सरकार आम लोगों से वाहन व उसके नाम पर अन्य टैक्स वसूलती है? और सबसे बड़ी बात यह कि सरकार की गलत, पूंजीवादी व विवादित नीतियों का भुगतान आखिर जनता क्यों करे। उदाहरण के तौर पर गत एक वर्ष से पंजाब-हरियाणा के शंभु बॉर्डर पर दिल्ली अमृतसर मुख्य मार्ग पर किसानों के कई संगठन धरने पर बैठे हैं। परन्तु हरियाणा की भाजपा सरकार उन्हें दिल्ली जाने के लिये हरियाणा में प्रवेश नहीं करने दे रही। ह्यदिल्ली सल्तनतह्ण का फरमान है कि किसान दिल्ली से दूर रहें। हरियाणा सरकार उसी आदेश पर अमल करते हुये किसानों को बलपूर्वक शंभु बॉर्डर पर रोके हुये है। और इन्हीं किसानों के धरने के कारण सरकार ने देश का सबसे व्यस्ततम मार्ग रोक रखा है। किसानों की क्या मांगें हैं, सरकार क्यों पूरी नहीं कर रही, किसानों के दिल्ली जाने से सरकार को क्या परेशानी होगी, इन बातों से आम लोगों का क्या वास्ता। वाहन टैक्स भरने वाले आम लोगों को तो बिना बाधा के सुचारु रूप से चलने वाला राजमार्ग चाहिये जो उसे सरकार नहीं दे पा रही है। नतीजतन अमृतसर -भटिंडा -जम्मू कश्मीर तक का वह ट्रैफिक जो राजपुरा -शम्भू -अम्बाला से गुजर कर दिल्ली की ओर निकल जाता था अब उसे राजपुरा -जीरकपुर से वाया चंडीगढ़ -डेराबसी-अम्बाला मार्ग से होकर गुजरना पड़ रहा है। इस मार्ग परिवर्तन के चलते चंडीगढ़ -अम्बाला मार्ग लगभग 24 घंटे बाधित रहता है। और टोल पर भी लंबी कतारें लगी रहती हैं। सवाल यह है कि फिर सब्ज बाग दिखाने वाली ऐसे निरर्थक खबरों से जनता को क्या हासिल जो समय समय पर सरकार द्वारा अपनी पीठ थपथपाने के लिये विज्ञापनों के माध्यम से की जाती हैं कि देश में सड़कों का रिकार्ड निर्माण हो रहा है। सड़कों का जाल बिछ रहा है, आदि। यदि ऐसा है तो जाम की स्थिति क्यों? कुछ समय से सरकार ने प्रदूषण कम करने के नाम पर 10 -15 वर्ष पुराने वाहन का चलन बंद करने का निर्णय लिया है। दिल्ली में तो इनका प्रवेश पूर्णतयः वर्जित है। इस नीति की आलोचना करने वालों का मत है कि यह नियम पूंजीपतियों के मुनाफे की खातिर बनाये गए हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा वाहन बिक सकें। उधर जगह जगह फाइनेंसर भी कार लोन देने के लिए तैयार बैठे हैं। ऐसे में सड़कों पर उधार की चमचमाती हुई नई गाड़ियों की कतार बढ़ना भी स्वभाविक है। सड़कों पर लगने वाले इन दमघोंटू और जानलेवा जाम का प्रभाव केवल यही नहीं होता कि जाम में फंसे लोग 2-4 घण्टों के जाम के बाद अपने घरों को पहुँच जाते हैं। जी नहीं, इन्हीं जाम में फंसी बसों में अनेक यात्री ऐसे होते हैं जो चंडीगढ़, हिमाचल या अन्य क्षेत्रों से बसों में बैठकर अंबाला छावनी जाते हैं जहाँ से उन्हें यू पी -बिहार या अन्य राज्यों की लंबी दूरी की ट्रेन पकड़नी होती है। परन्तु रोजाना के इस जाम में घंटों तक फंसी होने वाली बसों के अनेक यात्रियों की ट्रेन रोज छूट जाती है। जरा सोचिये कि मुश्किल से महीनों पहले कराया गया आरक्षित टिकट होने के बावजूद लंबी यात्रा करने वालों की ट्रेन छूटने पर उस यात्री व उसके सहयात्री परिजन व बच्चों को इस जाम की क्या कीमत भुगतनी पड़ती होगी? कम से कम सत्ता का सुख भोग रहे नेताओं को तो शायद इस बात का बिल्कुल नहीं पता?

## संक्षिप्त खबरें

### इसुआपुर में सड़क दुर्घटना में दो घायल, किया गया रेफर

प्रात: किरण, संवाददाता

इसुआपुर । थाना क्षेत्र के शामपुर गांव में मंगलवार की संध्या सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति जख्मी हो गए। घायलों में सुदामा महतो तथा अमित प्रसाद बताए जाते हैं। जिनको स्थानीय लोगों की सहायता से सीएचसी इसुआपुर ले जाया गया। जहां से दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया।

### विशेष समकालीन अभियान के तहत 35 लीटर स्प्रिट बरामद

प्रात: किरण, संवाददाता

इसुआपुर । पुलिस अधीक्षक द्वारा आदेशित विशेष समकालीन अभियान के तहत मंडल पुलिस पदाधिकारी मढ़ौरा 2 के द्वारा शराब एवं स्प्रिट कारोबारियों के खिलाफ अभियान चलाया गया। जिसके तहत 35 लीटर शराब बरामद किया गया। इस बाबत थानाध्यक्ष कमल कुमार राम ने बताया कि निपनिया गांव के रामा मांझी के घर से 10 लीटर स्प्रिट बरामद हुआ। वहीं सहवां के दुखन मांझी के यहां से 15 लीटर तथा इसुआपुर के उपेंद्र नट के यहां से 10 लीटर देसी शराब बरामद हुआ। हालांकि पुलिस को आते देख शराब के धंधेबाज भागने में सफल रहे। वहीं पिपरहियां के वकील मांझी जो चंडीगढ़ से अपने घर आ रहा था।वह अपने साथ चार बड़ा अंग्रेजी का शराब कंबल में छुपा कर लाया था। लेकिन पिपरहियां चौक पर वाहन चेकिंग के क्रम में पकड़ा गया तथा जेल भेज दिया गया। वहीं एक अन्य मामले में फरार अभियुक्त डोईला गांव के हरेराम महतो को उसके भाई तथा उसके पुत्र के साथ पकड़ लिया गया। ये तीनों गैर जमानती वारंट में फरार चल रहे थे। जिन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### सड़क दुर्घटन में बाइक चालक सहित दो युवक जख्मी

प्रात: किरण, संवाददाता

डोरीगंज ।छपरा पटना मुख्य सड़क के डोरीगंज थाना क्षेत्र के मुसेपुर चौक पर दो बाइक की आमने सामने की टक्कर हो गई। जिससे दोनों बाइक सवार युवक जख्मी हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार छपरा दहियांवा निवासी राजन कुमार और रोहित कुमार अपाची बाइक से शीतलपुर से छठ पूजा के लिए मार्केटिंग कर के वापस लौट रहे थे। डोरीगंज थाना क्षेत्र के पश्चिमी बलुंआ निवासी 32 वर्षीय रंजीत कुमार अपने घर से धनौरा बाजार स्पलेंडर बाइक से जा रहा था कि मुसेपुर चौक के समीप आमने सामने की टक्कर हो गई। जिसमें दोनों बाइक सवार जख्मी हो गए। जिसमें पश्चिमी बलुंआ निवासी रंजीत कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

जिसे स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए दिघवारा अस्पताल भेजा। जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने पटना रेफर कर दिया। वहीं दहियांवा के दोनों युवकों को हल्की चोटें आईं। जिन्हें स्थानीय चिकित्सक के यहां इलाज कराया गया। वहीं घटना की सूचना सुनते ही स्थानीय लोगों की भीड़ सड़क पर उमड़ पड़ी। वहीं घटना की सूचना पर डोरीगंज पुलिस व 112 नंबर की गाड़ी भी मौके पर पहुंची।

## छठ को लेकर सारण जिला प्रशासन मुस्तैद : डीएम और एसपी ने छठ घाटों का किया निरीक्षण, तैयारियों का लिया जायजा



प्रात: किरण, संवाददाता

डोरीगंज । सारण जिले में लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर तैयारियां जोरों पर है। डीएम से लेकर पुलिस अधिकारी तक हर कोई छठ पूजा की तैयारी में जुट गए हैं। इस बीच सारण जिलाधिकारी अमन समीर ने डोरीगंज के तिवारीघाट ,बंगाली बाबा घाट,जहाज घाट,डोरीगंज घाट का निरीक्षण किया, जहां उनके साथ पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष भी मौजूद थे।

बता दें कि नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय आस्था और उपासना के महापर्व छठ की शुरूआत 5 नवंबर से हो गई है। ऐसे में छठ घाटों पर पूजा की तैयारियों को लेकर डीएम और एसपी निरीक्षण कर रहे हैं। डीएम अमन समीर ने उपस्थित अधिकारियों को सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कई आवश्यक निर्देश दिए, जहां पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अधिकारियों ने सुरक्षा से जुड़े तमाम इंतजामों की जांच की।

इसमें घाटों की साफ-सफाई, सीसीटीवी, पानी की सही व्यवस्था जैसी चीजों का जायजा लिया गया है। डीएम ने बताया कि छठ घाटों पर प्रशासन द्वारा बेहतर व्यवस्था की जा रही है। छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं के लिए सभी प्रकार की आधारभूत सुविधा उपलब्ध रहेगी। अधिक पानी वाले छठ घाटों पर तैराक/ गोताखोरों की तैनाती की गई है।

छठ महापर्व का अनुष्ठान शुरू होने से पहले सभी प्रकार की तैयारी पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। छठ घाटों पर दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ काफी संख्या के साथ सशस्त्र पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है।

डीएम अमन समीर ने डोरीगंज के तिवारीघाट घाट, मेला घाट,आरा छपरा बृज के नीचे का घाट डोरीगंज ,रहरीया घाट तथा बड़हरा महाजी को संवेदनशील घाट मानते हुए छः नाव नाविक तथा गोताखोर दल लगाने का आदेश सदर अंचलाधिकारी को दिया वहीं बंगाली बाबा को अति संवेदनशीलमानते हुए वहा बैरकेटिंग करने तथा श्रधालूओं नही जाने का सलाह दिया और सुनिश्चित किया कि छठ पूजा के लिए बनाई जा रही व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप हों और किसी भी प्रकार की कमी को समय रहते ठीक किया जाए।

जिला प्रशासन छठ व्रतियों की सुविधा के लिए पूरी तत्परता से काम कर रहा है ताकि श्रद्धालु सुरक्षित और सुगम तरीके से पूजा संपन्न कर सके उक्त अवसर पर सदर अनुमंडल पदाधीकारी,सदर अंचलाधीकारी,सदर प्रखंड विकास पदाधीकारी श्वेतांक बसंत पप्पू सहित कई पूजा समितियों के सदस्य उपस्थित थे।

## छठ महापर्व के दिन भी सरिसवा नदी का जल जहरीला, काला, गंदा एवं है बदबूदार

■ रक्सौल के उप सभापति ने नेपाल को दी ज्ञापन

प्रात : किरण, संवाददाता



रक्सौल। कहने को तो रक्सौल नगर परिषद अंतरराष्ट्रीय महत्व वाला शहर है, क्योंकि यह शहर भारत और नेपाल को जोड़ने वाले शहरों में सबसे प्रमुख माना जाता है । प्रतिमाह अरबों का व्यापार होता है, बावजूद कई ऐसे मौके आते हैं, जिनमें रक्सौल वासी अपने को ठगा महसूस करते हैं। कुछ ऐसा ही इस बार भी देखने को मिला, परन्तु उपसभापति पुष्पा देवी के द्वारा कुछ पार्षदों ने लोकहित में कुछ काम किया है, जिसका नतीजा देखने को मिल सकता है। गौरतलब है कि बिहार वासियों के लिए लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा बुधवार और गुरुवार को होना है। अब ऐसे में यहां से नेपाल से आकर बहने वाली सरिसवा नदी, जो कभी जीवनदायिनी कही जाती थी, वही अब लोगों की जीवन ले लेती है। इस नदी के जल में छठव्रती महिलाएं अर्घ्य देती है और इसका जल आज भी काल, गंदा, बदबूदार और जहरीला है, जिसका मुख्य कारण है कि नेपाल में स्थापित कई फैक्ट्रियों के अपशिष्ट पदार्थ और जल का निकासी नाला के माध्यम से इसी नदी में होता है और ये नदी वहां से यहां आने में जानलेवा बन जाती है, जबकि उन फैक्ट्रियों से पहले यह नदी आज भी जीवनदायिनी है। लोकहित का ख्याल रखते हुए उपसभापति पुष्पा देवी के नेतृत्व में उनके पति सह चेंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष राकेश कुशवाहा, पार्षदों एवं उनके प्रतिनिधियों में रंभा देवी, आशा देवी, अंतिमा देवी, रंजीत कुमार श्रीवास्तव, जितेंद्र दत्ता, मुकेश कुमार, अनुज दास, निप्पू कुमार एवं कमलेश कुमार सहित अन्य ने भारत के नेपाल ने महावाणिज्य दूत, प्रमुख जिलाधिकारी एवं बीरगंज उप महानगरपालिका के मेयर को ज्ञापन देकर नदी के जल को स्वच्छ रखने का आग्रह किया है। इस संबंध में श्री कुशवाहा ने बताया कि ये आश्वासन मिला है कि 7 बजे तक नदी का जल स्वच्छ हो जाएगा।

## मुख्य पार्षद ने किया छठ घाट का निरीक्षण



प्रात: किरण, संवाददाता

एकमा। चार दिवसीय सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा को लेकर एकम नगर पंचायत की मुख्य पार्षद श्वेता रानी ने नगर के मौज बाबा के मठिया ,हंसराजपुर गांव स्थित राम जानकी मंदिर ,राजापुर हेकाम भूईली मठनपुरा ,गंज पर सहित छठ घाटों का निरीक्षण किया । इस दौरान सभी छठ घाटों का साफ-सफाई सुरक्षा की व्यवस्था लाइट सजावट पंडाल आदि चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य पार्षद ने कहां कि यह पर्व बिहार वासियों के लिए अति महत्वपूर्ण त्यौहार है जो बहुत ही साफ-सफाई एवं शुद्धता के साथ आस्था के साथ मनाया जाता है । जिसको लेकर लगातार दौरा व निरीक्षण किया जा रहा है । साथ ही लोगों से मिलकर समस्याओं का तत्वरित निपटारा करने के लिए कार्यपालक पदाधिकारी सहित नगर पंचायत कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। जिसमें जगह-जगह छठ घाटों की गहराई को देखते हुए मजबूती से बारकेंटिंग किया जा रहा है ।इस मौके पर वार्ड पार्षद अनीता देवी ,शैलेंद्र प्रसाद, विनोद सिंह ,सुजीत सिंह, मुकुल प्रसाद आदि उपस्थित थे ।

## छठव्रतियों को उपलब्ध कराएं बेहतर सुविधाएं : जिलाधिकारी

प्रात : किरण, संवाददाता



बेतिया( घनश्याम )। श्रद्धा, भक्ति एवं आस्था का महापर्व छठ व्रत के सफल, सुचारू एवं सुरक्षित आयोजन सुनिश्चित करने तथा छठ व्रतियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला पदाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय के दिशा निर्देश में संबंधित पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने अधीनस्थ क्षेत्रों के छठ घाटों पर सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, बेतिया/बगहा सहित अन्य वरीय अधिकारियों द्वारा छठ घाट पर की जा रही तैयारियां का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

इसी कड़ी में जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने रामनगर नगर परिषद क्षेत्र के रामरेखा नदी मुख्य छठ घाट, पुरानी बाजार ठाकुरबाड़ी टोला छठ घाट सहित नगर निगम बेतिया अन्तर्गत कई छठ घाटों का निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित पदाधिकारी एवं कर्मियों से नदी एवं तालाबों में बैरिकेडिंग एवं पानी की गहराई की जानकारी प्राप्त किया गया।

छठ घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं एवं छठव्रतियों के सुरक्षा के मद्देनजर छठ घाटों पर बैरिकेडिंग, रोशनी की व्यवस्था, चेंजिंग रूम, अस्थाई शौचालय, स्थानीय गोताखोरों की प्रतिनियुक्ति एवं नियंत्रण कक्ष आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया साथ हीं, यह भी निर्देश दिया गया कि छठ घाटों के भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पटाखे की बिक्री एवं प्रयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को छठ घाटों पर श्रद्धालुओं एवं छठव्रतियों के लिए बेहतर सुविधाएं एवं सुरक्षित व्यवस्था उपलब्ध कराने को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व के दौरान घाटों पर छठव्रतियों को परेशानियां नहीं होनी चाहिए, इसे सुनिश्चित करना है। अर्घ्य देने के समय भीड़भाड़ वाले घाट पर किसी भी प्रकार की अफवाह पर भगदड़ नहीं मचे, कोई भी श्रद्धालु या उनके परिजन पानी में डूबे नहीं इसका खास ख्याल रखना है। खासकर कौतूहलवश छोटे-छोटे बच्चे नदी में छठ व्रती के साथ चले जाते हैं, इसके प्रति श्रद्धालुओं को जागरूक करें। इसके साथ ही सभी छठ घाटों पर सभी प्रकार की व्यवस्थाएं बेहतर तरीके से करें।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी घाटों पर साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, घेराबंदी के साथ ही साथ पूरे छठ घाट परिसर में आयोजकों के माध्यम से पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय। साथ ही महिला छठ व्रतियों की सुविधा के मद्देजनर पर्याप्त संख्या में चेंजिंग रूम की भी व्यवस्था की जाय ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े ।उन्होंने कहा कि जहां गहराई ज्यादा हो वहां पर मजबूत बैरिकेडिंग कराना सुनिश्चित करें ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना नहीं हो। ज्यादा गहराई वाले घाटों पर "इसके आगे जाना खतरनाक है" की तख्ती लगवाना भी आवश्यक है ताकि सभी श्रद्धालुओं को स्पष्ट रूप से दिखाई दें। छठ घाटों पर एनडीआरएफ/ एसडीआरएफ की टीम आवश्यक संसाधनों के साथ उपस्थित रहेंगे।

## केंद्रीय मंत्री ने छठ घाटों का निरीक्षण किया


प्रात : किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा नगर परिषद में केंद्रीय कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीशचंद्र दुबे एवं स्थानीय विधायक राम सिंह ने सभी छठ घाटों का निरीक्षण किये।

लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियां जोर शोर से चल रही है, हर जगह छठ घाटों को सजाया जा रहा है एवं साफ सफाई के कार्य किये जा रहे हैं ऐसे में केंद्रीय कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीशचंद्र दुबे एवं स्थानीय विधायक राम सिंह ने बगहा नगर परिषद के सभी छठ घाटों पर जा कर निरीक्षण किये।केंद्रीय मंत्री ने कार्यपालक पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि नगर परिषद के अंदर के जितने भी छठ घाट हैं सभी पर व्यवस्था चाक चौबंद होना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम सभी का आस्था एवं श्रद्धा छठ पूजा के साथ जुड़ा है। स्थानीय विधायक राम सिंह ने कहा कि क्षेत्र वासियों को नगर परिषद एवं प्रशासन के तरफ से हर तरह से सहयोग किया जाय, उन्होंने कहा कि छठ पूजा भव्य हो इसके लिए सबका सहयोग जरूरी है। इस क्रम में बगहा दीनदयालनगर, शास्त्रीनगर, कालीघाट, बच्चाबाबू, गोड़ियापट्टी एवं नारायनापुर आदि घाटों का निरीक्षण किये।कार्यक्रम में बगहा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्रनाथ तिवारी, जिला उपाध्यक्ष ऋतु जायसवाल, शिपु चौबे, जिला महामंत्री अचिंत्य कुमार लल्ला जी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतीश वर्मा, मनोज सिंह, ओमनिधि वत्स, नगर अध्यक्ष विजय साहू, संजय पाण्डेय, दिपु तिवारी, नगर परिषद उपसभापति प्रतिनिधि रविशंकर प्रसाद, प्रमोद राम आदि थे।

## छठ व्रतियों के सुविधा के लिए ग्रामीणों ने बनाया बांस का पुल

प्रात : किरण, संवाददाता



दिघवारा नगर ।चार दिवसीय लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के लिए सभी जगह तैयारी जोर शोर से हो रही है ।सभी छठ घाटों को अंतिम रूप से सजाया जा रहा है ।वही प्रखंड के बरुआ पंचायत के रामदासचक गांव के समीप गंगा नदी किनारे पानी कम होने के कारण छठ व्रतियों के परेशानी को देखते हुए ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से बांस का अस्थाई चचड़ी पुल बना डाला ।ग्रामीणों द्वारा लगभग पांच सौ बांस का उपयोग कर दो सौ फीट लंबा चचडी पुल महज बारह घंटे में तैयार कर दिया ।इस पुल के बन जाने से गांव व आसपास के क्षेत्रों के सैकड़ों छठ व्रतियों को भगवान भास्कर को अर्घ्य देने में सहूलियत होगी ।इसके निर्माण में जयप्रकाश सिंह,मनीष बाबा,अशोक सिंह,प्रेम सिंह,छोटे,निशांत,बाबुल,अंकत,आकाश,नितेश,अमन,निखिल,उज्ज्वल,ऋषभ आदि का सहयोग मिला।

## बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम के तहत जिला के 228 असामाजिक तत्वों के विरूद्ध समाहर्त्ता सारण द्वारा की गई कार्रवाई

छपरा कार्यालय ।जिला में विधि व्यवस्था सामान्य बनाये रखने के लिये विभिन्न स्तरों पर असामाजिक तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है। बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम (सीसीए) के तहत असामाजिक तत्वों को जिला बदर एवं निर्धारित थाने में हाजिरी लगाने का आदेश समाहर्त्ता द्वारा दिया जा रहा है। इसी क्रम में दुगार्पूजा से अब तक 228 असमाजिक तत्वों के विरूद्ध समाहर्त्ता अमन समीर द्वारा आदेश पारित किया गया है। इनमें से शराब के अवैध कारोबार से संबंधित 128 लोग, अवैध खनन से संबंधित 29 लोग तथा अन्य मामलों से संबंधित 71 लोग शामिल हैं। इन सभी असमाजिक तत्वों को पारित आदेश के अनुरूप निर्धारित थाने में निर्धारित तिथियों को नियमित रूप से हाजिरी लगानी होगी। विधि व्यवस्था जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए प्रशासन सदैव संवेदनशील है।

## पूजा पर्व के मद्देनजर वीटीआर जंगल में गश्ती तेज की गई

बगहा। पूजा पर्व के मद्देनजर वीटीआर जंगल मे गश्ती तेज कर दी गई है ।फॉरेस्टर आशीष कुमार ने बताया कि वाल्मीकिनगर रेंज के सभी सेक्टरों में पूजा पर्व के मद्देनजर विशेष गश्ती की जा रही है ।खासकर सेंसेटिव माने जाने वाले चुलभट्टा जंगल मे रात्रि गश्ती को तेज किया गया है। वनकर्मियों की अलग अलग टीम गठित की गई है ।यह टीम रात्रि और दिन के 24 घन्टे शिफ्टों में जंगल की गश्ती कर रहे हैं ।बतादें की पर्व पूजा के दिनों में मौके का फायदा उठाने की कोशिश तस्कर करते है। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय तस्कर इन दिनों काफी सक्रियता के साथ जंगलों से वन संपदा की तस्करी करने की फिराक में लगे रहते है ।इन बातों को ध्यान में रखते हुए वन विभाग ने जंगलों में गश्त बढ़ा दी है ।ताकि वन संपदा को सुरक्षित रखा जा सके। वहीं रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि भेड़ियारी, जटाशंकर और चुलभट्टा के जंगलों में विशेष गश्ती टीम गठित कर गश्ती के गति को बढ़ाया गया है। गश्ती टीमो के द्वारा तस्करों समेत शिकारियों पर पैनी नजर बनी हुई है ।बतातें चलें कि वीटीआर जंगल मे बेशकीमती लकड़ियों के पेड़ों के अलावे जंगल मे बाघ,तेंदुआ,हिरन की कई प्रजातियां,भालू,नीलगाय समेत सरीसृप वर्ग के विभिन प्रकार के जीवजंतु पाए जाते है ।जिसपर चोरों और तस्करों समेत शिकारियों की नजर बनी रहती है।

## खड़ी नाव से बच्चों के पैर फिसलकर गिरने से दो बच्चों की मौत

बगहा। बगहा गंडक नदी में दो बच्चे डूब गए हैं, दोनों बच्चे नदी में घंटों से लापता हैं। जिसके बाद इलाके में कोहराम मचा है। दरअसल पटखौली थाना क्षेत्र के कैलाशनगर वार्ड नं 7 स्थित गंडक नदी तट पर छठ घाट बनाने के दौरान यह हादसा हुआ है जब नदी तट पर खड़ी नाव पर सवार बच्चों के पैर फिसलने के कारण दोनों मासूम बच्चे नदी में डूबे गए । बताया जा रहा है की कैलाश नगर निवासी अवधेश सहनी के पुत्र 7 साल संजय और कमलेश सहनी के पुत्र 6 साल धनंजय नदी में लापता हो गए हैं। हालांकि मौके पर ग्रामीणों के स्तर से खोजबीन शुरू किया गया है लेकिन लापता बच्चों का कोइ ट्रेस नहीं मिला है लिहाजा पार्षद अंजलि सोनी की पहल पर एसडीआरएफ और प्रशासन को इस घटना की सूचना दें दीं गई है जिसके बाद बगहा 2 सीओ समेत पटखौली थाने की पुलिस गोताखोरों कों मौके पर बुलाकर नदी में डूबे मासूमों की तलाश में जुटी है ।

## रक्सौल में सूर्य मंदिर घाट पर व्रतियों और श्रद्धालुओं के लिए की जा रही मुकम्मल तैयारी

रक्सौल। शहर के मेन रोड स्थित शहर का धरोहर सूर्य मंदिर घाट कल सात नवंबर सांध्य अर्घ्य के लिए व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के लिए सजधज कर लगभग तैयार है। इसकी जानकारी देते हुए सूर्य मंदिर समिति के सचिव शम्भु प्रसाद चौरसिया एवं मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने संयुक्त रूप से बताया कि लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर सूर्य मंदिर समिति द्वारा रिपूराज एग्रो प्रा.लि. के सहयोग से सूर्य मंदिर परिसर एवं घाट व तालाब की सफाई पूरी हो गयी है । छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए घाट पर साफ-सफाई एवं आकर्षक पुष्प सज्जा ,विधुत सज्जा कार्य का भी अंतिम चरण में है। पंडाल में स्वच्छता के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ाने के लिए एक सेल्फी प्वाइंट का भी निर्माण कराया गया है। हेल्प डेस्क एवं माइकिंग की भी व्यवस्था की गयी है। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक धीरेन्द्र कुमार एवं रक्सौल थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा ने समिति द्वारा सूर्य मंदिर घाट को सजाने एवं सँवारने के कार्य का जायजा लिया तथा समिति के सदस्यों द्वारा कराये जाये कार्य पर संतोष व्यक्त किया।

## छठ सिर्फ लोक प्रबल आस्था का प्रतीक ही नहीं, प्रकृति से समाज को जोड़ने का महापर्व: गरिमा



प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया( घनश्याम )। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने उपनगर आयुक्त गोपाल कुमार के साथ सघन शहरी क्षेत्र सहित नगर निगम के दर्जनों मुख्य छठ घाटों का निरीक्षण करने के बाद साफ सफाई और सुरक्षा प्रबंध के सुधार का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में चिन्हित कुल 62 से अधिक छठ घाटों पर साफ सफाई और सुरक्षा प्रबंध को फाइनल टच देने का कार्य बुधवार को पूरा कर लिया गया। बावजूद इसके विभिन्न वार्डों के छठ घाटों पर प्रतिनियुक्त नगर निगम कर्मियों को 8 नवंबर को प्रातः कालीन अर्घ्य सम्पन्न होने तक अपने अपने आवंटित छठ घाटों पर मुस्तैद रहने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान मिले इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया पत्रकार- छायाकारों से महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि हमारा छठ सिर्फ धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह समाज और प्रकृति को जोड़ने का अनूठा महापर्व भी है।

छठ बस एक पर्व नहीं है, बल्कि आज की आधुनिक दुनिया की चकाचौंध और भागदौड़ से भरी जिंदगी में भी पुस्त दर पुस्त से जारी परंपराओं को मजबूत करने वाले अटूट धागे की तरह है। महापौर ने बताया एक एक छठ व्रती को छठी मईया का प्रतिरूप मानने वाले इस महापर्व में समाज का सारा भेदभाव धूमिल हो जाता है। न कोई बड़ा होता है, न कोई छोटा, सभी एक समान हो जाते हैं। इस पर्व का आस्था के संग सरोकार का दायरा भी बड़ा है। यह महापर्व से लाखों गरीबों का रोजगार जुड़ा होता है, खासकर बांसफोर लोगों के लिए जो महीनों से छठ का दऊरा, सुपली बनाने में लग जाती हैं। महापौर ने बताया कि अपनी सासू मां के वृद्धवस्था के कारण, वे अपने कुल की परंपरा के अनुसार स्वयं भी छठ महापर्व का अनुष्ठान कर रही हैं।

## टीबी के अभिशाप को मिटाने के लिए पंचायतों को लिया जायेगा गोद




प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्वास्थ्य विभाग संकल्पित है। इसको लेकर विभिन्न स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। अब जिले में पंचायत स्तर पर टीबी के प्रति जागरूकता फैलाने तथा टीबी मुक्त पंचायत घोषित करने के लिए पंचायतों को गोद लिया जायेगा। टीबी मुक्त वाहिनी संस्था के द्वारा बिहार में 100 पंचायतों को गोद लिया जायेगा। गोद लिये गये पंचायतों में टीबी चैंपियन के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जायेगा तथा टीबी के मरीजों को अधिकार दिलाया जायेगा। इसको लेकर टीबी मुक्त वाहिनी द्वारा जिला टीबी कार्यालय में टीबी चैंपियंस का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 20 टीबी चैंपियंस को प्रशिक्षण दिया गया। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. रत्नेश्वर प्रसाद सिंह ने बताया कि जिले के करीब 20 से 25 पंचायतों को टीबी मुक्त वाहिनी द्वारा गोद लिया जायेगा और टीबी मुक्त पंचायत घोषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निवर्हन किया जायेगा। एक साल तक पंचायतों में टीबी के प्रति जागरूकता अभियान, मरीजों के अधिकारी के बारे में जानकारी देना, इलाज में सहयोग करना, दवा दिलाना, सरकार के योजना का लाभ दिलाने का कार्य टीबी चैंपियंस के द्वारा किया जायेगा।

### किन्नर समुदाय को भी किया जायेगा जागरूक:

प्रशिक्षण के दौरान टीबी मुक्त वाहिनी के सचिव सुदेश्वर सिंह ने बताया कि टीबी से ग्रसित मरीज पुरूष हो या महिला हो या कोई किन्नर समुदाय से सभी के अधिकार में समानता होनी चाहिए। किन्नर समुदाय को भी टीबी के प्रति जागरूक किया जायेगा। टीबी के मरीजों को फ्री में जांच, फ्री में दवा, सरकार के द्वारा दी जा रही सुविधाओं का लाभ लेने का अधिकार है। हर किसी को अपना इलाज करने का अधिकार है। टीबी एक अभिशाप है, जो एक बार हो जाये तो खत्म नहीं हो सकता, इस प्रकार की धारणाएं जो समुदाय में जड़ पकड़े हुए है उसे खत्म करना और टीबी के प्रति समुदाय को जागरूक करना है कि टीबी एक पूर्णरूप से खत्म होने वाली बीमारी है । जिसका सबसे बड़ा उदाहरण एक टीबी चैम्पियन है इसलिए समाज के द्वारा बनाई गई टीबी के प्रति गलत धारणाओं के प्रति समुदाय को जागरूक करके टीबी मुक्त समुदाय बनाया जा सकता है।

### प्रवासी मजदूर और ईंट भट्टों पर काम करने वालों को खतरा अधिक:

टीबी मुक्त वाहिनी के जिला प्रभारी राजू रंजन सिंह ने बताया कि अधिक जोखिम वाला क्षेत्र की पहचान करना टीबी चैंपियन की जिम्मेदारी है। टीबी चैंपियंस एक साल तक पंचायतों में काम करेंगे। इसके लिए उन्हें प्रोत्साहन राशि दिया जायेगा। इसके साथ हीं विभाग द्वारा इन्सेंटिव भी देने का प्रावधान किया गया है। एचआईवी और शुगर से ग्रसित लोग जिनका रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने की वजह से टीबी होने का खतरा बढ़ जाता है। खदान ईंट भट्टा, धूल मिट्टी में काम करने वाले लोगों को फेफड़ों में धूल मिट्टी का जमना, सही पोषण ना लेना, समूह में एक साथ रहने के कारण बीमारी होने का खतरा बढ़ जाता है, प्रवासी मजदूर यह ज्यादा लोग के संपर्क में रहते हैं इसलिए टीबी का खतरा अधिक होता है।

# बिक्रमगंज एसडीओ की गुंडागर्दी, पत्रकार का मोबाइल छीना, डीजे वाले के साथ की मारपीट

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास)। महापर्व छठ पूजा को लेकर भक्तिमय माहौल बना हुआ है। लेकिन इस बीच बुधवार को नासरीगंज के मंगल बाजार में दोपहर को डीजे बजाने को लेकर ग्रामीण और प्रशासन आमने-सामने हो गए। इस नोंक-झोंक की वजह से शहर का माहौल कुछ समय के लिए बदल गया। बढ़ते विवाद की सूचना मिलने पर दल-बल के साथ बिक्रमगंज एसडीएम अनिल बसाक घटना स्थल पर पहुंचे। लेकिन मामले को शांत कराने की जगह उल्टे उन्होंने आग में घी डालने का काम किया। एसडीओ के मौखिक आदेश पर डीजे और मिक्सर मशीन को तोड़-फोड़कर नाली में डाल दिया गया। वहीं, ग्रामीण और समिति के सदस्यों के साथ मारपीट भी की गई। समाचार संकलन के दौरान घटना का वीडियो बना रहे पत्रकारों का मोबाइल भी छीन लिया। इस घटना से जुड़ा वीडियो वायरल हो गया। हालांकि, इस वीडियो के सच्चाई की पुष्टि राष्ट्रीय सहारा नहीं करता है। गौरतलब है कि बिहार में तेज आवाज में डीजे बजाना गैरकानूनी है। इसका पालन नहीं करने वालों को जेल की हवा भी खानी पड़ सकती है। ऐसे में पुलिस प्रशासन डीजे को जब्त कर सकता है और आरोपित लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर सकता है। लेकिन चर्चा इस बात की जोरों पर है कि एसडीएम का मनमानी रवैया और कानून को ताख पर रखकर मारपीट करने और डीजे तोड़ने पर भारी विरोध जारी है। महापर्व छठ में इस प्रकार की हरकत से लोग परेशान है, इनका विरोध जारी है।

बता दें कि स्थानीय थाना क्षेत्र के नगर स्थित मंगल बाजार वार्ड चार में डीजे बजाने को लेकर झड़प हुई थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उक्त वार्ड में छठ पूजा पर बज रहे डीजे को पुलिस ने बन्द करने को कहा। इस बात पर वार्डवासियों ने अन्य स्थानों पर बज रहे डीजे का हवाला देकर डीजे को बजाने से बंद करने को मना कर दिया। डीजे बजाने पर प्राथमिकी करने की बात कह पुलिस लौट गई। वार्ड वसियों ने बताया कि पूजा में डीजे बजाने को लेकर अपनी बात रखने सभी लोग थाना परिसर भी गये थे, लेकिन उनके साथ थानाध्यक्ष ने भी अभद्र व्यवहार किया। साथ ही रिटायर्ड वायु सेना कर्मी के साथ मारपीट की गई, जिसमें वह गम्भीर रुप से घायल हो गये। इसपर गुस्साए लोग पुलिस के विरुद्ध गोलबंद हो गये। भारी संख्या में लोग थाना पहुंचकर पुलिस की अभद्रता का विरोध करने लगे। मौके पर पहुंचे एसडीएम अनिल बसाक व एसडीपीओ कुमार संजय, बीडीओ नौशाद आलम सिद्दीकी, सीओ अंचला कुमारी, इंस्पेक्टर कुणाल कृष्ण, नगर इओ विकास कुमार ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बल का प्रयोग किया।

स्थानीय लोगों की माने तो इस दौरान पुलिस ने कई निर्दोष व्यक्तियों को भी पीटा और निर्दोष लोगों को पकड़ कर हाजत में बन्द कर दिया। साथ ही वार्ड 05 में डीजे संचालक का डीजे भी तोड़ फोड़ कर नाली में फेंक दिया। पुलिस की पिटाई से गम्भीर रूप से घायल वायु सेना कर्मी सन्तोष कुमार गुप्ता का इलाज पीएचसी में कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सासाराम रेफर कर दिया। उक्त घटना को लेकर जिले के सभी थानों की पुलिस जुट गई, ताकि मामले को संभाला जा सके। इस सम्बंध में घायल सेवानिवृत्त कर्मी ने बताया कि थाने में डीजे बजाने के मना करने पर मैं इस सम्बंध में थाने में अपनी बात रखने गया था, जिसपर पुलिस ने मेरे साथ अभद्र व्यवहार एवं मारपीट भी की गई। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष अमित कुमार ने उक्त कर्मी की पिटाई करने से इनकार करते हुए कहा कि उन्हें डीजे बजाने के लिए केवल मना किया गया था, जिसपर वो लोग उग्र हो कर गोलबंद हो गये। एसडीएम अनिल बसाक ने कहा कि डीजे बजाने को ले विवाद हुआ था जिसपर नियंत्रण कर लिया गया है।

एसडीपीओ ने बताया कि विवाद का निपटारा कर लिया गया है। चौकसी के लिए पुलिस बल को तैनात किया गया है। खबर लिखे जाने तक पुलिस फ्लैग मार्च कर रही थी। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल थी। देर शाम शांति व्यवस्था बहाल करने को ले एडीएम चंद्रशेखर प्रसाद, के अध्यक्षता में बैठक कर सभी से शांति व्यवस्था बहाल करने की अपील की गई।

## 6 वर्षों से अनवरत जारी आरा रोटी बैंक के द्वारा किया गया 411 कलसूप सेट वितरण

प्रातः किरण संवाददाता




आरा। आरा रोटी बैंक के तत्वाधान में स्थानीय सदर अस्पताल के सामने संतोष सिंह, एसीएमओ डॉ के न सिन्हा, शैलजा सिंह, राणा प्रताप सिंह, अखौरी दीपक, सोनाली देवी ने 411 कलसूप सेट वितरित किया। संतोष सिंह भारद्वाज ने कहा कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए यही सेवा भाव पूरी टीम का है जिसमें निस्वार्थ भाव से निष्ठा आस्था के महापर्व छठ में प्रसाद वितरण के कार्यक्रम को संकल्प रूपी ऊर्जा से सिद्ध करती है। छठ एक महापर्व है जो लोक आस्था के साथ मनाया जाता है। एसीएमओ डॉ के न सिन्हा ने कहा आस्था के महापर्व पर यह प्रसाद वितरण सराहनीय है। आरा रोटी बैंक निरंतर सामाजिक कार्यों से जुड़ा हुआ है। शैलजा सिंह ने बताया आस्था के महापर्व को मनाने दूर दराज से अपनी माटी अपने गांव आकर इस पर्व को हर्षोल्लास से मनाते है। मेजर राणा प्रताप सिंह ने कहा सामूहिक जनभागीदारी के द्वारा ऐसे पुण्य कार्य सामाजिक हित में होते रहने चाहिए। अखौरी दीपक ने आयोजन की भूरी भूरी सराहना की। आरा रोटी बैंक की अध्यक्ष सोनाली देवी ने बताया छठ पूजा जनमानस के आस्था का महापर्व है जो पूरी निष्ठा और आस्था व पवित्रता के साथ मनाया जाता है। हम सौभाग्यशाली है कि जरूरतमंदों के बीच छठ मैया के आशीर्वाद से विगत 6 वर्षों से लगातार प्रसाद वितरण का अवसर मिलते आ रहा है।

आरा रोटी बैंक संस्था सामाजिक समरसता से वंचित वर्ग के लोगों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने को सदैव प्रयासरत है।

आरा रोटी बैंक ने छठ पूजा प्रसाद वितरण के अंतर्गत वर्ष 2019 में 151 कलसूप सेट, 2020 में 251 सेट, 2021 में 301 कलसूप सेट, 2022 में 351, 2023 में 401 सेट ओर इस वर्ष 2024 में 411 कलसूप सेट का वितरण किया गया जिसके अंतर्गत नारियल, अनानास, सेव, संतरा, घाघल तथा पूजा सामग्री वितरित किया गया। आज के आयोजन को सफल बनाने में सोनाली देवी, श्रुति अग्रवाल, सुजाता, हर्षिता विक्रम, निशा, श्रेया, रितेश साह, मुक्तिकांत, राजीव रंजन, राकेश केशरी, अभिषेक, राहुल, रौशन, टोनू, विशाल, मनीष, राजा, अंकित, देव, करण, मोनू, सार्थक, उज्ज्वल आदि सदस्यों की भूमिका सराहनीय रही।

## संक्षिप्त खबरें

### स्मार्ट मीटर रिचार्ज ऐप में आई तकनीकी समस्या जल्द होगी दूर : विद्युत कार्यपालक अभियंता

प्रातः किरण संवाददाता

सासाराम (रोहतास) : साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड अंतर्गत बिहार बिजली स्मार्ट मीटर ऐप में कुछ तकनीकी समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं जिसके कारण शहरी क्षेत्र के उपभोक्ता अपने स्मार्ट प्रीपेड मीटर का बैलेंस देखने और ऐप के माध्यम से रिचार्ज करने में असमर्थ हैं। विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ब्रविम ने बताया की शहरी क्षेत्र के स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं का स्मार्ट मीटर रिचार्ज ऐप में आए तकनीकी खामी को जल्द ही दूर कर लिया जाएगा साथ ही वर्तमान में किसी भी उपभोक्ता का इस अवधि में लाइन डिस्कनेक्शन नहीं होगा। उपभोक्ता विद्युत विभाग के आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम के साथ-साथ सम्बंधित विद्युत कार्यालय के कलेक्शन काउंटर से अपना स्मार्ट प्रीपेड मीटर रिचार्ज करा सकते हैं। आगे बताया गया कि किसी भी उपभोक्ता को घबराने की आवश्यकता नहीं है स्मार्ट प्रीपेड मीटर ऐप की तकनीकी समस्या दूर होने तक बैलेंस खत्म होने पर भी उपभोक्ताओं की बिजली नहीं कटेगी। स्मार्ट प्रीपेड मीटर एप की तकनीकी समस्या को देखते हुए वैकल्पिक माध्यम से रिचार्ज की सुविधा उपलब्ध करायी गई है। सुविधा एप, बिजली कंपनी के ऑफिशियल बेवसाइट या बिजली विभाग के बिलिंग काउंटर पर भी स्मार्ट मीटर को रिचार्ज करने की सुविधा उपलब्ध है। मालूम हो कि तकनीकी समस्या के कारण 28 अक्टूबर से बिहार बिजली स्मार्ट मीटर एप काम नहीं कर पा रहा है। इस कारण लोग बिहार बिजली स्मार्ट मीटर एप के माध्यम से बैलेंस चेक नहीं कर पा रहे हैं। कम्पनी मुख्यालय के अधिकारी बिहार बिजली स्मार्ट मीटर एप में आयी तकनीकी समस्या को ठीक करने में जुटे हैं।

### छठ व्रतियों ने की खरना पूजा, अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य आज

बिक्रमगंज (रोहतास) : बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र में लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ के दूसरे दिन बुधवार को छठ व्रतियों ने खरना पूजन विधि विधान से संपन्न की। दोपहर बाद से ही छठ व्रती विभिन्न छठ घाटों और जलाशयों पर स्नान व पूजन के लिए पहुंची थीं। शाम में विशेष पूजन के बाद छठ माता को प्रसाद अर्पित कर छठ व्रतियों ने खीर का महाप्रसाद ग्रहण किया। हजारों की संख्या में छठ माता के भक्त छठ पूजन करने वाले रिश्तेदारों एवं पड़ोसियों के घर पहुंचे और महाप्रसाद ग्रहण किया। छठ पूजन करने वाले घरों और उसके आसपास भी विद्युत सज्जा देखने को मिली। बताते चलें कि खरना के बाद छठ व्रतियों का 36 घंटे का कठिन उपवास शुरू हो गया।। बुधवार को छठ व्रतियों सहित लोगों ने फलों और आवश्यक पूजन सामग्रियों की जमकर खरीदारी की।

### दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति

बिक्रमगंज (रोहतास) आस्था के महान पर्व छठ को लेकर अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंडों में दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की कर दी गई है नियुक्ति। प्राप्त जानकारी के अनुसार जहां बिक्रमगंज प्रखंड में कुल 20 घाटों को चिन्हित किया गया है जिसमें से अमौना घाट, रमनडिहरा घाट, केसोडिह छठ घाट, जोनी नहर पर के छठ घाट तथा काशी घाट को खतरनाक घोषित किया गया है। वही प्रखंड काराकाट में कुल 44 घाटों को चिन्हित किया गया है जिसमें मोथा 52 बिगहवा तथा गोडारी नहर घाट को खतरनाक घोषित किया गया है। इस प्रकार सूर्यपुरा में कुल सात घाटों को चिन्हित किया गया है।

## प्रकृति संरक्षण का सुंदर उदाहरण है महापर्व छठ : शशि मिश्र

प्रातः किरण संवाददाता



वर्तमान परिदृश्य में जहाँ पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता है, छठ पूजा हमें सिखाती है कि धार्मिक प्रथाओं के साथ पर्यावरण को कैसे संतुलित किया जाए। प्रकृति संरक्षण का संदेश बिहार और अन्य जगहों पर जनता के बीच छठ के माध्यम से सबसे बेहतर तरीके से फैलता है। उक्त बातें आचार्य शशि मिश्र ने कही। सभी को महापर्व छठ की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए आगे उन्होंने कहा कि छठ पूजा से पर्यावरण संरक्षण, जैविक संरक्षण से जुड़ने की प्रेरणा मिलता है। घर से लेकर घाट तक जन सरोकार और मेल मिलाप का अद्भुत नजारा देखने को मिलता है। यह त्यौहार सामाजिक सद्भाव और एकजुटता के साथ-साथ वैज्ञानिक महत्व पर भी जोर देता है। छठ व्रत का हर कर्म प्रकृति और स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है। इस पर्व में नदी, तालाब, पर्यावरण को संरक्षित करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा देता है। छठ महापर्व के अनुष्ठान के दौरान कई अन्य चीजों के उपयोग का विधान है, जिसमें बांस की रिश्वत, मिट्टी का चूल्हा, प्रकृति प्रदत्त फल, ईख शामिल हैं, जो लोगों को प्रेरित करते हैं प्रकृति की ओर लौटें। छठ पर्व पर जल संरक्षण का संदेश भी है। छठ पर्व में अर्घ्य का महत्व सर्वविदित है। यह पर्व पुण्य कर्म की प्रेरणा देता है। विलुप्त होते तालाब, नदियों को जीवन प्रदान करते हैं, जो प्राकृतिक संतुलन के लिए महत्वपूर्ण है। महापर्व छठ समावेशी समाज का एक सुंदर उदाहरण भी है। जाति, पंथ और वर्ग से परे, भक्त अर्घ देने के लिए घाट पर खड़े होते हैं। यह एक उत्कृष्ट उदाहरण है कि भगवान की नजर में सभी समान हैं, और इससे भी अधिक सुंदर यह है कि यह संदेश पुराने समय से दिया गया है।

## हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स भोजपुर की जिला कमिटी की बैठक, संगठन का किया गया बैठक

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स भोजपुर की जिला कमिटी की बैठक संगठन के जिला उपसभापति डॉ. विजय गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

संचालन जिला सचिव डॉ. मनोज कुमार गुप्ता ने किया।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संगठन के कार्यकलापों को सक्रिय रूप प्रदान करने हेतु प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को एक बैठक आयोजित होगी।

स्काउट्स एंड गाइड्स, भोजपुर द्वारा निरंतर प्रशिक्षण हेतु कार्यक्रम तय किए जाएंगे जिसमें जिलांतर्गत सभी प्रकार के निजी एवं सरकारी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित किया जाएगा।

संगठन में जिले के कुछ महत्वपूर्ण पदाधिकारियों को संरक्षक मंडल में शामिल करने, संगठन के आय व्यय को सुव्यवस्थित रखने हेतु बैंक में खाता खोलने पर भी चर्चा की गई।

संगठन की अगली तत्काल बैठक आगामी 10 नवम्बर 2024 (रविवार) को आयोजित की जाएगी जिसमें संगठन के सम्मानित सभापति जिला शिक्षक पदाधिकारी, भोजपुर श्री अहसन सहित संस्था के राज्यस्तरीय कुछ वरीय एवं भोजपुर जिले के सभी पदाधिकारियों को आमंत्रित किया जाएगा।

आज की बैठक में संगठन की क्रमशः वरीय उप सभापति डॉ. विभा कुमारी, जिला संगठन आयुक्त रणधीर कुमार ठाकुर, कार्यकारिणी सदस्य सतीश मुन्ना, श्याम बाबू महतो ने भी महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए।

# छठ व्रतियों के बीच वितरित किया गया कलसूप और नारियल

### महापौर इंदू देवी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेम पंकज, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष ने बांटा सामग्री







- राजेंद्र प्रसाद चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में वितरित हुआ पूजन सामग्री

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। शहर के मीरगंज बांसटाल स्थित राजेन्द्र कुंज के समीप बुधवार को राजेन्द्र प्रसाद चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में छठ व्रतियों बीच कलसूप, नारियल, सेव एवं पूजन सामग्री का वितरण किया गया। इस मौके पर महापौर इंदु देवी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह ट्रस्ट के संस्थापक प्रेम पंकज उर्फ ललन जी, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष आलोक अंजन समेत अन्य लोगो ने संयुक्त रुप से छठ व्रतियों के बीच बांस से निर्मित कलसूप, नारियल, ईख, सेव, नारंगी एवं पूजन सामग्री का वितरण किया। इस मौके पर महापौर इंदू देवी ने कहा कि महापर्व छठ समरसता का प्रतिक है। इस पर्व में अमीर-गरीब एवं ऊंच-नीच का भेदभाव मिट जाता है। भगवान सभी लोगो पर अपनी ऊर्जा समान रूप से बिखेरते हुए ऊंच-नीच का भेद नहीं करते है।

उन्होंने शहर वासियों को महापर्व छठ की अग्रिम बधाई दी। भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेम पंकज उर्फ ललन जी ने कहा की यह महापर्व हमें पेड़-पौधों के रोपण तथा उनके संरक्षण की सीख देता है।

संचालन करते हुए ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष आलोक अंजन ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा आगे भी गरीबो व जरुरतमंदों के कल्याणार्थ रक्तदान, कबंल वितरण जैसे कार्य किए जाएगें। इस मौके पर ट्रस्ट की संरक्षक हेवंती देवी, कृष्ण कुमार, महिला मोर्चा संयोजक अंशु गुप्ता, सुमेधा गुप्ता, सचिव अभिजीत आनंद, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रतिक राज, आनंद कुमार, राजेंद्र सिंह, भोला शर्मा, विशाल गुप्ता, मंटू सिंह, छोटे लाल, गौरी शंकर शर्मा, अजीत सिंह, अनिल सिंह, आदित्य सिंह आदि, थे। कलसूप वितरण में तरुण सह किशोरो ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया, जिसमे प्रतीक्षा उर्फ श्रुति, अंशिका, रक्षित, आद्यया, सौम्या, आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

## राजकीय कन्या +2 उच्च विद्यालय आरा में 196-तरारी विधानसभा उप चुनाव के पूर्व तैयारियों की समीक्षा की गई

- ईवीएम संग्रहण केन्द्र -सह-मतगणना केंद्र का किया गया निरीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता




आरा। जिला पदाधिकारी, भोजपुर एवं पुलीस अधीक्षक, भोजपुर द्वारा राजकीय कन्या +2 उच्च विद्यालय आरा में 196-तरारी विधानसभा उप चुनाव के पूर्व तैयारियों की समीक्षा हेतू ई०वी०एम० संग्रहण केन्द्र -सह-मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा संग्रहण टेबल पर पर्याप्त संख्या में कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी द्वारा संग्रहण सह मतगणना केंद्र पर माननीय प्रेक्षक के लिए कक्ष, मीडिया कोषांग के लिए चिन्हित स्थल, माइक्रो ऑब्जर्बर/ट्रेनरों आदि के लिए टेबल की आवश्यकता अनुसार व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया।

केंद्र पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों/कर्मियों के लिए पर्याप्त अल्पाहार एवं पेयजल की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रबंधक जीविका को जीविका का स्टाल लगवाने का निर्देश दिया गया।

निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त, विशेष कार्य पदाधिकारी, नगर आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी, एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कुल 44 घाट चिन्हित, दण्डाधिकारी एवं पदाधिकारी हुए प्रतिनियुक्त

काराकाट (रोहतास), प्रातः किरण। आस्था के महापर्व छठ को देखते हुए इस बार जिला प्रशासन की ओर से पूरी मुस्तादी दिखाई गई है जिसके आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी अनिल बाशा एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार संजय के द्वारा बार-बार बुलाई गई बैठकों के मद्दे नजर प्रखंड में कुल 44 घाटों के लिए दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह एवं थाना अध्यक्ष कुलदेव चौधरी के नेतृत्व में काम करने वाले इन छठ घाटों के लिए गोडारी नहर पर छठ घाट हेतु सीडीपीओ रीता कुमारी के साथ एस आई अंजली कुमारी, मोठा 52 बीघा छठ घाट पर नहर विभाग के सहायक अभियंता संजय कुमार के साथ एस आई दयाशंकर कुमार, देव मारकंडे छठ घाट पर सांख्यिकी पदाधिकारी अनुज कुमार के साथ एस आई रमण कुमार, सवारी दीपउ बाबा छठ घाट के लिए नगर पंचायत काराकाट के कार्यपालक पदाधिकारी सीमाब मतीन के साथ कच्छवा थाना के एस आई मनीष कुमार तथा करकट बाजार स्थित छठ घाट पर दण्डाधिकारी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी रेणुका कुमारी के साथ एस आई श्याम किशोर को पुलिस पदाधिकारी के रूप में प्रतिदिन नियुक्त किया गया है।

## बेलाउर सूर्य मंदिर में छठ करने आते हैं देश-विदेश से छठव्रती

आरा : भोजपुर जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है बेलाउर का सूर्य मंदिर काफी प्रसिद्ध है। भगवान भास्कर की नगरी बेलाउर में छठ व्रत करने का अपना खास महत्व है। यहां भगवान सूर्य का ऐसा एक दिव्य मंदिर है जो पूर्वाभिमुख न होकर पश्चिम मुखी है। इसकी मान्यता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि देश-विदेश के लोग यह मन्नत पूरी होने की आस में पहुंचते हैं। घाट के किनारे 10 दिन पहले से ही छठवर्ती पहुंच जाते हैं। आज करना है कल पहले अर्घ्य होगा। विशालकाय भैरवानंद तालाब के बीचो-बीच भगवान भास्कर का यह सूर्य मंदिर बना है, जो अन्य मंदिरों से अलग महत्व रखता है। आरा-सहार मुख्य पथ पर बेलाउर का सूर्य मंदिर है। आपको बता दें कि प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु जिलों से मनौती पूर्ण होने पर उज्जवल भविष्य की काम करने के लिए श्रद्धा और विश्वास के साथ आते हैं। संवत 2007 में मौनी बाबा (करवासीन) निवासी ने मंदिर का निर्माण कराया आपको बता दें कि प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु विभिन्न जिलों से मनौती पूर्ण होने पर उज्जवल भविष्य की कामना करने के लिए श्रद्धा और विश्वास से आते हैं।

# नासरीगंज में पुलिस और पब्लिक आमने सामने, कई घायल

- छठ पूजा में डीजे बजाने को लेकर हुआ झड़प, पुलिस छावनी में नासरीगंज

प्रातः किरण संवाददाता

नासरीगंज (रोहतास) स्थानीय थाना क्षेत्र के नगर स्थित मंगल बाजार वार्ड चार में डीजे बजाने को ले हुई झड़प। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उक्त वार्ड में छठ पूजा को ले बज रहे डीजे को बन्द करने को पुलिस ने कहा। जिसपर वार्डवासियों ने अन्य स्थानों पर बज रहे डीजे का हवाला दे डीजे बजाने से मना कर दिया। डीजे बजाने पर प्राथमिकी करने की बात कह पुलिस लौट गई। वार्ड वसियों ने बताया कि पूजा में डीजे बजाने को ले अपनी बात रखने थाना परिसर गये थे जिसपर थानाध्यक्ष ने अभद्र व्यवहार किया और वायु सेना सेवानिवृत्त कर्मो के साथ मारपीट की गई जिसमें वह गम्भीर रुप से घायल हो गये। जिसपर गुस्साए लोग पुलिस के विरुद्ध गोलब्ध हो गये। भारी संख्या में लोग थाना पहुंचकर पुलिस की अभद्रता का विरोध करने लगे। मौके पर पहुंचे एसडीएम अनिल बसाक व एसडीपीओ कुमार संजय, बीडीओ नौशाद आलम सिद्दीकी, सीओ अंचला कुमारी, इंस्पेक्टर कुणाल कृष्ण, नगर इओ विकास कुमार, ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बल का प्रयोग किया। स्थानीय लोगों की माने तो पुलिस ने कई निर्दोष व्यक्तियों को भी पीटा और निर्दोष लोगों को पकड़ कर हाजत में बन्द कर दिया तथा वार्ड 05 में डीजे संचालक का डीजे भी तोड़ फोड़ कर नाली में फेंक दिया। पुलिस की पिटाई से गम्भीर रूप से घायल वायु सेना कर्मी सन्तोष कुमार गुप्ता का इलाज पीएचसी में कराया गया जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सासाराम रेफर कर दिया। उक्त घटना को ले जिले के सभी थानों की पुलिस जुट गई। इस सम्बंध में घायल सेवानिवृत्त कर्मी ने बताया कि थाने में डीजे बजाने के मना करने पर मैं इस सम्बंध में थाने में अपनी बात रखने गया था जिसपर पुलिस ने मेरे साथ अभद्र व्यवहार एवं मारपीट भी की गई। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष अमित कुमार ने उक्त कर्मी की पिटाई करने से इनकार करते हुए कहा कि उन्हें डीजे बजाने के लिए केवल मना किया गया था जिसपर वो लोग उग्र हो कर गोलबंद हो गये।

एसडीएम अनिल बसाक ने कहा कि डीजे बजाने को ले विवाद हुआ था जिसपर नियंत्रण कर लिया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि विवाद का निपटारा कर लिया गया है। चौकसी के लिए पुलिस बल को तैनात किया गया है।

खबर लिखे जाने तक पुलिस फ्लैग मार्च कर रही थी। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल थी। देर शाम शांति व्यवस्था बहाल करने को ले एडीएम चंद्रशेखर प्रसाद, के अध्यक्षता में बैठक कर सभी से शांति व्यवस्था बहाल करने की अपील की गई।

मौके पर पूरे जिले की पुलिस टीम उपस्थित थी।

## डीजे तोड़ कर नाली में डालने का वीडियो वायरल

प्रातः किरण संवाददाता

नासरीगंज (रोहतास) : महापर्व छठ पर्व को लेकर एक तरफ भक्तिमय माहौल बना हुआ है। लेकिन दूसरी तरफ डीजे बजाने के विवाद बुधवार को नासरीगंज नगर के मंगल बाजार में दोपहर को बढ़ गया। डीजे बंद करने के मामले छठ पूजा समिति व पुलिस के बीच नोंक झोंक हुई। इसके बाद विवाद बढ़ता विवाद देख बिक्रमगंज एसडीएम अनिल बसाक स्थल पर पहुंचे। डीजे को तोड़ फोड़ शुरू किया इसके बाद नाली में मिक्सर मशीन सहित डीजे का कई समान डाल दिया गया। इस घटना का वीडियो वायरल हो गया। वायरल वीडियो की हमारा खबर पुष्टि नहीं करता है। गौरतलब हो कि माननीय सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि डीजे नहीं बजाना है। पुलिस प्रशासन को डीजे जप्त कर कानूनी कारवाई करने का कानून है। लेकिन चर्चा इस बात की जोरों पर है कि एसडीएम की मनमानी रवैया व कानून को ताक पर रखने पर भारी विरोध जारी है। महापर्व छठ में इस प्रकार की हरक्क्त से लोग परेशान है, वही इनका विरोध भी जारी है।

## जगमग रौशनी से नहाएगा महुली और सिन्हा घाट, 70 फीट लंबा तथा 50 फीट चौड़ाई में छठ घाट को सजाया

प्रातः किरण संवाददाता



भोजपुर। भोजपुर के बड़हरा में चार दिवसीय लोक आस्था के महापर्व छठ नहाए खाए के साथ ही मंगलवार से शुरू हो गया। इस दौरान श्री श्री छठ पूजा समिति नूरपुर पोरहां के युवाओं ने घाट को साफ-सफाई कर तैयार कर दिया है। युवाओं ने बताया कि कुदरिया ढाल से करीब एक किलोमीटर महुली गंगा घाट तक समिति के सदस्यों ने लाइट की व्यवस्था की है। पूरे रास्ते को समिति के सदस्यों ने साफ-सफाई कर सजा दिया है। छठ पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि हर साल इस छठ घाट पर छठ व्रत करने वाले श्रद्धालु करीब एक हजार की संख्या में पहुंचते हैं। पिछले वर्ष 943 श्रद्धालुओं ने समिति से छठ घाट पर अपने लिए बेदी का निर्माण करवाया था। इस वर्ष भी तेजी से श्रद्धालु अपने अपने घाट पर बेदी बना रहे हैं। वहीं, महुली गंगा घाट पर करीब 70 फीट लंबा तथा 50 फीट चौड़ाई में छठ घाट को सजाया गया है। इस घाट पर करीब आधा दर्जन शौचालय तथा दो दर्जन चेंजिंग रूम की व्यवस्था की गई है।

सिन्हा टीम लक्ष्मीपुर गांव के युवाओं की ने सिन्हा छठ घाट पर जाने वाले रास्ते का निर्माण कर दिया है। टीम के सदस्य सनी सिंह ने बताया कि

बखोरापुर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष बीडी के सहयोग से एक जेसीबी मशीन लगाकर रास्ते से पानी तथा कीचड़ को हटा दिया गया है। बालू डालकर रास्ते को पूरी साफ सफाई के साथ निर्माण कर दी गई है। छठ घाट मरम्मत कार्य में चंदन सिंह, सतेंद्र सिंह, सीटू सिंह व रिशु श्रीवास्तव समेत कई लोग थे।

वही बीडी सिंह ने कहा कि मैं भोजपुर के लोगों से हमें प्यार मिलता है अपनापन मिलता है इसलिए भोजपुर के जनता के लिए हमेशा हम तत्पर रहते हैं और हमेशा सहयोग करते रहेंगे भोजपुर के लोग जब भी हमारे पटना आते हैं तो लगता है अपनापन लगता है

# विद्यालयों के चहुमुखी विकास को ले मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने सभी प्रिंसिपल को दिए निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता



गया।गया सदर के प्रतिष्ठित विद्यालय महावीर इंटर कॉलेज स्वराजपुरी रोड गया में मंत्री सहकारिता सह पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार की अध्यक्षता में गया शहर के उच्च विद्यालयों के चहुमुखी विकास को लेकर बैठक आयोजित किया गया है। बैठक में 14 विद्यालयों में से 11 विद्यालय के प्राचार्य,प्रभारी प्राचार्य एवं वरीय शिक्षक उपस्थित हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में विकास और छात्र कोष की स्थिति, गुणात्मक शिक्षा पर जोर,विद्यालय का आधारभूत संरचना में सुधार पर चर्चा की गई है। डॉक्टर कुमार ने अपने उद्बोधन में स्पष्ट रूप से कहा कि गया नगर के विद्यालयों के विकास के लिए मैं लगातार प्रयासरत हुं।किसी भी विद्यालय में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होने दिया जाएगा। हमारे गुरुजन,शिक्षक गण पठन-पाठन के अतिरिक्त नियमित रूप से प्रयोगशाला,पुस्तकालय,खेलकूद,संगीत,पेंटिंग और सफाई को भी दैनिक क्रियाकलापों में विद्यार्थियों के लिए शामिल करें।

विगत 1 वर्ष में महावीर इंटर कॉलेज गया में विकास के कार्यों को देखकर अन्य विद्यालयों के प्रधान अध्यापक को इसी प्रकार चुनौती पूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया है। छात्र कोष की राशि का सदुपयोग करने पर बल दिया। डॉ कुमार ने कहा कि 36 वर्षों के बाद शिक्षा क्षेत्र में परिवर्तन करते हुए केंद्र की मोदी सरकार ने नई शिक्षा नीति 5 + 3 + 3 + 4 लाई है।अब स्नातक 4 वर्षों का होगा। स्नातकोत्तर यानी पोस्ट ग्रेजुएट 1 वर्ष का होगा। एमफिल की डिग्री को समाप्त कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार के लिए बजट में 13% की बढ़ोतरी के साथ 1,12,899 करोड रुपए का बजट वित्तीय वर्ष 2024 25 में पेश किया है, जो कुल बजट का 2.9% है। वही बिहार की एनडीए सरकार भी शिक्षा के क्षेत्र में मील के पत्थर तय किए हैं। साइकिल योजना से शुरू होकर के विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि मैट्रिक में 10,000 इंटर में 25,000 स्नातक में लड़कियों को किसी श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर 50,000 की राशि दी जा रही है। वहीं उच्च शिक्षण संस्थान, इंजीनियरिंग,मेडिकल में छात्राओं को 33% का आरक्षण।

राजगीर के स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में महिलाओं को 33% का आरक्षण। बीपीएससी, एसएससी, बैंकिंग एवं रेलवे पीटी पास विद्यार्थियों को मेंस की तैयारी के लिए 50,000 तो यूपीएससी की पीटी पास करने वाले अभ्यर्थियों को 1,00,000 मेंस की तैयारी के लिए अनुदान में बिहार सरकार दे रही है।

अब हर पंचायत में 12वीं तक के इंटर स्कूल की स्थापना हो गई है। बिहार सरकार ने भी में कुल बजट का 22.50% यानी 22,200.35 करोड रुपए का शिक्षा बजट पेश किया है। एनडीए सरकार की प्राथमिकता है घर-घर शिक्षा का दीप जलाएंगे,विकसित भारत बनाएंगे। उन्होंने जल जीवनहरियाली पर जोर देते हुए प्रत्येक विद्यालय में पौधा रोपण 15 दिनों के अंदर करने का निर्देश दिया है।

इस अवसर पर महावीर इंटर कॉलेज गया के प्रभारी प्रचार डॉ पी पी प्रियदर्शी,वरीय शिक्षक मोहम्मद मुख्तार,डॉ अनीता कुमारी दीपेश कुमार, अनुग्रह नारायण कन्या विद्यालय से संजय कुमार,मारवाड़ी उच्च विद्यालय से राजेश कुमार, गया उच्च विद्यालय से सुनीता सैनी,जेल प्रेस कन्या उच्च विद्यालय से रेखा कुमारी, बनमाली बाबा उच्च विद्यालय से शमा परवीन,चंद्रशेखर उच्च विद्यालय के प्राचार्य विजय राम,शहीद उच्च विद्यालय से परमानंद प्रसाद सहित अन्य विद्यालयों के प्रभारी एवं वरीय शिक्षक उपस्थित रहे हैं।

# मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने दिया शारदा सिन्हा को श्रद्धांजलि

प्रातः किरण संवाददाता



*गया।बिहार भाजपा के वरीय नेता व बिहार सरकार के सहकारिता सह पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने शारदा सिन्हा के मृत्यु पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार कोकिला सह प्रसिद्ध लोक गायिका,मैथिली एवं भोजपुरी की महान स्वर लहरी,आवाज देने वाली,छठ एवं विवाह गीतों को अमरत्व प्रदान करने वाली,72 वर्षीय श्रीमती शारदा सिन्हा का निधन गायिकी जगत ही नहीं,समस्त संगीत श्रोताओं को मर्माहत किया है। लोक आस्था का महान पर्व छठ का आज पहला दिन नहाए खाए हैं। शारदा जी का इस दिन इस दुनिया को अलविदा कहना छठ के गीतों को फीका कर दिया। आप 6 माह से कैंसर से जूझ रही थी। इस जंग में शारदा जी हार गई। दिल्ली एम्स में उन्होंने अंतिम सांस ली है। भारत सरकार ने संगीत जगत में उनके अतुल्य योगदान के लिए दो बार सर्वोच्च सम्मान 2018 में पद्मभूषण और 1991 में पद्मश्री से सम्मानित किया है। बिहार सरकार ने भी कई अवार्ड से उन्हें सम्मानित किया है।

सन 2000 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार। राष्ट्रीय अहिल्या देवी अवार्ड 2006 एवं 2015 में कई पुरस्कार से उन्हें बिहार सरकार ने सम्मानित किया। सुपौल में जन्म, समस्तीपुर में नौकरी की, बेगूसराय सीहमा में ससुराल और पटना रही शारदा जी की कर्मभूमि। बिहार की लता मंगेशकर,बिहार कोकिला का हम सबों के बीच से चला जाना संगीत जगत की अपूरणीय क्षति है। छठ गीत का अनुपम उपहार देकर गंधर्व लोक गई शारदा सिन्हा जी के बारे में कुछ भी कहना_लिखना कम ही होगा। ऐसे महान गायिका शारदा सिन्हा को अश्रुपूर्ण नेत्रों से,अपने हृदय तल से उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। दुख की इस घड़ी में ईश्वर से कामना है कि शोक संतप्त परिवार को दुख से उबड़ने की शक्ति प्रदान करे और मृत आत्मा को चिरशांति मिले। ओम शांति। शांति।।

# शारदा सिन्हा ने अपनी आवाज से भारतीय लोक संगीत को नया जीवन दिया है : डॉ मनीष पंकज मिश्रा

प्रातः किरण संवाददाता



गया।मशहूर लोक गायिका शारदा सिन्हा का निधन की सूचना मिलने पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ मनीष पंकज मिश्रा सहित भाजपा नेता के द्वारा शोक व्यक्त किया गया अपने शोक प्रगट करते हुए कहाडॉ मनीष पंकज ने कहा हम सबको यह सुनकर गहरा दुख हुआ कि लोक गायिका शारदा सिन्हा का निधन हो गया है। भारतीय लोक संगीत की यह अद्वितीय आवाज हमें हमेशा अपनी यादों में सजीव रहेगी। उनकी गायकी ने न केवल बिहार, बल्कि सम्पूर्ण भारत के सांस्कृतिक आकाश को आलोकित किया है। शारदा सिन्हा ने अपनी आवाज से भारतीय लोक संगीत को नया जीवन दिया, और उनकी गायन शैली में एक विशेष प्रकार की सादगी, गहराई और भावनात्मक जुड़ाव थाजो हर श्रोता को छू जाता था शारदा सिन्हा का संगीत समाज के हर वर्ग को जोड़ने में सक्षम था। उनकी आवाज में देश के विभिन्न हिस्सों के लोक संगीत की विविधता और समृद्धि का अद्वितीय प्रतिबिंब था। ह्यकाहे को बेचैनीह्ल और ह्यसासू जी ने बेटा दियाह्ल जैसी उनकी मशहूर रचनाएँ हमेशा हमारे दिलों में गूंजती रहेंगी। शारदा जी का योगदान भारतीय संगीत के क्षेत्र में अनमोल रहेगा। उनका संगीत और उनकी सादगी हम सभी के दिलों में अमर रहेंगी। इसअफसरपर भाजपाजिला उपाध्यक्ष राजेंद्रप्रसाद अधिवक्ता ने कहाआज हम उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए यह संकल्प लें कि हम उनकी धरोहर को संजोए रखेंगे। उनके संगीत की जो विरासत उन्होंने छोड़ी है, उसे आगे बढ़ाना हमारा कर्तव्य है। शारदा सिन्हा का जो भी एल्बम है अमर बन गया छठ मईया का गीत जो अमर गाथा बना है।

आज हम सबों के बीच नहीं रहे लेकिन उनकी आवाज जिंदा है और अमर है दिवंगत आत्मा को शांति मिले और उनके परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्राप्त हो। भगवान विष्णु से से मेरा यही प्रार्थना है कि शारदा सिन्हा जी की अपने चरणों में स्थान दें दिवंगत आत्मा को शांति मिले और हम उनके योगदान को हमेशा याद रखें दुख प्रकट करने वालों में जिला मिडिया प्रभारी संतोष ठाकुर भाजपा वरिष्ठ नेता राणा रणजीत सिंह दीपक पांडे महेश यादव बबलू गुप्ता।

# 50 हजार रुपये के इनामी अपराधी राजा कुरैशी गिरफ्तार

## अपराधी के पास से 1 पिस्टल व 6 कारतूस को किया गया बरामद

प्रातः किरण संवाददाता




शेरघाटी। पुलिस की बड़ी कार्रवाई शेरघाटी शहर के कपूर ट्रेडर्स रमणा मोहल्ला स्थित लूट के घटना के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार।

गिरफ्तार आरोपी के ऊपर 50.000 का इनाम रखा गया था मालूम हो कि बीते महीने शहर के रमण मोहल्ला स्थित कपूर ट्रेडर्स में सुबह के 7:00 बजे हथियार के भय दिखाकर अपराधियों ने घर में घुसकर परिजनों को बंधक बनाते हुए लाखों रुपए की संपत्ति लूट ली थी। उक्त घटना में संलिप्त आरोपियों की पहचान सीसीटीवी कैमरे फुटेज के आधार पर की गई थी, वहीं पुलिस लगातार आरोपियों के पकड़ के लिए कार्रवाई कर रही थी गया एसएसपी आशीष कुमार भारती ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर घटना के मुख्य आरोपी राजा कुरैशी हंटरगंज थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव के रहने वाला को एक पिस्टल एवं 6 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बातचीत के दौरान पत्रकारों को बताया कि आरोपी के खिलाफ शेरघाटी आमस समेत कई थाने में मुकदमा दर्ज है।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में इस कांड में शामिल 6 अभियुक्तों को 86000 नगद एवं दो मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। जबकि इस कांड में संलिप्ट अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है।

अपराधी राजा कुरैशी के खिलाफ शेरघाटी कांड संख्या125/20, 298 /20, 452/ 24 के अलावा आमस थाना कांड संख्या 151/18, सदर थाना चतरा 252/24 हंटरगंज थाना कांड संख्या 65/18, 123/ 17 डोभी थाना कांड संख्या 127/23,तांती सिलवे थाना कांड संख्या 28/ 23 बांके बाजार थाना कांड संख्या 120 /24 के मुख्य आरोपी है, एसएसपी ने बताया की कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# पूर्व सांसद सह अति पिछड़ा जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने इमामगंज विधानसभा क्षेत्र के तीनों प्रखण्ड के विभिन्न गांवों का भ्रमण किया



प्रातः किरण संवाददात

गया।इमामगंज (अ जा) विधानसभा उप चुनाव में एनडीए प्रत्याशी दीपा मांझी के चुनाव चिन्ह कडाही छाप पर बटन दबाकर जहानाबाद के पूर्व सांसद सह प्रदेश अध्यक्ष अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ जनता दल यू के चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने किया है। चंद्रवंशी ने इमामगंज विधानसभा क्षेत्र के तीनों प्रखण्ड के विभिन्न गांवों का भ्रमण किया। हसनपुर, रानीगंज बास बाजार, मैगरा, कोल्हुबाग, कोलसईता कुंडीया गाँव में जन सम्पर्क अभियान चलाया।श्री चंद्रवंशी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के काम के आधार पर वोट कीजिये। अतिपिछड़ा वर्गों के लिए नीतीश सरकार बहुत काम किया है। अतिपिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया गया। पंचायत व नगर निकाय चुनाव में आरक्षण दी गई। नौकरी व न्याय पालिका में भी आरक्षण दिया गया है। चंद्रवंशी ने अपील किया कि 13 नवम्बर को सबसे पहले अपना अपना मतदान करें और अगल बगल के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। कडाही छाप पर वोट देकर नीतीश कुमार के हाथ को मजबूत करें।

# प्रधानमंत्री का कार्यक्रम विकाश के क्षेत्र में ऐतिहासिक होगा : धीरेन्द्र सिंह

प्रातः किरण संवाददात



दरभंगा।भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष जीवछ सहनी के अध्यक्षा में आगामी 13 को प्रधानमंत्री के दरभंगा आगमन एवं अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान का शिलान्यास कर आधारशिला रखने का कार्य करेंगे इस नियमित तीन जिले के प्रमुख कार्यकर्ता ,विधायक ,विधान पार्षद के साथ बैठक हुआ ।

प्रदेश उपाध्यक्ष सह क्षेत्रीय प्रभारी धीरेन्द्र सिंह ने सभी कार्यकताओं से अपील करते हुए कहा कि विकाश के क्षेत्र में ऐतिहासिक होगा ये कार्यक्रम ।दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि दरभंगा की जनता के लिए अभूतपूर्व पल है ।ये शिलान्यास न केवल दरभंगा बल्कि आसपास के लोगों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांति लाएंगी ।विकसित भारत विकसित बिहार के संकल्प को साकार रूप देने का कार्य करेगी।नगर विधायक सह संचेतक संजय सरावगी ने कहा कि दरभंगा की धरती पर ऐतिहासिक होगा ये कार्यक्रम पर्व की तरह पूजयनीय होगा ये कार्यक्रम अब गरीबों को इलाज के लिए भटकना नहीं होगा ।कम खर्च में इलाज की विश्वस्तरीय सुविधा का संचार होगा दरभंगा में चिर परिचित मांग की पूर्ति पर उत्साहित है दरभंगा की जनता।माताओं बहनों बेटियों का सुख सुविधा सम्मान और बेहतर स्वास्थ्य डबल इंजन सरकार की बहुत बड़ी प्राथमिकता है ।सबसे अधिक जन शामिल होंगे ऐसा आशा आओ विश्वास है ।पूर्व मंत्री सह जाले विधायक जीवेश कुमार ने कहा कि आज दरभंगा कह रहा है कि मोदी का गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी ।बहुत रुकावट के बाद दृढ़ इक्षाशक्ति के कारण हुआ साकार रूप घर घर से भाग लेंगे जाले की जनता

विधायक डॉ मुरारी मोहन झा ने कहा कि दरभंगा , मधुबनी,की जनता ने विकाश पुरुष के प्रति वोट देने का कार्य किया ओ संकल्प पूर्ण हुआ ।इस बैठक में मंच संचालन मधुबनी के जिलाध्यक्ष शंकर झा ने किया धन्यवाद ज्ञापन झंझारपुर के जिला अध्यक्ष राघव झा ने किया ।इस बैठक को संबोधित करने वाले में विधायक रामचंद्र प्रसाद ,विधानपरिषद सदस्य घनश्याम ठाकुर,विधायक अरुण शंकर ,पूर्व विधायक अमरनाथ गामी,अर्जुन सहनी,उमेश कुशवाहा,,सचिन जैन,अभय झा ,विजय चौधरी,अंकुर गुप्ता ,देवेंद्र झा ,संजीव साह ,आदित्य नारायण मानना ,दिलीप भारती , सुजीत मल्लिक ,पप्पू सिंह ,अश्वनी यादव सपना भारती,राजेश रंजन,रजनीश झा ,ब्रह्मानंद यादव,कन्हाई आदि थे।

## सज धज कर तैयार हुए छठ

प्रातः किरण संवाददात

कुर्था (अरवल) लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर प्रखंड क्षेत्र के के सभी घाटों को सजा दिया गया है। चारों तरफ घाट के डिजाइनिंग लैंडिंग बल्ब से सजाया गया है देखने में ऐसा लग रहा है कि दुल्हन की तरह छठ घाट लग रहे हैं छठ गीतों से माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। सभी घाटों समितियों की ओर से व्यवस्था काफी की गई है। इसके साथ प्रशासन के तरफ से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।घाटों पर पुलिस के जवानों की तैनाती की जा चुकी है। छठ के गीतों से वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय हो गया है गांव से घर तक छठ मईया के गीत सुनाई दे रहे है। सभी घाटों पर कंट्रोल रूम रहेंगे कार्यरत छठ में लगने वाले मेले के सुरक्षा व्यवस्था को लेकर छठ घाटों के खतरे के निशान की मापी कर हर जगह निशान लगाया गया है।इसके साथ ही बैरिकेडिंग की गई है।वहीं सभी घाटों पर सादे लिबास में चारों तरफ पुलिसकर्मी और प्रशासनिक अधिकारी तैनात रहेंगे।जहां माइकिंग के द्वारा लोगों से लगातार सतर्कता बरतने के लिए प्रशासन की टीम अनुरोध करेगी। डीएम ने लोगों से अपील किया कि किसी भी तरह के अफवाह की सूचना हो तो प्रशासन को दे ताकि समय पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## अभाकाम के जिलाध्यक्ष के जन्मदिन पर जरूरतमंदो के बीच कराया गया मिठाई, बिस्कुट समेत अन्य सामग्री का वितरण



प्रातः किरण संवाददात


गया। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला इकाई के कुछ सदस्यो ने अपने प्रिय नेता अभाकाम जिला इकाई गयाजी के अध्यक्ष चित्रांश मोहन श्रीवास्तव जी के जन्म दिन के शुभ अवसर पर उनके उत्तम स्वास्थ , दीघार्यु , सुयश एवम सुकिर्ती के लिये विष्णुपद मंदिर मे दरिद्र नारायण में बिस्कुट, मिठाई और नमकीन का वितरण किया। लोगो ने मोहन श्रीवास्तव जी को ढ़ेरों आशीर्वाद दिया है। उस दौरान मुकेश कुमार वर्मा , नवीन बिहारी प्रसाद , सुनील कुमार सिन्हा , विभूती भूषण और कुमार गौरव की भागीदारी रही है।वहीं मोहन श्रीवास्तव ने छठ महापर्व की तैयारी मे अपनी वयस्तता के बाजवुद जन्म दिन के निजी उत्सव के उपर जनसेवा को प्राथमिकता दिया है।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी गांवों में ऐतिहासिक कार्य किया : चंदन सिंह



गया।जदयू प्रदेश मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह के नेतृत्व में बेलागंज विधानसभा उपचुनाव में नगर प्रखंड अंतर्गत धनसीर पंचायत के ग्राम धनसीर, गुलनी, गुलरियाचक,गोपालपुर, चौरहर, एवं विशुनपुर बाजार में जनसंपर्क कर एनडीए प्रत्याशी मनोरमा देवी के पक्ष में जनता से तीर छाप पर वोट देने का अपील किया है। चंदन सिंह ने बताया की सभी जगह से एक ही आवाज उठ रही है की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी गांवों में ऐतिहासिक कार्य किया है, आज बिहार में अमन चैन है, जनता नीतीश कुमार के किए गए विकास को देखते हुए बेलागंज में इस बार बदलाब चाहती है। बेलागंज के जनता के मूड के देखते हुए इस बार मनोरमा देवी भारी बहुमत से चुनाव जीतेगी। इसके साथ में जिला अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद, पूर्व विधायक कृष्णनंदन यादव, जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल, शंकर चौधरी, कैलाश पासवान, दयानंद विश्वकर्मा, रंजीत कुशवाहा, गोल्डी गायब, कुमार शानू, पंचायत अध्यक्ष बीरेंद्र सिंह, रामबली बिंद, विशेश्वर पासवान एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बेलागंज में लगाया गया जन सुराज का निःशुल्क चिकित्सा शिविर, मरीजों का किया गया मुफ्त इलाज




गया। जन सुराज आरोग्य टीम ने गया सदर प्रखंड के छतुसबाग में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित किया। इस शिविर में डॉ. दीपक रंजन पी. ओ. सी की अगुवाई में 170 रोगियों का परीक्षण किया गया है जिसमें 80 महिलाएं, 85 पुरुष, और 5 बच्चे शामिल थे। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम में वरीय फिजिशियन डॉ. परमेश्वर पाण्डेय और आंखों की बीमारियों के लिए अखंड ज्योति हॉस्पिटल की टीम शामिल थी। शिविर में 75 आंख रोगियों का इलाज किया गया, और 21 रोगियों का मोतियाबिंद के निःशुल्क इलाज के लिए चयन किया गया है। जहां प्रशांत किशोर की जन सुराज पदयात्रा पर भी चर्चा की गई, जिसमें सही सोच और सामूहिक प्रयास के महत्व को समझाया गया। शिविर में उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई, विजिटिंग कार्ड और जन सुराज लीफलेट वितरित किए गए। समुदाय ने इस पहल की सराहना की है।

# छठ पूजा की सारी तैयारी पूरी ,खरना के साथ निर्जला उपवास आरंभ

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। चार दिवसीय आस्था का महापर्व छठ को लेकर लोगों में उत्साह है ।बुधवार को खरना के दिन छठ व्रतियों ने दिन भर निर्जला उपवास कर गाय के शुद्ध दूध से शाम में मिट्टी के चूल्हे पर पवित्र माने जाने वाले आम की लकड़ी से मिट्टी के बर्तन में खरना का खीर तैयार किया।

फिर परिवार सहित लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। खरना के प्रसाद का विशेष महत्व होता है `इसके साथ गुरुवार को पहले अर्घ्य के लिए प्रसाद बनाने में छठव्रती सहित महिलाएं जुट गई।

# मगध में कलम से क्रांति लाएंगे : गुरु रहमान



प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल) स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के लारी गांव में लाइब्रेरी में पढ़ रहे बच्चों को मार्गदर्शन करने आए पटना के जाने-माने दरोगा फैक्ट्री से चर्चित गुरु रहमान लारी गांव आकर बच्चों को मार्गदर्शन दिए और उन्होंने कहा कि कुर्था में पुस्तकालय होने की गरिमा को प्रमाणित कर रहा है यहां से लड़के टॉप 10 एवं बीपीएससी में आगे आ रहे हैं दरोगा गुरु रहमान से चर्चित अगर मगध में आए हैं तो मगध के धरती पर मगध में भी कलाम की क्रांति लाएंगे और कहा कुर्था के धरती पर कोनी में ज्ञान गुरुकुल का भी हम लोग निर्माण कर रहे हैं ताकि शिक्षा का ज्योति हर गांव एवं घर तक पहुंचे ।इस मौके पर कुर्था थाना अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार,एसआई स्मिता उपाध्य,समेत कई लोग उपस्थित है

# भारतीय रेलवे ने 24 घंटे में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की आबादी के बराबर से ज्यादा लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचाया



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। एक अक्टूबर से 05 नवंबर के दौरान रेलवे ने विशेष ट्रेनों के जरिए 65 लाख यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया। वहीं एक अक्टूबर से 05 नवंबर के दौरान विशेष ट्रेनों के जरिए बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश और झारखंड में लगभग 7.5 करोड़ यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया।

- सोमवार यानि 04/11/2024 को भारतीय रेल द्वारा एक दिन में सबसे अधिक यात्रियों का परिवहन किया गया ।
- तीन करोड़ यात्री रेलवे में सवार हुए, जो ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की संयुक्त जनसंख्या से भी अधिक है
- 4 नवंबर 2024 को 120.72 लाख (19.43 लाख आरक्षित और 101.29 लाख अनारक्षित गैर-उपनगरीय) यात्रियों को ले जाया गया।
- भारतीय रेल द्वारा 180 लाख उपनगरीय यातायात को सेवा प्रदान की गयी।
- यह चालू वर्ष के लिए एक दिन में यात्रियों की सबसे अधिक संख्या है।
- पूजा/दिवाली/छठ की भीड़ के लिए 01 अक्टूबर, 2024 से 30 नवंबर 2024 के बीच कुल 7,666 विशेष ट्रेन सेवाओं को अधिसूचित किया गया ।पिछले वर्ष इसी अवधि में 4,429 ट्रिप संचालित की गई थीं। यह पिछले वर्ष की तुलना में 73 प्रतिशत अधिक है।
- अब तक 01 अक्टूबर से 05 नवंबर तक 4521 विशेष ट्रेनें चलाई गईं। इस अवधि के दौरान विशेष ट्रेनों में 65 लाख यात्रियों को रेलवे द्वारा सुविधा प्रदान की गई।
- चलाई गई स्पेशल ट्रेनों की संख्या
- 3 नवंबर को 207 स्पेशल ट्रेनें चलायी गयीं ।
- 4 नवंबर को 203 स्पेशल ट्रेनें चलायी गयीं ।
- 5 नवंबर को 171 स्पेशल ट्रेनें चलायी गयीं ।
- आज 6 नवंबर को 164 स्पेशल ट्रेनें चलाने की योजना है
- कल 7 नवंबर को भी 164 ट्रेनें चलाने की योजना है

## पटना-नईदिल्ली पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन होगा

हाजीपुर। त्योहारों के अवसर पर यात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए कई पूजा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है ।इसी कड़ी में छठ पर्व बाद नई दिल्ली जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए एक जोड़ी अतिरिक्त पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा ।

गाड़ी संख्या 03329 पटना-नई दिल्ली पूजा स्पेशल 09.11.2024 एवं 11.11.2024 को पटना से 14.05 बजे खुलकर दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते अगले दिन 08.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी ।इसी तरह वापसी में गाड़ी संख्या 03330 नई दिल्ली-पटना पूजा स्पेशल 10.11.2024 एवं 12.11.2024 को नई दिल्ली से 09.30 बजे खुलकर पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर के रास्ते अगले दिन 02.20 बजे पटना पहुंचेगी ।

## संक्षिप्त समाचार

## जलज सक्सेना ने हासिल की उल्लेखनीय उपलब्धि

● यह रिकॉर्ड बनाने वाले पहले क्रिकेटर बने



**थुंबा (केरल) (एजेंसी)।** केरल के ऑलराउंडर जलज सक्सेना सेंट जेवियर्स कॉलेज ग्राउंड में उत्तर प्रदेश के खिलाफ एलीट ग्रुप सी के चौथे दौर के मैच के दौरान रणजी ट्रॉफी में 6000 रन और 400 विकेट का उल्लेखनीय डबल हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। कोलकाता में केरल के पिछले मैच में 6000 रन का आंकड़ा पार करने वाले सक्सेना ने खेल में अपना चौथा विकेट लेने के बाद यह मील का पत्थर हासिल किया, उन्होंने तेज ऑफ स्पिन गेंद पर बाएं हाथ के बल्लेबाज नीतीश राणा का विकेट लिया, जिससे राणा स्टंप आउट हो गए। 37 वर्षीय यह गेंदबाज रणजी ट्रॉफी के इतिहास में 400 विकेट के आंकड़े तक पहुंचने वाले 13वें गेंदबाज हैं।

सक्सेना ने 2005 में मध्य प्रदेश के साथ अपने प्रथम श्रेणी करियर की शुरुआत की, राज्य के साथ अपने 11 साल के कार्यकाल में उन्होंने 159 विकेट लिए और 4041 रन बनाए। 2016-17 सीजन में वह केरल चले गए और टीम के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए, जो केवल केएन अनंथापद्मनाभन से पीछे हैं।

पिछले सीजन में सक्सेना दिग्गजों की श्रेणी में शामिल हो गए जब वह भारतीय घरेलू क्रिकेट के इतिहास में सभी प्रारूपों में 9000 रन और 600 विकेट हासिल करने वाले केवल चौथे खिलाड़ी बने और वीनू मांकड़, मदन लाल और परवेज़ रसूल की अनन्य कंपनी में शामिल हो गए। अकेले रणजी ट्रॉफी में उनका रिकॉर्ड सक्रिय ऑलराउंडरों में बेजोड़ है और विजय हजारे, मदन लाल और सुनील जोशी जैसे भारतीय महान खिलाड़ियों की श्रेणी में है।

## बिग बैश लीग 14 से पहले सिडनी थंडर ने की बड़ी घोषणा, डेविड वॉर्नर को बनाया कप्तान



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को बिग बैश लीग (बीबीएल) 2024-25 के लिए सिडनी थंडर का कप्तान बनाया गया है। वर्ष 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में गेंद से छेड़छाड़ को लेकर वॉर्नर को आजीवन कप्तानी के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। डेविड वॉर्नर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके है। पिछले दिनों डेविड वॉर्नर ने कप्तानी पर लगे बैन के खिलाफ अपील की थी। जिसके बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के आचार संहिता आयोग ने उन पर लगे प्रतिबंध को समाप्त कर दिया। समीक्षा पैनल ने कहा, 'वार्नर जवाबों के सम्मानजनक तथा पश्चाताप भरे लहजे ने समीक्षा पैनल को प्रभावित किया और उन्हें अपने आचरण के लिए अत्यधिक पश्चाताप है।% इसके बाद उन्हें सिडनी थंडर का कप्तान बनाये जाने की घोषणा की गई। सिडनी थंडर का कप्तान बनाए जाने पर डेविड वॉर्नर ने कहा, 'एक बार फिर सिडनी थंडर की कप्तानी करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं शुरुआत से ही इस टीम का हिस्सा रहा हूं। अब अपने नाम के आगे 'सी' के साथ वापस आना बहुत अच्छा लग रहा है।

## इंडियन प्रीमियर लीग, आईपीएल- 2025

# 1574 खिलाड़ियों पर लगेगी बोली, जेम्स एंडरसन का भी नाम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को घोषणा की कि 1165 भारतीय खिलाड़ियों सहित कुल 1574 क्रिकेटरों ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 से पहले सऊदी अरब के जेद्दा में 24 और 25 नवंबर को होने वाली बड़ी नीलामी के लिए पंजीकरण कराया है। इस सूची में 320 कैप्ड (जिसने अंतरराष्ट्रीय मैच खेला हो) खिलाड़ी जबकि 1,224 अनकैप्ड (जिसने अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) खिलाड़ी और एसोसिएट देशों के 30 खिलाड़ी शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों में 48 भारत के हैं। इसके अलावा देश के 965 अनकैप्ड खिलाड़ी भी नीलामी का हिस्सा होंगे। बोली के लिए जेम्स एंडरसन ने 1.25 करोड़ के बेस प्राइस पर अपन नाम दर्ज कराया है जबकि ऑक्शन में बेन स्टोक्स का नाम नहीं है।

**409 विदेशी खिलाड़ी रजिस्टर –** खिलाड़ियों का पंजीकरण आधिकारिक तौर पर सोमवार को बंद हो गया। कुल 409 विदेशी खिलाड़ियों ने नीलामी के लिए पंजीकरण किया है। यह लगातार दूसरा साल है जब नीलामी विदेश में हो रही है। आईपीएल 2024 से पहले पिछली नीलामी दुबई में हुई थी। नीलामी 22 नवंबर से पर्थ में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच शुरू हो रहे पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे और चौथे दिन के खेल से टकराएगी। प्रत्येक फ्रेंचाइजी अधिकतम 25 खिलाड़ियों (संबंधित रिटेन खिलाड़ियों सहित) की टीम बना सकेगी और नीलामी से कुल 204 खिलाड़ी खरीदे जा सकेंगे। इस साल की नीलामी में ऋषभ पंत, लोकेश राहुल, श्रेयस अय्यर और अर्शदीप सिंह जैसे कुछ बड़े भारतीय सितारे भी शामिल होंगे।

**दक्षिण अफ्रीका से 91 खिलाड़ी –** नीलामी में 91 खिलाड़ियों के साथ दक्षिण अफ्रीका का दूसरा सबसे बड़ा खिलाड़ी पूल है जिसके बाद 76 खिलाड़ियों के साथ ऑस्ट्रेलिया का नंबर आता है। इंग्लैंड से 52 और न्यूजीलैंड से 39 क्रिकेटर नीलामी में हिस्सा लेंगे जबकि वेस्टइंडीज (33) और अफगानिस्तान (29) और श्रीलंका (29) इस सूची में अगले पायदान पर हैं। एसोसिएट देशों में यूएसए (10), नीदरलैंड (12), कनाडा (4), इटली (1), यूएई (1) और स्कॉटलैंड (2) के खिलाड़ी नीलामी का हिस्सा लेंगे।

**46 खिलाड़ी ही हुए हैं रिटेन –** नीलामी के दौरान 10 फ्रेंचाइजी के पास 204 खिलाड़ियों पर खर्च करने के लिए सामूहिक रूप से लगभग 641.5 करोड़ रुपए होंगे। इन 204 स्थानों में से 70 विदेशी खिलाड़ियों के लिए निर्धारित हैं। अब तक 10 फ्रेंचाइजी ने



558.5 करोड़ रुपए के सामूहिक खर्चे के साथ 46 खिलाड़ियों को रिटेन किया है। प्रत्येक फ्रेंचाइजी को अपनी टीम बनाने के लिए 120 करोड़ रुपए आवंटित किए गए।

**पंजाब के पास सबसे अधिक पैसा –** पंजाब किंग्स के पास सबसे अधिक 110.5 करोड़ रुपए हैं। पंजाब की टीम ने सिर्फ दो अनकैप्ड खिलाड़ियों शशांक सिंह और प्रभसिमरन सिंह को कुल 9.5 करोड़ रुपये में रिटेन किया है। संजू सैमसन की अगुआई वाली राजस्थान रॉयल्स के पास 6 खिलाड़ियों को रिटेन करने के बाद सबसे कम 41 करोड़ रुपए की राशि है। कोलकाता नाइट राइडर्स ने भी 6 खिलाड़ियों को रिटेन किया है लेकिन उनके पास 51 करोड़ रुपए की राशि बची है।

### नीलामी 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 से पहले खिलाड़ियों की बड़ी नीलामी 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब के जेद्दा में होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को घोषणा की। यह लगातार दूसरा साल है जब नीलामी विदेश में हो रही है। आईपीएल 2024 से पहले पिछली नीलामी दुबई में हुई थी। खिलाड़ियों का पंजीकरण आधिकारिक तौर पर सोमवार को बंद हो गया और कुल 1,574 क्रिकेटरों (1,165 भारतीय और 409 विदेशी) ने नीलामी के लिए पंजीकरण किया है। नीलामी 22 नवंबर से पर्थ में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच शुरू हो रहे पहले टेस्ट के तीसरे और चौथे दिन के खेल से टकराएगी।

प्रत्येक फ्रेंचाइजी अधिकतम 25 खिलाड़ियों (संबंधित रिटेन खिलाड़ियों सहित) की टीम बना सकेगी और नीलामी से कुल 204 खिलाड़ी खरीदे जा सकेंगे। इस सूची में 320 कैप्ड (जिसने अंतरराष्ट्रीय मैच खेला हो) खिलाड़ी जबकि 1,224 अनकैप्ड (जिसने अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) खिलाड़ी और एसोसिएट देशों के 30 खिलाड़ी शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों में 48 भारत के हैं। इसके अलावा देश के 965 अनकैप्ड खिलाड़ी भी नीलामी का हिस्सा होंगे। इस साल की नीलामी में ऋषभ पंत, लोकेश राहुल, श्रेयस अय्यर और अर्शदीप सिंह जैसे कुछ बड़े भारतीय सितारे भी शामिल होंगे।

नीलामी के दौरान 10 फ्रेंचाइजी के पास 204 खिलाड़ियों पर खर्च करने के लिए सामूहिक रूप से लगभग 641.5 करोड़ रुपए होंगे। इन 204 स्थानों में से 70 विदेशी खिलाड़ियों के लिए निर्धारित हैं। अब तक 10 फ्रेंचाइजी ने 558.5 करोड़ रुपए के सामूहिक खर्चे के साथ 46 खिलाड़ियों को रिटेन किया है। प्रत्येक फ्रेंचाइजी को अपनी टीम बनाने के लिए 120 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे लेकिन 31 अक्टूबर को रिटेंशन (खिलाड़ियों को अपने साथ बरकरार रखा) प्रक्रिया खत्म होने के बाद पंजाब किंग्स के पास सबसे अधिक 110.5 करोड़ रुपए हैं।

पंजाब की टीम ने सिर्फ 2 अनकैप्ड खिलाड़ियों शशांक सिंह और प्रभसिमरन सिंह को कुल 9.5 करोड़ रुपए में रिटेन किया है। संजू सैमसन की अगुआई वाली राजस्थान रॉयल्स के पास 6 खिलाड़ियों को रिटेन करने के बाद सबसे कम 41 करोड़ रुपए की राशि है। कोलकाता नाइट राइडर्स ने भी 6 खिलाड़ियों को रिटेन किया है लेकिन उनके पास 51 करोड़ रुपए की राशि बची है।

# 'यह रोमांचक है', जोस इंग्लिस ने ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी मिलने पर दी पहली प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे और उसके बाद टी20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी मिलने के बाद विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश इंग्लिस ने कहा कि उन्हें नेतृत्व की जिम्मेदारी मिलने पर वाकई सम्मान की बात है। इंग्लिस ऑस्ट्रेलिया के 30वें वनडे कप्तान बनेंगे जब टीम पर्थ में पाकिस्तान से खेलेगी जबकि नियमित कप्तान पैट कमिंस बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की तैयारी के लिए जाएंगे। मिशेल मार्श के पितृत्व अवकाश पर होने के कारण वह 14-18 नवंबर तक ब्रिसबेन, सिडनी और होबार्ट में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 मैचों में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करने वाले 14वें खिलाड़ी बन जाएंगे।



इंग्लिस ने कहा, यह रोमांचक है, मैं वास्तव में इसका इंतजार कर रहा हूं। मैं निश्चित रूप से मिच और पैट की जगह ले रहा हूं, जो बाहर हैं - मिच पितृत्व अवकाश पर हैं और पैट टेस्ट समर की तैयारी कर रहे हैं। मैं वास्तव में चुनौती का इंतजार कर रहा हूं और पर्थ में ऐसा करना वास्तव में अच्छा होने वाला है। जॉर्ज बेली ने पिछले सप्ताह मुझे फोन किया और मैं शुरुआत में थोड़ा चौंक गया था, लेकिन जाहिर है कि हमारे पास कई खिलाड़ी हैं जो अलग-अलग चीजों की तैयारी कर रहे हैं। लेकिन उस कॉल को पाना और मंजूरी पाना वाकई अच्छा है। मैं इस पद पर होने के लिए वास्तव में सौभाग्यशाली और सम्मानित महसूस कर रहा हूँ।

इंग्लिस ने इससे पहले 2022 में वेस्टइंडीज के खिलाफ ड्रॉ हुए मैच में प्रधानमंत्री एकादश की कप्तानी की थी और अब उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया के लिए अपने नेतृत्व कौशल के साथ एक अभिनव और आक्रामक दृष्टिकोण लाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, जब सब कुछ ठीक चलता है तो मैं इसका आनंद लेता हूं, लेकिन जब ऐसा नहीं होता है तो यह इतना मजेदार नहीं होता। लेकिन मुझे लगता है कि एक विकेटकीपर के रूप में आप खेल को देखने और यह देखने के लिए वास्तव में अच्छी स्थिति में होते हैं कि यह कैसे आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा, मैं हमेशा रणनीति के हिसाब से सोचता रहता हूं कि हम कैसे बदलाव कर सकते हैं, विकेट ले सकते हैं और इस तरह की चीजें कर सकते हैं। मुझे लगता है कि मुझे खेल को इस तरह से भटकते हुए देखना पसंद नहीं है, मैं काफी अभिनव होना चाहता हूं और खेल को आगे बढ़ाना चाहता हूं। हम देखेंगे कि रविवार को खेल कैसा होता है, लेकिन मैं इसके लिए उत्सुक हूं।

## अनिल कुंबले को उम्मीद, दक्षिण अफ्रीका में युवा खिलाड़ियों को मिलेगा मौका

**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना ??है कि यश दयाल, विशाक विजयकुमार और रमनदीप सिंह को घरेलू क्रिकेट में उनके शानदार रिकार्ड को देखते हुए भारतीय टी20 टीम के दक्षिण अफ्रीका दौरे में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण का मौका मिलना चाहिए। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम डरबन में शुक्रवार से शुरू होने वाली पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी।



पूर्व दिग्गज बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण इस टीम के कोच हैं। कुंबले ने जिओ सिनेमा से कहा, 'मुझे उम्मीद है कि इन तीनों खिलाड़ियों को भारतीय टीम की तरफ से खेलने का मौका मिलेगा क्योंकि उन्होंने घरेलू स्तर पर वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है। कुंबले ने तेज गेंदबाज यश दयाल की शानदार वापसी करने के लिए प्रशंसा की, जिन पर रिंकू सिंह ने आईपीएल 2023 के दौरान लगातार पांच छक्के जड़े थे।

उन्होंने कहा, 'यश दयाल जिन पर रिंकू सिंह ने लगातार पांच छक्के लगाए थे, उन्होंने क्या शानदार वापसी की। इससे उनके जज्बे का पता चलता है। वह बाएं हाथ का शानदार तेज गेंदबाज है जो दोनों तरफ गेंद को मूव कर सकता है। कुंबले ने हैरानी जताई कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने विजयकुमार को रिटेन नहीं किया।

उन्होंने कहा, 'विजयकुमार वास्तव में बहुत अच्छा तेज गेंदबाज है जिसने घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। मुझे वास्तव में हैरानी हुई कि आरसीबी ने उसे रिटेन नहीं किया। मुझे उम्मीद है कि दक्षिण अफ्रीका में उसे मौका मिलेगा। उसके पास डेथ ओवरों के लिए हर तरह का वेरिएशन है।

कुंबले ने कहा कि अगर रमनदीप को अंतिम एकादश में जगह मिलती है तो उनका गेंदबाज के रूप में भी उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'रमनदीप अच्छा आक्रामक बल्लेबाज और शानदार क्षेत्ररक्षक है। मुझे उम्मीद है कि उसका गेंदबाज के रूप में भी उपयोग किया जाएगा क्योंकि आईपीएल में इंपैक्ट प्लेयर के नियम के बाद लोग ऑलराउंडर को नजर अंदाज करने लगे हैं।

## रोनाल्डो के गोल की मदद से अल नासर की एएफसी चैंपियंस लीग में बड़ी जीत

**रियाद (एजेंसी)।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल की मदद से अल नासर ने एएफसी चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के एलीट वर्ग में संयुक्त अरब अमीरात के क्लब और गत चैंपियन अल ऐन को 5-1 से हराकर 12 टीमों की तालिका में शीर्ष तीन में जगह बनाई।

सऊदी अरब के क्लब अल नासर के चार मैचों में 10 अंक हैं तथा वह स्थानीय प्रतिद्वंद्वियों अल हिलाल और अल अहली से दो अंक पीछे हैं। इन दोनों ने अभी तक अपने चारों मैच जीते हैं। एंडरसन तालिस्का ने खेल शुरू होने के पांच मिनट बाद ही अल नासर की तरफ से पहला गोल किया। इसके बाद




रोनाल्डो ने आधे घंटे के अंतराल के ठीक बाद इस सत्र में प्रतियोगिता में अपना दूसरा गोल किया।

फैबियो कार्डोसो के आत्मघाती गोल से सऊदी अरब की टीम ने मध्यांतर तक 3-0 की बढ़त बना दी। वेस्ले और तालिस्का ने दूसरे हाफ में अल नासर के लिए गोल किए। इस बीच जापान के विसेल कोबे ने दक्षिण कोरिया के ग्वांगजू एफसी पर 2-0 से जीत से अपने ग्रुप में पहला स्थान हासिल कर लिया। मलेशिया के जोहोर दारुल ताज़िम दक्षिण कोरिया के दो बार के चैंपियन उल्सान एचडी पर 3-0 से जीत के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गया।

# अभिषेक शर्मा ने युवराज सिंह के एक ओवर में 6 छक्कों को किया याद

**डरबन (दक्षिण अफ्रीका) (एजेंसी)।** भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने प्रोटियाज के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए किंग्समीड, डरबन पहुंचने पर पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह के आईसीसी टी20 विश्व कप 2007 के मुकाबले के दौरान एक ओवर में 6 छक्कों को याद किया। इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले में युवराज टी20आई में एक ओवर में छह छक्के लगाने वाले पहले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बने और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ऐसा करने वाले पहले भारतीय भी बने। उन्होंने सिर्फ 16 गेंदों में तीन चौकों और सात छक्कों की मदद से 58 रन बनाए जिससे भारत ने एक अहम मैच में 218/4 का स्कोर बनाया।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में अभिषेक शर्मा ने कहा, मैं यहां पहली बार आया हूं, लेकिन जब मैंने इसे पहली बार टीवी पर देखा और अब मैं यहां हूं, तो यह एक सपना सच होने जैसा है। मैं टी20 विश्व कप 2007 के दौरान युवराज सिंह के 6 छक्कों से प्रेरित था। यहां अपने पहले दिन मैं यह पता लगाने की कोशिश कर रहा था कि वह किस



छोर से हिट करते। फिर हम सभी ने चर्चा शुरू की, उसने पहले दो शॉट वहीं मारे और तीसरा पॉइंट के ऊपर से मारा और सभी क्षेत्रों को कवर किया। यह एक शानदार याद है।

इसके अलावा बाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा कि उन्हें यकीन है कि जब वह डरबन में मेन इन ब्लू के लिए खेलेंगे तो युवराज सिंह उन्हें देखेंगे। उन्होंने कहा, %मैं अपने परिवार के साथ घर पर खेल देख रहा था। जब हमने वह खेल जीता तो मेरी पूरी कॉलोनी बाहर आ गई और हमने जीत का जश्न मनाया। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं यहां आ पाऊंगा, लेकिन मैं बस खेलना चाहता था। मुझे यकीन है कि वह (युवराज सिंह) भी खेल देखेंगे और यह मेरे लिए एक सपना होगा क्योंकि मैं उन्हें यहां खेलते हुए देखकर प्रेरित हुआ। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा और उन्हें गौरवान्वित करूंगा।

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चार मैचों की टी20 सीरीज 8 नवंबर को डरबन के किंग्समीड क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगी। पोर्ट एलिजाबेथ के सेंट जॉर्ज पार्क में 10 नवंबर को प्रोटियाज और मेन इन ब्लू के बीच दूसरा टी20 मैच खेला जाएगा।

# पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान

### जोश इंग्लिस को मिली कप्तानी

**कैनबरा(एजेंसी)।** विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश इंग्लिस तीसरे और अंतिम वनडे के साथ-साथ पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में भी ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगे। ये सीरीज 14-18 नवंबर के बीच ब्रिसबेन, सिडनी और होबार्ट में खेली जाएगी। फॉर्म में चल रहे विकेटकीपर-बल्लेबाज को अनुभवी वाइट-बॉल खिलाड़ियों ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोइनिस पर तरजीह दी गई है और पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के अंतिम मैच में भी टीम की कप्तानी करेंगे। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट सितारे भारत के साथ आगामी सीरीज के लिए अपनी तैयारियों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

इंग्लिस ने पिछले साल भारत में ऑस्ट्रेलिया के सफल आईसीसी पुरुष क्रिकेट निभाई थी और अनुभवी कीपर मैथ्यू वेड के हाल ही में रिटायरमेंट का मतलब है कि 29 वर्षीय यह खिलाड़ी वाइट-बॉल के दोनों प्रारूपों में स्टंप के पीछे पहली पसंद है। चयन अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने बुधवार को आईसीसी के हवाले से कहा, जोश वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय टीमों का अभिन्न सदस्य है और मैदान के अंदर और बाहर एक बेहद सम्मानित खिलाड़ी है। वह पहले ऑस्ट्रेलिया ए का नेतृत्व कर चुका है और इस भूमिका में मजबूत सामरिक कौशल और सकारात्मक दृष्टिकोण लाएगा। जोश को मैट शॉर्ट और एडम जम्पा के साथ-साथ ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोइनिस जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों से बहुत अच्छा समर्थन मिलेगा।



कमिंस और साथी रेड-बॉल सितारे मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ पाकिस्तान के खिलाफ चल रही वनडे सीरीज के अंतिम मैच से बाहर हो गए हैं जबकि तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन और जेवियर बार्टलेट को कीपर-बल्लेबाज जोश फिलिप और एक और तेज गेंदबाज लांस मॉरिस के साथ टीम में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया ने एमसीजी में पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मैच दो विकेट से जीता। सीरीज के अंतिम दो मुकाबले एडिलेड (8 नवंबर) और पर्थ (10 नवंबर) में खेले जाएंगे।

### ऑस्ट्रेलिया वनडे टीम

पैट कमिंस (कप्तान - पहले दो मैच), जोश जेवियर बार्टलेट (केवल तीसरा मैच), कूपर कोनोली, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड (केवल दूसरा मैच), स्पेंसर जॉनसन (केवल तीसरा मैच), मार्नस लाबुशेन (केवल पहले दो मैच), ग्लेन मैक्सवेल, लांस मॉरिस, जोश फिलिप (केवल तीसरा मैच), मैथ्यू शॉर्ट, स्टीव स्मिथ (केवल पहले दो मैच), मिशेल स्टार्क (केवल पहले दो मैच), मार्कस स्टोइनिस, एडम जम्पा

### ऑस्ट्रेलिया टी20आई टीम

जोश इंगलिस (कप्तान), सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, टिम डेविड, नाथन एलिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आरोन हार्डी, स्पेंसर जॉनसन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस

## संक्षिप्त समाचार

### आखिरी बार मिलने बुलाया; ब्रेकअप पार्टी करने रेस्टोरेंट गए; फिर पत्नी को चाकू गोदा

**नोएडा , एजेंसी।** नोएडा सेक्टर-18 के रेस्टोरेंट में रविवार को तलाक के पहले ब्रेकअप पार्टी के लिए अंतिम बार मिलने पहुंचे पति ने चाकू से गोदकर पत्नी को लहूलुहान कर लिया। घायल महिला का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। दंपति के बीच लंबे समय से मनमुटाव चल रहा था। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। बागपत निवासी पीड़िता के मुताबिक कुछ समय पहले ही उसका निकाह सेक्टर-44 छलेरा निवासी उस्मान से हुआ था। निकाह के कुछ दिन बाद से दोनों में झगड़े होने लगे तो वह मायके चली गई। रविवार को वह अपने स्कूल के कागजात लेने नोएडा अपने पति के पास आई। दोनों बात कर सेक्टर-18 के देवकीनंदन रेस्टोरेंट में भोजन करने गए। यहां पर महिला ने पति से अलग होने की इच्छा जताई। तलाक मांगने की बात से गुस्साए उस्मान ने आपा खो दिया और उस पर चाकू से हमला कर दिया। घटना के बाद तुरंत सेक्टर-18 चौकी की पुलिस पहुंच गई। पुलिस को देखने के बाद आरोपी मौका पाकर वहां से भाग गया। पुलिस ने एक टीम बनाई और सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए आरोपी तक पहुंच गई। जिस समय उस्मान की गिरफ्तारी हुई, वह सेक्टर-44 छलेरा में अपने कमरे पर सोया था।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि महिला किसी अन्य युवक के साथ वर्तमान में दिल्ली में रह रही है। वह उससे शादी की योजना बना चुकी है। पुलिस के अनुसार रेस्टोरेंट के सामने चाय की दुकान से उस्मान ने चाकू लिया और उसी से पत्नी पर करीब पांच वार किए। महिला के पेट में चोट आई है।

### सुषमा स्वराज ने जस्टिन ट्रूडो को दिखा दी थी हैसियत, कैप्टन ने बताया पूरा मामला

नई दिल्ली। भारत को अकड़ दिखाते-दिखाते कनाडा की कानून व्यवस्था इतनी चरमरा गई है कि दिन-दहाड़े मंदिरों में हमले होने लगे हैं। हिंदुओं को खुलेआम टारगेट किया जाता है और कनाडाई पीएम वहां होने वाले अपराधों का ठीकरा भारत पर फोड़ते नजर आते हैं। खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद जिस तरह से जस्टिन ट्रूडो ने बेबुनियाद आरोप लगाकर भारत को बदनाम करने की कोशिश की है, उससे दोनों देशों के रिश्ते बद से बदतर हो गए हैं। इसी बीच पंजाब के कैप्टन अमरिंदर सिंह ने जस्टिन ट्रूडो पर जमकर हमला बोला है।

# अनिल विज के सनसनीखेज आरोप- चुनाव में मेरे कत्ल का प्रयास, हराने में जुटा था प्रशासन



**अंबाला, एजेंसी।** अकसर अपने बयानों से चर्चा में रहने वाले हरियाणा के वरिष्ठ मंत्री अनिल विज ने सनसनीखेज आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इस विधानसभा चुनाव में उन्हें हराने के लिए प्रशासन ने तमाम कोशिशें की थीं। इसके अलावा खूनखराबा भी कराने का प्रयास हुआ ताकि अनिल विज या फिर उसका कोई साथी मर जाए और चुनाव को प्रभावित किया जा सके। अपनी ही सरकार पर अनिल विज के इस तरह के आरोपों ने सियासत में नई सनसनी पैदा कर दी है। अनिल विज खुद को सीएम पद का दावेदार बताते रहे हैं, लेकिन एक बार फिर से नायब सिंह सैनी को ही मौका मिला है।

यहां तक कि पार्टी हाईकमान के आदेश पर विधायक दल की मीटिंग में अनिल विज ने ही सैनी का नाम सीएम के तौर पर प्रस्तावित किया था। इस मीटिंग में अमित शाह भी मौजूद थे। अंबाला में कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देने के लिए आयोजित कार्यक्रम में अनिल विज ने कहा कि मेरे साथ चुनाव में बहुत सारे खेल हुए।

उन्होंने कहा, प्रशासन ने मुझे हराने के लिए पूरी कोशिश की। इसकी जांच होनी चाहिए। नगर निकाय ने मेरी ओर से मंजूर सड़कों पर काम ही रोक दिया। इसके अलावा और काम भी रोके गए। प्रशासन यह भी चाहता था कि इस चुनाव में खूनखराबा हो जाए और मैं या फिर मेरा कोई कार्यकर्ता मारा जाए, जिससे चुनाव पर असर हो।

### मेरे कार्यक्रम में घुस आए थे उपद्रवी, कहां थी पुलिस?

अनिल विज ने अंबाला में ही चुनाव प्रचार के दौरान का एक वाकया सुनाकर अपने आरोप दोहराए। उन्होंने कहा कि शाहपुर गांव की धर्मशाला में मैं एक कार्यक्रम के लिए गया था। इसके लिए चुनाव आयोग से परमिशन भी ली थी। आयोग जब किसी कार्यक्रम की परमिशन देता है तो उसके लिए पुलिस से एनओसी भी ली जाती है। मैं जब कार्यक्रम में गया तो वहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। इसी दौरान बड़ी संख्या में लोग हॉल में घुस आए।

इन लोगों के पास लाठी और डंडे थे और इसी दौरान लड़ाई शुरू हो गई। यदि इस लड़ाई में कुछ हो जाता तो गलत होता। मैंने अपना धीरज नहीं खोया, लेकिन यह सवाल पूछना चाहूंगा कि आखिर उस दौरान पुलिस कहां चली गई थी।

### घटना से एक दिन पहले वापस ली गई मेरी आधी सुरक्षा

अनिल विज ने अपने आरोप को और आगे बढ़ाते हुए कहा कि मेरे पास जेड सिक्योरिटी थी। लेकिन घटना से पहले उनकी आधी सुरक्षा वापस ले ली गई थी। आखिर उस दिन सीआईडी कहां थी और उसे पहले से पता क्यों नहीं लगा कि वहां क्या होने वाला है। इसी तरह की एक घटना गरनाला गांव में हुई। मैंने कार्यक्रम में जाने से पहले ही डीजीपी, डीसी, चुनाव आयोग और रिटर्निंग ऑफिसर को बताया था कि वहां मेरा प्रोग्राम है। वहां लड़ाई भी हुई। यदि वहां पर कुछ अप्रिय हो जाता तो उसका जिम्मेदार आखिर कौन होता। पुलिस प्रशासन पूरी ताकत लगा रहा था कि अनिल विज हार जाए, लेकिन कुछ कार्यकर्ता बागी हो गए और उनके ही समर्थन से मुझे विजय मिल पाई।

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव : भाजपा ने वोट जिहाद से निपटने संघ से मांगी मदद

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव अपने चरम पर है और अब अनेक सीटों पर मुकाबले की स्थिति भी पूरी तरह से साफ हो गई है। भाजपा ने पिछले लोकसभा चुनाव में हुई हार से सबक लेते हुए अपनी रणनीति में बदलाव किए हैं। राज्य के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने अपने ताजा बयान में कहा कि इस बार भाजपा ने वोट जिहाद और उपद्रवियों से निपटने के लिए संघ से मदद मांगी है।

एक साक्षात्कार में फडणवीस ने बताया कि वे संघ के स्वयंसेवकों के संपर्क में हैं, हालांकि संघ की भूमिका राजनीतिक रूप से तटस्थ रहती है। फडणवीस का यह बयान महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हाल ही में कहा था कि पार्टी अब संघ की सहायता के बिना अपने दम पर चुनाव लड़ने में सक्षम है। इस बयान से यह चर्चा उठी कि भाजपा और संघ के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। फडणवीस ने लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार के लिए वोट जिहाद को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने धुले लोकसभा सीट का उदाहरण देते हुए कहा कि मालेगांव विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को बड़ा झटका लगा है, जहां एमवीए को 1.94 लाख वोट मिले और भाजपा चार हजार वोटों से हार गई। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के खिलाफ फतवे जारी किए गए थे और अल्पसंख्यकों के बीच यह भ्रम पैदा किया गया कि उनके साथ धोखा हुआ है।फडणवीस ने राहुल गांधी पर सीधा हमला बोला और कहा कि वह उपद्रवियों और अर्बन नक्सल के प्रभाव में हैं। उनकी विचारधारा वामपंथ की ओर झुक गई है। उन्होंने राहुल पर अमेरिका में आरक्षण समाप्त करने की बात करने का आरोप भी लगाया। इसके अलावा, फडणवीस ने दावा किया कि राज्य भाजपा अध्यक्ष नाना पटोले ने भी महायुती की लहर को लेकर आत्मविश्वास जताया है। उन्होंने लड़की बहिन योजना को एक गेम चेंजर बताते हुए कहा कि इसने महिलाओं में उम्मीद जगाई है ।























